CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

मुरादाबाद, रविवार 24 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 9 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 29 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश की प्रगति के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान पेज 2



भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते खेल टाइम्स



सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने पेज 11



पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी वाणी कपूर बॉलीवुड

# उत्तराखंड में नहीं थम रहा आपदा की विभीषिका का दंश

## थराली आबादी क्षेत्र में टुनरी गदेरे ने मचाया गदर, एक की मौत, सीएम धामी कर रहे निगरानी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**चमोली /देहरादून।** उत्तराखंड में आपदा का दंश रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार के मानसून में ही कुछ दिनों पहले धराली आपदा, फिर स्याना चट्टी की झील और अब थराली कस्बे में आपदा का दर्द सहना पड़ रहा है।

बीती रात तहसील थराली के अंतर्गत टुनरी गदेरे में पानी बढ़ने के कारण तहसील परिसर, चेपड़ो बाजार, कोटदीप बाजार और कुछ घरों में 1 से 2 फीट मलबा घुस गया और कुछ वाहन भी मलबे में दबे है। रा.उ.नि. थराली द्वारा बताया गया कि ग्राम संगवाड़ा में एक मकान में मलबा आने के कारण एक लड़की मलबे में दब गई थी जिसके शव को डीडीआरएफ थराली के जवानों के द्वारा रेस्क्यू किया गया। इसके अलावा अतिवृष्टि के कारण ग्राम चेपड़ो में एक व्यक्ति लापता है जिसकी खोजबीन प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुटा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर राहत-बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं। शनिवार को मौके पर जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग, डीडीआरएफ के सात जवान, एनडीआरएफ के 27 जवान, एसडीआरएफ के 12 जवान, एसएसबी ग्वालदम के 12 जवान, बीआरओ, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है।

■ तेजी से चल रहे राहत कार्य, प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी व एसएसबी की टीमें जुटीं

### थराली आपदा : सीएम धामी ने दु:ख जताया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जनपद के थराली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बादल फटने के कारण मलबे में दबने से एक युवती के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना पर उनके सुरक्षित व सकुशल होने की कामना की है। इस बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस, आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में जुट गई हैं।

# मखाना किसानों की दुर्दशा के लिए सरकार दोषी: राहुल

पटना, वार्ता

**लोकसभा में** नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला और कहा कि दलित और पिछड़े किसानों, खासकर बिहार के मखाना उत्पादकों की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है।

श्री गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि वोट चोरी करने वाली सरकार अति पिछड़े, दलित मजदूरों और किसानों की न तो कद्र करती है और न ही उनकी परवाह करती है। वर्तमान सरकार बिहार की गरीब जनता को ना तो न्याय दे रही है और ना ही उनकी आय के साधन बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार और आजीविका का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और हमारा गठबंधन ध्यान रखेगा कि गरीब जनता इसे खो ना दे। श्री गांधी ने बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मखाना किसानों से उनके खेतों में मुलाकात की। और उनकी शिकायतें सुनीं।

■ वोट चोरी करने वाली सरकार किसानों की कद्र नहीं करती

### प्रियंका, अखिलेश, स्टालिन व सोरेन यात्रा में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** अध्यक्ष राहुल गांधी की वोट चोरी के खिलाफ बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही इंडिया गठबंधन के अखिलेश यादव, एम के स्टालिन तथा हेमंत सोरेन जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे।

### पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**आजमगढ़।** उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आजमगढ़ जिले के जहानागंज क्षेत्र में शनिवार तड़के एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। एसटीएफ वाराणसी इकाई को सूचना मिली थी कि लूट और हत्या के मामलों में वांछित एक लाख रुपये का इनामी अपराधी शंकर कनौजिया आजमगढ़ क्षेत्र में अपने गिरोह के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर निरीक्षक पुनीत परिहार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आलोक सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल चौरसिया, सुमित सिंह और राजेंद्र पांडेय की टीम ने जहानागंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान शंकर कनौजिया ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस टीम के सदस्य बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से शंकर कनौजिया गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पूर्व जज का बयान अपमानजनक: एससीडब्ल्यूएलए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ (एससीडब्ल्यूएलए) ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू की टिप्पणी को चौंकाने वाला और अपमानजनक बताया है। काटजू ने 20 अगस्त को सोशल मीडिया पर लिखा था कि जिन महिला वकीलों ने मुझे आंख मारी, मैंने उनके पक्ष में फैसला दिया। एससीडब्ल्यूएलए ने शनिवार को कहा कि यह बयान हर महिला वकील की गरिमा, ईमानदारी और पेशेवर पहचान पर सीधा हमला है। ऐसे शब्द महिलाओं की मेहनत और योग्यता को कमतर दिखाते हैं। एससीडब्ल्यूएलए ने कहा एक पूर्व जज, जिन्हें कभी संविधान की रक्षा और न्यायिक मूल्यों को बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उनसे ऐसी सोच की उम्मीद नहीं थी। ऐसे बयान न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं और समाज में गलत धारणाओं को बढ़ावा देते हैं।

# भारत ने की अमेरिकी पोस्टल सर्विस सस्पेंड

## अब अमेरिका जाने वाले सभी सामानों पर लगेगी ड्यूटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ट्रम्प के टैरिफ के जवाब में भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी तरह के डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड करने जा रहा है। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। शनिवार को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी।

पोस्टल डिपार्टमेंट ने कहा कि 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक सामानों पर देश-विशेष इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट (आईईईपीए) टैरिफ स्ट्रक्चर के अनुसार कस्टम ड्यूटी देनी होगी। चाहे उनकी कीमत कितनी भी हो। हालांकि, 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपये) तक की कीमत वाले गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी। ये फैसला अमेरिकी प्रशासन के 30 जुलाई को जारी किए गए कार्यकारी आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें 800 डॉलर (करीब 70 हजार रुपये) तक की कीमत वाले सामान पर दी जाने वाली ड्यूटी-फ्री छूट को खत्म कर दिया गया है। डाक सेवाओं का बंद होना उस समय हो रहा है जब भारत और अमेरिका के बीच बिजनेस टेंशन बढ़ रही है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। वहीं, रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ पेनल्टी के रूप में लगाया है। इससे भारत पर टोटल अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है।




■ महज 100 डॉलर तक के गिफ्ट पर छूट मिलेगी

### भारत-अमेरिका की कट्टी नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड को लेकर बातचीत जारी है और उनके बीच कोई 'कट्टी (झगड़ा)' नहीं हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में शनिवार को बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहा है। रूसी तेल खरीद पर उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हित को देखते हुए ही फैसले लेगा।

### जयशंकर ने ट्रम्प को दिखाया आईना कहा: पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का दावा कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने आईना दिखाया। विदेश मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि हमने पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। पाकिस्तान के साथ मध्यस्थता को लेकर भारत का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है और आगे भी रहेगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मुद्दे पर हमने 1970 से लेकर अब तक 50 साल में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत में हमेशा से राष्ट्रीय सहमति रही है कि हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में मध्यस्थता स्वीकार नहीं करते हैं। जब व्यापार की बात आती है, किसानों के हितों की बात आती है, जब हमारी रणनीतिक स्वायत्तता की बात आती है, जब मध्यस्थता के विरोध की बात आती है, तो सरकार बहुत स्पष्ट है।



# रिलायंस कम्युनिकेशंस पर 2000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का केस दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों की तलाशी ली। इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी आरकॉम और उसके प्रमोटर निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही है। सीबीआई ने यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर की है, जिसने 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद एजेंसी से संपर्क किया था। यह कार्रवाई आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निर्देशों और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार की गई थी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था कि 24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी के वर्गीकरण की सूचना दी थी और अब वह सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया था कि आरकाम में एसबीआई के ऋण जोखिम में 26 अगस्त, 2016 से प्रभावी 2,227.64 करोड़ रुपये की निधि-आधारित मूल बकाया राशि (साथ ही अर्जित ब्याज और व्यय) और 786.52 करोड़ रुपये की गैर-निधि-आधारित बैंक गारंटी शामिल है। आरकॉम दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। समाधान योजना को लेनदारों की समिति की ओर से अनुमोदित किया गया था और 6 मार्च, 2020 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई में दायर किया गया था।



■ सीबीआई ने अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ली

### भारतीय एयरस्पेस पाक के लिए 24 सितम्बर तक बंद

**नई दिल्ली।** भारत ने 24 सितम्बर तक पाकिस्तान के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखने का फैसला किया है। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद एयरस्पेस बंद करने का फैसला लिया था।

# जापान-यूरोप भारतीय स्पेस मिशन को लेकर उत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इसरो ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर भारत मंडपम में कार्यक्रम का आयोजन किया। द्वितीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने भाग लिया। अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं कि हम क्या करने की योजना बना रहे हैं।

दो साल पहले हमारे पास यह उत्साह नहीं था। एक साल के अंदर हम यह उत्साह कायम करने में कामयाब रहे हैं। हमारे पास आगे बढ़ने के लिए कई बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। जैसे गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर उतरना। इसके लिए यहां बैठे सभी बच्चों को उत्साहित होना चाहिए। हमें आपकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि बड़ी और साहसिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें पूरे देश के संसाधनों की आवश्यकता है। यह उत्साह जो मैं यहां देख रहा हूं, वह इस हाल तक सीमित नहीं है। भारत के लिए यह उत्साह पूरी दुनिया में मौजूद है। जापानी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियां हमारे मिशन को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। जहां तक अंतरिक्ष अन्वेषण का सवाल है, यह हमारे देश के लिए स्वर्णिम काल है। इससे पहले कार्यक्रम में इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहिए।



■ अंतरिक्ष दिवस पर भारत मंडपम में कार्यक्रम में बोले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

### भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है।

■ अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल कर रहा भारत

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-औं-औं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव की गरिमा बनी रहे: विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से पहल इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि वे चाहते हैं कि इस चुनाव की गरिमा बनी रहे और ये अब तक के सभ्य चुनावों में से एक हो। कोई किसी पर पर्सनल अटैक न करे। विपक्ष उम्मीदवार ने कहा- राधाकृष्णन और मेरे बीच कोई निजी लड़ाई नहीं है। हम कभी एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि मुकाबला व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच हो। यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन आरएसएस के सदस्य रहे हैं। मैं उनसे नहीं बल्कि उस विचारधारा से असहमत हूं, जिससे वे जुड़े हैं।

### देश की प्रगति को एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की प्रगति के लिए जरूरी बताते हुए देशवासियों से इस अभियान के लिए लोगों में अलख जगाने की अपील की। राष्ट्रीय राजधानी के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते चौहान ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे हैं, लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने इसका समर्थन करते हुए इसे देश की प्रगति और विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के संसाधनों, समय और ऊर्जा की बर्बादी के साथ ही इससे विकास कार्य बाधित होते हैं।

### उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के अधिवेशन में बोले सीएम योगी

# सुशासन के लिए सुगम व त्वरित न्याय जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने संघ की स्मारिका का अनवारण भी किया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है।

योगी शनिवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए न्यायपालिका को सुशासन का रक्षक बताया और कहा कि इसके सुदृढ़ीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होने संघ की स्मारिका का अनावरण भी किया। योगी ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपए का कॉर्पस फंड देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को 'न्यायिक अधिक.ारियों का महाकुंभ' बताते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल एकता और परस्पर सहयोग का प्रतीक है, बल्कि व्यावसायिक दक्षता और बेस्ट प्रैक्टिस को बढ़ावा देने का भी मंच है। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित न्यायमूर्तियों, अवकाश प्राप्त न्यायमूर्तियों और प्रदेश भर से आए न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिवेशन ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब भारत अपने संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रवेश कर चुका है। सीएम ने कहा कि यह अधिवेशन न्यायिक अधिकारियों की एकता और उनकी पेशेवर दक्षता को प्रदर्शित करता है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय मौजूद है। प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ और लखनऊ में इसकी बेंच प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

### चंद्रयान-3 मिशन भारत के असीम सामर्थ्य का प्रतीक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रयान-3 अभियान को याद करते हुए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। दरअसल आज ही के दिन चंद्रयान 3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग हुई थी। योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आज ही के दिन वर्ष 2023 में हमारे महान वैज्ञानिकों ने भारत के गौरव 'चंद्रयान-3' की चंद्रमा पर सॉफ्ट लंडिंग कराकर वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी थी। यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने लिखा- राष्ट्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के सम्मान में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जो हमें भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा पर गर्व का अनुभव कराता है। उन्होंने कहा है कि आज 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर उन महान भारतीय वैज्ञानिकों का अभिनंदन, जिनकी साधना, अनथक परिश्रम और अद्‌भुत प्रतिभा ने 'नए भारत' को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित किया है।सभी को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं।

# डिस्कॉम एसोसिएशन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ विद्युत समिति ने खट्टर को भेजा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत निजीकरण के खिलाफ आंदोलित अधिकारियों और कर्मचारियों ने शनिवार को भी प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया।

इस बीच विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र भेजकर मांग की है कि विद्युत वितरण निगमों की डिस्कॉम एसोसिएशन द्वारा समानान्तर सरकार चलाए जाने के विरुद्ध प्रभावी और सख्त कार्रवाई करें। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि डिस्कॉम एसोसिएशन न केवल देश के विद्युत वितरण निगमों से चन्दे के रुप में भारी धनराशि की वसूली कर रहा है अपितु नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप कर समानान्तर सरकार चला रहा है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने केंद्रीय विद्युत मंत्री से मांग की है कि ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वह या तो डिस्कॉम एसोसिएशन छोड़ दें अथवा प्रशासनिक पद छोड़ दें, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। संघर्ष समिति ने बताया कि भारत सरकार के पूर्व विद्युत सचिव सेवा निवृत्त आईएएस अधिकारी आलोक कुमार कथित ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल बने हुए हैं। आलोक कुमार ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पैड पर पूर्व केंद्रीय विद्युत सचिव के नाते देश के विद्युत वितरण निगमों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकों को पत्र भेजकर चन्दा भी मांग रहे हैं।

# भाजपा-ईसी व अधिकारी की तिकड़ी डाल रही है वोटों की डकैती: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग, भाजपा और अधिकारियों पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिक.ारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रहे हैं।

यादव ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिक.ारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रही है। दरअसल ये वो तीन तिगाड़ा है, जिनकी साठगांठ ने देश का वर्तमान-भविष्य बिगाड़ा है। गौरतलब है कि अखिलेश यादव लगातार भाजपा और चुनाव आयोग पर हर दिन वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने अपने एक बयान में कहा था कि भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर वोटों की डकैती की है। उपचुनाव में भी वोटों की डकैती हुई है। भाजपा गरीबों का वोट कटवा रही है। समाजवादी पार्टी ने 2022 में गलत तरीके से काटे गए वोटों को लेकर आवाज उठाई, तो चुनाव आयोग ने नोटिस भेज दिया था। समा.जवादी पार्टी ने वोटर लिस्ट से डिलीट किए गए 18 हजार वोटरों की सूची शपथ पत्र के साथ चुनाव आयोग को भेजी थी, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि वोट की चोरी कर लोगों का अधिकार छीन रही भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा अन्याय और उत्पीड़न है। यादव ने यहां ण्विभिन्न जिलों से आए पीडीए समाज के 65 से अधिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि भाजपा लूट का गैंग हैं। इसने संस्थानों और संसाधनों पर कब्जा कर लिया है। भाजपा के झूठ की सीमा नहीं है। यह सबसे झूठी पार्टी है। लोगों के साथ अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा है। इस सरकार में किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा लोगों के अधिकार छीन रही है। चुनावी प्रक्रिया पर डकैती डाला है।

### उत्तर प्रदेश में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा समेत कई प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सरकार ने 43 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिया है। यूपी राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 43 जिलों में एक लाख 44 हजार 945 हेक्टेयर कृषि भूमि सहित दो हजार 505 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे नौ लाख 29 हजार 828 लोग प्रभावित हुए हैं। राहत आयुक्त गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ के कारण विभिन्न जिलों में 639 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 606 मकान मालिकों को मुआवजा दिया गया है। सरकार ने 1,376 बाढ़ आश्रय स्थल स्थापित किए हैं और 91,105 बाढ़ पीड़तिों को आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया गया है।

# देश की प्रतिभा को वापस लाने के लिए संरचनात्मक परिवर्तन करें वीसी: राजनाथ



**लखनऊ।** अमेरिका से टैरिफ को लेकर चल रही तनातनी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, डीन से कहा है कि वे अपने यहां संरचनात्मक परिवर्तन कर प्रोत्साहन दें, जिससे दुनिया भर में फैली भारतीय प्रतिभा देश के लिए काम करने के लिए वापस आ जाए।

उन्होंने कहा कि इससे हमारे रिसर्च डेवलपमेंट तथा इनोवेशन इकोसिस्टम को जो बूस्ट मिलेगा, वह कहीं न कहीं हमे और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा। राजनाथ ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- हमारी भारतीय प्रतिभा जो विदेशों में काम कर रही है, उसे वहां असुविधा होने पर किसी दूसरे देश मे जाने के बजाय अपने देश में आए। चुनौतियों से चिंतित होने के बजाय हमे अवसर की ओर देखना चाहिए। जिससे आने वाले वर्षों में हम सब मिलकर भारत को सिर्फ टेक्नोलॉजी का कन्जयूमर नहीं बल्कि टेक्नोलॉजी क्रिएटर और ग्लोबल लीडर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थ व्यवस्था की जिस रैपिड रेल के हम सहयात्री हैं, उसके अगले दरवा.जे पर उन्नति, समृद्धि और खुशियां हैं। उन्होंने कहा कि यह समय भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़ने का है। हमें अपनी यूनिवर्सिटी, आईआईटी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब, कम्पनी और विचारक में एकेडमिक फ्रीडम के अवसर उपलब्ध कराने होने, जिससे यह प्रतिभा भारत मे आकर काम कर सके। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर आपकी रक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, तो कोई भी शत्रु, कोई भी विरोधी, आपकी समृद्धि पर आंख उठाकर नहीं देखेगा। उसे टारगेट करने की कोशिश नहीं करेगा। इसलिए मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ, आप लोगों के सामने कहना चाहूंगा कि रक्षा पर होने वाला खर्च विकास पर होने वाले खर्च का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जब देश की सुरक्षा व्यवस्था पर आंच आती है, तो निश्चित तौर पर देश का विकास पीछे जाता है।



**सेंसेक्स** 81306.85
**निफ्टी** 24870.10



**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113906
प्रति किलो



# यूपी ट्रेड शो में आएंगे 500 विदेशी खरीदार

लखनऊ, वार्ता

■ ग्रेटर नोएडा में 25 से होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में करीब 80 देशों से 500 से अधिक बायर्स के आने की उम्मीद है।

अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इनमें से अब तक 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने आने की पुष्टि भी कर दी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी से वृद्धि की संभावना है। इस तरह यूपीआईटीएस प्रदेश के उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोलने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि यूपीआईटीएस में ओडीओपी उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाकर इन्हें वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को फायदा होगा, बल्कि निर्यात और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह शो उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य प्रदेश को निर्यात के मामले में शीर्ष पायदान पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना है। सरकार चाहती है कि यूपी के हर जिले का हुनर वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे। सूत्रों ने बताया कि दुनिया के नौ प्रमुख रीजंस से इंटरनेशनल बायर्स का आगमन इस आयोजन को और खास बना रहा है। यूरोप और सीआईएस रीजंस से कुल 110 बायर्स के आने की संभावना है, जिनमें से 88 बायर्स (18 यूरोपीय और 6 सीआईएस देशों से) ने पहले ही सहमति दे दी है। वेस्ट एशिया से 100 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 12 देशों के 76 बायर्स अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर चुके हैं। इसी तरह साउथ ईस्ट एशिया से 80 बायर्स की उम्मीद है, जिनमें से पांच देशों के 10 बायर्स अब तक पुष्टि कर चुके हैं। साउथ एशिया रीजंस से 50 में से 30 बायर्स (3 देशों से) आने वाले हैं। वहीं, लैटिन अमेरिकी देशों से 50 बायर्स की संभावना है, जिनमें से 6 देशों के 27 बायर्स ने सहमति दी है। ओशनिया से 30 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से दो देशों के तीन बायर्स ने अपनी पुष्टि कर दी है। नॉर्थ अमेरिका से 30 बायर्स की उम्मीद है और इनमें से तीन देशों के नौ बायर्स आने को तैयार हैं। अफ्रीका रीजंस से 50 बायर्स का लक्ष्य है, जिनमें 11 देशों के 38 बायर्स पहले ही सहमति दे चुके हैं। इसके अलावा नाफ्टा रीजंस के तीन देशों से 11 बायर्स और ईस्ट अफीका के 8 देशों से 50 बायर्स ने भी यूपीआईटीएस में भागीदारी के प्रति अपनी उत्सुकता दिखाई है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार यानी 16 अगस्त को 24 कैरेट सोना 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 23 अगस्त को 99,358 रुपए पर आ गया है। यानी इसकी कीमत में 665 रुपए की गिरावट आई है। चांदी की कीमत पिछले शनिवार को 1,14,933 रुपए पर थी, जो अब 1,13,906 रुपए पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,027 रुपए कम हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,670 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,290 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,190 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,196 रुपए बढ़कर 99,358 रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल सस्ता, गेहूं महंगा, दालों व खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव, चीनी महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

**घरेलू** थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत में कमी देखी गई, जबकि गेहूं के भाव बढ़ गए। चीनी भी महंगी हुई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 13 रुपए घटकर 3,831.01 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं छह रुपए महंगा होकर 2,841.88 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 12 रुपए और मूंगफली तेल 92 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। वनस्पति में 69 रुपए तेजी देखी गई। पाम ऑयल की कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 21 रुपए की तेजी रही। सोया तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। तुअर दाल 56 रुपए टूट गई जबकि मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 26 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 35 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी की कीमतों में 12 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल चना 7963.78 रुपए, मसूर काली 8108.34 रुपए, मूंग दाल 10127.90 रुपए, उड़द दाल 10448.87 रुपए, अरहर दाल 10721.06 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : गेहूं दड़ा 2841.88 रुपए और चावल 3831.01 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4314.10 रुपए और गुड़ 4964.77 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17819.49 रुपए, मूंगफली तेल 17696.78 रुपए रहा।

# दिल्ली से खाटू श्याम हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

■ अब मथुरा से वृंदावन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी

**नई दिल्ली।** हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली स्यंदन एविएशन ने शनिवार को दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए दैनिक उड़ान शुरू की।

स्यंदन एविएशन के प्रबंध निदेशक अभिनव सहाय ने इस मौके पर बताया कि कंपनी देश के पूरे एविएशन इको सिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उसका फोकस हेलीकॉप्टर से तीर्थयात्रा पर है- ऐसे स्थलों की यात्रा जो सनातन धर्म से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसी साल मथुरा-वृंदावन के लिए भी सेवा शुरू की जाएगी। रोहिणी-खाटू श्याम जी-सालासर बाला.जी-रोहिणी का किराया 95 हजार रुपए प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोग छह घंटे में दर्शन करके उसी दिन वापस भी आ सकते हैं। पूरी यात्रा की दूरी करीब 700 किलोमीटर है। इसमें हेलीकॉप्टर के किराए के साथ दोनों मंदिरों तक परिवहन सेवा, मंदिर में वीआईपी दर्शन, प्रसाद और खाटू श्याम में आराम की व्यवस्था शामिल है। हेलीकॉप्टर सुबह 9.30 बजे रोहिणी हेलीपोर्ट से उड़ान भरेगा और अपराह्न 2.30 बजे वापस आ जाएगा। पहली उड़ान में जाने-माने कवि एवं पूर्व राजनेता कुमार विश्वास पहले यात्री बने। सहाय ने बताया कि स्यंदन एविशन चारधाम यात्रा पहले ही शुरू कर चुकी है। आज खाटू श्याम और सालासर बालाजी के लिए सेवा शुरू की गई है। अगली सेवा मथुरा और वृंदावन के लिए होगी। उन्होंने बताया कि मथुरा और वृंदावन के लिए योजना काफी आगे तक पहुंच चुकी है और यह जल्द शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स को लेकर कुछ काम बाकी है और इसके लिए लोगों को अगले साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जयपुर-मेहंद.ीपुर बालाजी मार्ग पर सेवा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह भी पाइपलाइन में है। सभी हितधारकों से बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। यदि सब ठीक रहा तो हम इस मार्ग पर भी जल्द सेवा शुरू कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी देश में एकीकृत हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। ऐसे प्रयास पहले भी किए गए हैं, लेकिन वे सफल नहीं रहे हैं, क्योंकि यह काफी चुनौतीपूर्ण परियोजना हैं, जिसमें काफी चीजों में समन्वय स्थापित करने की जरूरत होती है। साथ ही सरक.ारी संगठनों के साथ बहुत नजदीकी साझेदारी की भी आवश्यकता होती है। न सिर्फ सरकारी विभागों के साथ बल्कि सरकार का सहयोग करने वाले संगठनों के साथ भी।














**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





CMYK

# हादसे में बाइक सवार की मौत

## साथी गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नहटौर मार्ग पर ग्राम सेढा के पास हुए सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में टिंकू (27 वर्ष) पुत्र पूरन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी पवन (26 वर्ष) पुत्र सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार दोनों युवक किसी कार्य से नहटौर जा रहे थे। ग्राम सेढा के पास पीछे से आ रहे वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टिंकू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल पवन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन अस्पताल और पुलिस थाने पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# शिविर में हज यात्रियों की जांच

## हज के अरकानों के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हज पर जाने वाले जायरिनों के लिए एक दिवसीय मेडिकल स्क्रीनिंग चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में चिकित्सकों ने 60 से अधिक अकीदतमंदों के स्वास्थ्य की जाच की।

मौहल्ला नई सराय स्थित मदरसा जामाउल उलूम में आयोजित हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान, शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद कमर कासमी, हाजी अबदुल कलाम, कारी राशिद हमीदी, मुफ्ती खालिद कासमी ने संयुक्त रूप से किया। नगर के सीएचसी से आई चिकित्सक डा. अनीता, डा. सफिया सिराज, डा.



अंकित, डा. रजनीश आदि ने हज पर जाने वाले करीब 60 जायरिनों के मेडिकल स्क्रीनिंग चैकअप किया। उन्होंने लोगों के सांस, खांसी, टीबी आदि से सम्बन्धित रोगों की नि:शुल्क जांच की। शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद कमर कासमी ने हज के तरीके ओर जरूरी अरकानों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

इस मौके पर तसलीम अहमद, मोहम्मद जावेद, पूर्व सभासद मोहम्मद राशिद, मुफ्ती इफ्तेखारुल हसन, मौलाना असलम कासमी, मौलाना फैजान कासमी, मुफ्ती अकरम कासमी, कारी नसीर, कारी इरशाद अखी, राशिद अंसारी, हाजी वाहजुद्दीन अंसारी, जावेद अंसारी, हाफिज जमील अंसारी, शराफत अंसारी, जावेद अख्तर गुड्डू आदि शामिल रहे। संचालन मुफ्ती खालिद कासमी ने किया।

# बीस रुपये में कर रहे बैराज पार

## बाइकों से ढो रहे सवारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बैराज को यातायात के लिए बंद कर दिए जाने से बाइक चालकों को नया रोजगार मिल गया है। बेरोजगार युवक बाइक से बैराज पार कराने के प्रति सवारी बीस-बीस रूपए वसूल रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार बैराज में आई खराबी के बाद इसे भारी वाहनों सहित अन्य चौपहिया वाहनों के लिए बंद कर दिया था। जिसकी वजह से बिजनौर से गंगा पार मेरठ, मुजफ्फरनगर आदि जगह जाने वालों को लम्बी दूरी तय कर सफर पूरा करना पड़ रहा है। जिसमें ज्यादा किराया तो खर्च करना ही पड़ रहा है। साथ ही वक्त की भी बर्बादी हो रही है। बैराज की मरम्मत का काम कछुआ गति से चल रहा है। पूर्व में खराबी की जांच के नाम पर लम्बा वक्त बर्बाद कर दिया गया था।




वक्त और पैसों की बर्बादी को देखते हुए यात्री अब विभिन्न वाहनों से बैराज की दूसरी तरफ पहुंचते हैं। बैराज पार करने के बाद सफर पूरा करने के लिए दूसरा वाहन मिल जाता है। जो यात्री कमजोर नहीं होते हैं, वह तो पैदल ही बैराज पार कर देते हैं। मगर कमजोर, बीमार और बुजुर्ग यात्री पैदल बैराज पार नहीं कर पाते हैं। जिसकी वजह से बाइक एवं ई-रिक्शा चालकों को नया रोजगार मिल गया है। वह बैराज पार कराने के प्रति सवारी बीस रूपए वसूल रहे हैं। भले ही बीस रूपए खर्च हो रहे हैं, मगर इसका फायदा भी हो रहा है। कम से कम पैदल तो नहीं चलना पड़ रहा है। साथ ही दिन छिपने के बाद यहां पर किसी तरह का वाहन नहीं मिल पाता है। जिसकी वजह से यात्री सिर्फ दिन में ही सफर करते हैं।

# चार हत्यारोपी भाइयों को कोर्ट ने किया बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने मारपीट कर एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में हुसैन, बाबर, अकबर और हुमायूं को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया है।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनिल चौधरी के अनुसार मौहम्मद सलमान ने थाना नगीना में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 17 अप्रैल 2014 को उसकी बहन शबाना के बुलाने पर उसके पिता इरफान, भाई सद्दाम और मां सन्नो शबाना के घर मौहल्ला चौधरियान थाना नगीना पहुंचे। वहां पर शहाना के पति हुमायूं और उसके भाई हुसैन, बाबर और अकबर से कहासुनी हो गई थी।

उसके परिजनों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। उक्त आरोपियों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर इरफान को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से चले गए। गंभीर रूप से घायल इरफान को जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ रैफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान 22 अप्रैल को इरफान की मौत हो गई।

उक्त मामले की विवेचना में पता चला कि शबाना की शादी हुमायूं के साथ हुई थी। हुमायूं और उसके भाई दहेज की मांग को लेकर शबाना के साथ आए दिन मारपीट करते थे। घटना वाले दिन भी उक्त आरोपी शबाना के साथ मारपीट कर रहे थे। तब वह पहुंचे तो उक्त आरो. पियों ने हमलावर शबाना के पिता इरफान की हत्या कर दी। उक्त मामले में आरोपी हुसैन, बाबर, अकबर और हुमायूं को बरी कर दिया है।

# दवा लेकर घर लौट रही महिला से छेड़छाड़

## पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कस्बे में महिलाओं की सुरक्षा एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। मेडिकल स्टोर से दवा लेकर लौट रही एक महिला के साथ मोहल्ला अफगानान के पास कुछ दबंग युवकों ने अभद्रता कर दी। महिला के शोर मचाने पर तोड़फोड़ करते हुए आरोपी मौके से भाग निकले, लेकिन जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए।

जानकारी के मुताबिक महिला शाम करीब सात बजे कस्बे के एक मेडिकल स्टोर से दवा लेकर निकल रही थी। इसी दौरान उसने एक टेलीकॉम की दुकान पर मोबाइल ठीक कराया। दुकान से निकलते ही अच्छू उर्फ नीरा टेलीकॉम, अजहर उर्फ जर्रा और उनके साथी वहां आ धमके। आरोप है कि उन्होंने महिला के साथ बदसलूकी शुरू कर दी और गंदी-गंदी बातें कहने लगे।

महिला ने साहस जुटाकर जोर-जोर से चिल्लाया तो मोहल्ले के लोग वहां पहुंच गए। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप पर महिला तो सुरक्षित घर पहुंच गई, लेकिन इस दौरान उसकी दवाइयाँ बिखर गईं और मोबाइल भी गिरकर खराब हो गया। आरोप है कि दबंग युवक लंबे समय से इलाके में दहशत फैला रहे हैं और आए दिन इस तरह की हरकतों से क्षेत्र का माहौल बिगाड़ रहे हैं। लोग डर के कारण खुलकर सामने नहीं आ पाते।

पीड़िता ने पहले तो घटना की शिकायत करने से परहेज किया, लेकिन अगले दिन साहस बटोरकर थाना धामपुर पहुंची और तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस का कहना है कि महिला की शिकायत दर्ज कर ली गई है। आरोपियों के खिलाफ जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

# पेड़ पर लटका मिला अजगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मालन नदी के समीप कछियाना बस्ती में स्कूल जा रहे बच्चों को आज सुबह बेरी के पेड़ पर अजगर सांप लटका हुआ दिखाई दिया। जिसे देख कर वहां पर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। कछियाना बस्ती निवासी भाजपा नेत्री गायत्री निराला द्वारा अजगर सांप की सूचना वन विभाग को दी गई।

सूचना पर पहुंचे उप क्षेत्रीय वन अधिकारी हरगोविंद सिंह, वन दरोगा परशुराम, दैनिक श्रमिक मोहम्मद यामीन, दैनिक श्रमिक मोहम्मद अकरम, वन क्षेत्राधिकारी हरगो. विंद सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि एसडीएम शैलेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार और उपनिरीक्षक मोहम्मद कय्यूम द्वारा डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह को सूचना दी गई। टीम के साथ मौके पर पहुंच कर अजगर सांप को



कछियाना बस्ती के स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के उपरांत अजगर सांप को वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

# आम आदमी के बीच निखर रही राहुल गांधी की छवि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों का खुलासा करते हुए जोरदार हमला बोलने से आम आदमी के बीच उनकी छवि तेजी के साथ निखर रही है।

गौरतलब है कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और आरएसएस पर हमला बोल रहे हैं। उनके द्वारा आम आदमी से जुड़े मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया जा रहा है। वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग की उन्होंने जिस तरह से पोल खोली है, उससे आम आदमी भी कहीं न कहीं सहमत है। अक्स लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के दौरान देखा जाता है कि मतदाता जब अपने आधार कार्ड व वोटर आईडी लेकर पोलिंग बूथ पर जाते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि वोटर लिस्ट में उनका नाम ही नहीं है। कई बार पूरे के पूरे परिवार के ही नाम साफ कर दिए जाते हैं। मतदाता कहते हैं कि पिछले चुनाव में तो उन्होंने वोट डाला था और इस बार उनका नाम क्यों काट दिया गया। इस सवाल का उन्हें कोई



## पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की जरूरत

संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है। मायूस होकर ऐसे मतदाताओं को वापस लौटना पड़ता है। इस तरह के मतदाता कोई एक या दो नहीं होते हैं। एक-एक पोलिंग बूथों पर बड़ी संख्या में इस तरह के वोट कटे हुए मतदाताओं को वापस लौटना पड़ता है। अहम बात यह भी है कि सभी पोलिंग बूथों पर ऐसा नहीं होता है। राहुल गांधी ने जिस तरह यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया है, उसमें आम आदमी को सच्चाई नजर आ रही है। पीड़ितों की सहानुभूति उनके साथ दिखाई दे रही है। राहुल गांधी का आक्रामक रूख आम आदमी को पसंद आ रहा है। आम आदमी का मानना है कि विपक्ष को अपनी भूमिका ईमानदारी के साथ निभानी चाहिए। इससे सत्ता पक्ष निरंकुश नहीं हो पाता है और जनहित में कार्य करता है। हालांकि विपक्ष के सभी नेता एवं जनपद स्तर पर विपक्ष के विधायक व अन्य नेता सत्तापक्ष से डरे हुए है। बसपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर जनपद में मौजूद पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं के द्वारा कभी भी विपक्ष की भूमिका नहीं निभाई जाती है। सिर्फ राहुल गांधी एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ही भाजपा की जनविरोधी नीतियों की पोल खोल रहे हैं। राहुल गांधी को आम आदमी भविष्य के प्रधानमंत्री के तौर पर देख रहा है। आम आदमी का मानना है कि राहुल गांधी को एक मौका जरूर मिलना चाहिए। ताकि पता चल सके कि वह देश की भलाई के लिए क्या कर सकते हैं। आम आदमी का मानना है कि राहुल गांधी मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से काफी बेहतर साबित हो सकते हैं। वह ऊर्जावान नेता हैं एवं उनके अंदर देश व जनता की भलाई के लिए कार्य करने की मजबूत इच्छा शक्ति है।

# धामपुर-नहटौर मार्ग की हालत हुई खस्ता

## वाहनों में से निकल रही आवाजें, हादसों से परेशान हो रहे लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वैसे तो मूसलाधार बारिश एवं नदी नालों में बाढ़ की वजह से जनपद की ज्यादातर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मगर धामपुर-नहटौर व हल्दौर-बिजनौर मार्ग की हालत सबसे ज्यादा खस्ता हो गई है। इन दोनों मार्गों पर जगह-जगह काफी गहरे गड्ढे हो गए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश एवं कई जगह नदियों एवं नालों का पानी उफन कर सड़कों पर आ जाने से यह सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। सड़कों पर गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। जनपद की ज्यादातर सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। हालत यह है कि गड्ढों में सड़कें ढूंढनी पड़ रही हे। रात के समय यह गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं। बाइक सवार इसकी वजह से हादसों के शिकार हो रहे हैं। बीती रात धामपुर-नहटौर मार्ग पर कश्मीरी के समीप गड्ढ़े में बाइक गिर जाने की





वजह से एक बाइक सवार हादसे का शिकार हो गया था। उसके सिर में गंभीर चोटें आई थी। गर्भवती महिलाओं को इन मार्गों पर सफर करना महंगा पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा कमीशन खा कर बनाई गई इन सड़कों की मरम्मत एवं पुन: निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया है। अलबत्ता धामपुर-नहटौर मार्ग पर गड्ढ़ों को बजरी, रेत व मिट्टी से भरा जा रहा है। जो भारी वाहनों के पहियों से निकल कर बाहर आ रही है। बजरी उछल कर अन्य वाहनों व बाइक सवारों को लग रही हैं। इस तरह से गड्ढ़ों को भरने से समस्या का हल होने वाला नहीं है। बिजनौर-मुरादाबाद मार्ग पर सबसे ज्यादा वाहन चलते हैं। बैराज मार्ग बंद होने की वजह से फिलहाल इस मार्ग पर वाहनों की संख्या कम है। मुख्य मार्ग होने के बावजूद न तो इस मार्ग का लम्बा समय बीत जाने के बाद भी पुन: निर्माण हो रहा है और न ही गड्ढ़ों को भरा जा रहा है। जनपद का कोई भी जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी इस बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जनप्रति. निधि तो जनसमस्याओं को लेकर कतई भी गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं। जिसकी सजा आज जनता को भुगतनी पड़ रही है।

# कुत्ते को खाना खिला रही महिला पर बरसाए थप्पड़

**गाजियाबाद।** विजय नगर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले सिद्धार्थ विहार के ब्रह्मपुत्र एनक्लेव सोसायटी में आवारा कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर एक शख्स ऐसा भड़का कि उसने एक महिला को सरेआम थप्पड़ बरसा दिए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विजयनगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को संज्ञान में लेकर कारवाई की और सुसंगत धाराओं में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने अब आरोपी को हिरासत में लिया है। मामले की छानबीन जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह घटना उस वक्त घटी जब एक डॉग लवर महिला सोसायटी में आवारा कुत्तों को खाना खिला रही थी। इसी दौरान सोसायटी के एक युवक ने महिला को रोकने की कोशिश की।

## एक नजर

### गुमशुदा बच्चा परिवार को सौंपा



**मंडावली।** आर्य सुगंध संस्थान दिव्यांग आश्रम द्वारा कई दिनों से बिछड़े हुए अमन नाम के एक बच्चे को उसके परिवार से मिलवाया। आर्य सुगंध संस्थान में बाल कल्याण समिति बिजनौर द्वारा दो बच्चे भेजे गए थे। आर्य सुगंध संस्थान ने बड़ी मशक्कत के बाद कोतवाली देहात में इस बच्चे के माता-पिता की छानबीन कर के अमन की माँ को उसे सौंपा। अमन का परिवार अपने बच्चों को पाकर काफी प्रसन्न नजर आया। खासकर उसके पिता जो उसे ढूंढने के लिए सूरत से भी आ गए थे। जिसकी सूचना बाल कल्याण समिति बिजनौर को भी दे दी गई। संस्थान ने इसी तरह कई अन्य बिछड़े हुए बच्चों को उनके परिवारों से मिलवाया है। 4 दिन पहले ये बच्चा मदरसे से भाग गया था। आर्य सुगंध संस्था की प्रबंधिका कमलेश आर्य द्वारा सूचना दी गई है कि दूसरा बच्चा जिगर है, जो पंजाब का है। यह बच्चा 4 साल की उम्र से खोया हुआ है, जो अब 12 साल का हो गया है।

### चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने सुनी समस्याएं



**नजीबाबाद।** साहनपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने वार्ड एक मोहल्ला रवापुरी एवं वार्ड दो में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय जनता की समस्याए सुनीं। इसके बाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में अध्यापिका योगिता गुप्ता से कॉलेज की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और समाधान हेतु आश्वासन दिया। इस मौके पर कार्यालय लिपिक सादिक बेग, आरिफ, सफाई नायक एवं सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### घर में सो रहे युवक पर हमला



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम सदरूद्दीन नगर निवासी अनिल कुमार अपने घर की गैलरी में मच्छरदानी लगाकर सोया हुआ था। रात करीब दो बजे अज्ञात व्यक्ति ने उन पर पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके ऊपर करीब सात से आठ वार किए गए। शोर शराबा होने पर आरोपी छत के रास्ते से फरार हो गया। वारदात के बाद आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, लेकिन किसी भी फुटेज में आरोपी दिखाई नही दिया है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि आरोपी को सीसीटीवी की जानकारी थी और वह सीसीटीवी से ही बचकर घर में घुसा होगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घायल की पत्नी शिवानी ने पुलिस को तहरीर दी है।

### थाना दिवस में सुनी समस्याएं



**अफजलगढ़।** स्थानीय थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। समाधान दिवस की अध्यक्षता सीओ आलोक सिंह ने की। फरियाद लेकर आए ग्रामीणों ने भूमि विवाद, रास्ते की परेशानी, पारिवारिक समस्याएं समेत कई विषयों पर अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी। सीओ आलोक सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष व समयबद्ध समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। साथ ही क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु समाधान दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना दिवस के दौरान शांतिपूर्ण माहौल में जनसुनवाई संपन्न हुई। जहां प्रशासनिक सक्रियता से लोगों में संतोष का भाव देखा गया। थाना दिवस के मोके पर कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, एसआई मनोज कुमार, एसआई शेर सिंह, लेखपाल सहित आदि मौजूद रहे।

### मेले से बाइक चोरी

**नहटौर।** ग्राम मलकपुर निवासी जयप्रकाश गिरी का पुत्र बल्लाशेरपुर में मेला देखने के लिए गया था। वह मेला परिसर में बाईक खड़ी कर के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए चला गया। वह जब प्रसाद चढ़ा कर वापस लौटा, तो उसकी बाईक गायब थी। जयप्रकाश गिरी की ओर से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह सक्रिय है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
‘शाह टाइम्स’
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# धनौरा में परिवार सत्यापन की अद्भुत लीला

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कहते हैं कि देश की अदालतों में तारीख पर तारीख मिलती है, लेकिन मंडी धनौरा के कार्यालयों में तो आज नहीं तो कल आइए ही स्थायी डायलॉग बन चुका है। परिवार सत्यापन कराने वाले लोग यहां रोज चक्कर काटते हैं और लौटते वक्त सोचते हैं शायद कल भाग्य चमक जाए।

परिवार सत्यापन प्रमाण पत्र लेने तहसील आए बछरायूं निवासी एक युवक ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि दो दिन से चक्कर काट रहा था आज भी मना कर दिया कि कल आना लेकिन जब जेब से पैसे निकालकर दिए तब जाकर प्रमाण पत्र मिला। तहसील का हाल अब किसी खेल प्रतियोगिता से कम नहीं। कभी फाइलें दौड़ में पीछे छूट जाती हैं, तो कभी हस्ताक्षर होने के बावजूद मंजिल तक पहुंचने में हफ्तों लग जाते हैं। और अगर जेब ठंडी रहे तो समझ लीजिए फाइल भी सर्दियों की धूप की तरह सुस्त हो जाती है। लोग बताते हैं कि सत्यापन की फाइलें बड़ी अजीब स्वभाव वाली हैं बिना इशारे के ये हिलती नहीं, बिना गरमाहट के ये खुलती नहीं, और बिना तड़पाए ये मिलती नहीं। फरियादी का हाल भी निराला है। कोई किसान है जो अपने परिवार का रिकॉर्ड सही कराने आया है, कोई गरीब है जिसे सरकारी योजना का लाभ चाहिए। लेकिन सबकी कहानी एक जैसी फाइलें मिलती हैं तो सिर्फ वादों में, असलियत में मिलती हैं तभी जब चायख्रपानी की प्लेट सज जाए। तहसील के गलियारे अब मजाक में भागख्रदौड़ एक्सप्रेस कहे जाने लगे हैं। लोग सुबह आते हैं, शाम को लौटते हैं और बीच में सैकड़ों बार सुनते हैं भाई साहब, अभी नहींङ्क कल आइए। सबसे बड़ी दिलचस्पी की बात यह है कि जैसे ही फरियादी हल्के से जेब पर हाथ फेर ले, तो जिम्मदार बाबू के चेहरे पर मुस्कान और फाइल पर रफ्तार दोनों साथ-साथ आ जाते हैं। पल भर में कागज बाहर और सत्यापन हाजिर। कुल मिलाकर परिवार सत्यापन कोई सरकारी प्रक्रिया कम और धैर्य, दौड़भाग व जेब की परीक्षा ज्यादा लगने लगी है। यहां कहावत बिल्कुल सच हो गई है बिना तेल पंखा नहीं चलता, और बिना गरमाहट फाइल नहीं खुलती।

## थाने में 17 वाहनों की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत शनिवार को थाना मंडी धनौरा में धारा 207 एमवी एक्ट से संबंधित 17 दोपहिया वाहनों की नीलामी कराई गई। इस नीलामी से 72 हजार का राजस्व प्राप्त हुआ जिसे राजकीय कोषागार में जमा कराया जाएगा। अभियान की शुरुआत के बाद से अब तक जनपद में कुल 83 वाहनों की नीलामी कर पांच लाख चालीस हजार का राजस्व जुटाया जा चुका है।

## पंचायत चुनाव में उतारेंगे प्रत्याशीः बंजारा

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सुभासपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुजीत बंजारा ने कहा कि संगठन किसी भी पार्टी की रीढ़ होता है। पंचायत चुनाव में पार्टी द्वारा पूरी ताकत से चुनाव लड़ा जायेगा। जोया में सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव दयाराम भार्गव, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुजीत बंजारा, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, दीपक कुमार कस्बे में कुछ देर के लिए रूके। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। उनका उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, आदेश, इस्लाम उद्दीन इदरीसी, प्रीत चौधरी, नीटू जाटव, सोभित, जुनैद अहमद, नाजिम, सुहैल, वसीम आदि शामिल रहे।

## बीफार्मा प्रथम वर्ष में महक रही टॉप



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** बीफार्मा प्रथम वर्ष में महक ने सर्वोच्च स्थान हासिल कर कालेज का नाम रोशन किया। मनीष कुमार दूसरे जबकि गर्व घोषाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रजबपुर स्थित जीएमएस कालेज ऑफ फार्मेसी में बी फार्मा प्रथम वर्ष का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। जिसमें कुमारी महक ने 78. 63 प्रतिशत अंक हासिल कर कालेज में पहला स्थान प्राप्त किया। मनीष कुमार ने 78 जबकि गर्व घोषाल ने 77.34 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं ने इस सफलता के लिये कालेज प्रशासन को श्रेय दिया। इस मौके पर चेयरमैन शहनवाज अली, डायरेक्टर डा. हरीश कुमार मौजूद रहे।

# बाढ़ ग्रस्त गांवों में नहीं सुधरे हालात

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा धाम तिगरी में शुक्रवार को 200.70 मीटर गेज पर जलस्तर स्थित रहा, वहीं बिजनौर स्थित बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा 1,06,026 क्युसेक रही। बिजनौर बैराज से पिछले कई दिनों से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा धाम तिगरी व निकटवर्ती खादर के गांवो में अभी पूर्णतया राहत के आसार नहीं दिख रहे हैं। बाढ़ ग्रस्त गांवो में भी हालात जस के तस बने हुए हैं। शनिवार को गंगा का जलस्तर शुक्रवार की तरह ही 200.70 मीटर गेज के आंकड़े पर स्थिर रहा। बिजनौर बैराज से छूट रहे पानी के कारण गंगा के जलस्तर में तेजी से गिरावट नहीं दर्ज हो पा रही है, यही कारण है कि गंगा क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त गांवो के हालातों में अभी ज्यादा सुधार नहीं आया है। रास्ते में भी पानी भरा है तो वहीं खेतों में खड़ी फसलें तो पानी के कारण गल चुकी हैं। पशुओं को सूखा चारा खिलाकर ही काम चलाया जा रहा है। ओसीता जगदेवपुर वाले अंडर पास पर बाढ़ का पानी भरा होने के कारण दिल्ली से अंडरपास के माध्यम से तिगरी और धनौरा मार्ग को जाने वाले लोग भी भली प्रकार आवागमन नहीं कर पा रहे हैं। तिगरी में अंतिम संस्कार के लिये भी गंगा से काफी दूर का स्थान उपयोग किया जा रहा है। शनिवार को अमावस्या पर भी श्रद्धालुओं को जलस्तर अधिक होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि गंगा का जलस्तर शनिवार को स्थिर रहा।

**समस्या**

● बाढ़ ग्रस्त गांवो के हालातों में अभी ज्यादा सुधार नहीं



## पेड़ लगाने पर किसान को मिलेगा 500 का अनुदान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** 2 वर्ष पहले अपने मेंढो आदि पर पेड़ लगाने वाले किसानों की रुत जागने वाली है। वन विभाग में पेड़ लगाने का पंजीकरण करने के बाद किसानों को प्रत्येक पेड़ 500 मिलेंगे। उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण आय किसानों की आय का नया साधन बन चुका है। सरकार की पहल पर कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना का विस्तार पूरे प्रदेश में तेजी से शुरू कर दिया गया है। यह योजना न केवल हरियाली को बढ़ावा दे रही है बल्कि किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ भी पहुंचा रही है।

## दिव्यांग विद्यार्थी किसी से कम नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पिपलौती खुर्द में समग्र शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के तहत विकासखंड गंगेश्वरी के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र छात्राओं के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने कहा कि दिव्यांग छात्र-छात्राएं किसी भी क्षेत्र में सामान्य बच्चों से कम नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में तो खासतौर से दिव्यांग छात्र-छात्राएं अपनी कामयाबी के झंडे गाड़ रहे हैं। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह,विशेष शिक्षक दिवाकर शर्मा, विशेष शिक्षक प्रणवीर सिंह,वरिष्ठ संकुल शिक्षक संजय सिंह, देशराज सिंह, यूसुफ खान, रामपाल सिंह, फिरोज अली, राशिद अली, शब्बीर अहमद, मशरूफ, कलुवा, इमराना, अकीला, नईमा, अमरूनिशां आदि मौजूद रहे।

## डूबते हुए दो श्रद्धालुओं को बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अमावस्या के स्नान के लिये आए दो श्रद्धालु जलस्तर अधिक होने के कारण डूबने लगे, हालांकि स्थानीय गोताखोरों ने सतर्कता दिखाते हुए उन्हें बचा लिया।

बता दें कि शनिवार को अमावस्या के स्नान के लिये श्रद्धालु तिगरी धाम पहुंचे थे। मुरादाबाद के कांठ तहसील क्षेत्र के गांव मुंडालाला निवासी इकबाल पाल व इब्राहिमपुर निवासी समरपाल स्नान करने के लिए आए थे। अलग अलग समय पर स्नान के दौरान वह गहरे पानी में पहुंच गए और फिर डूबने लगे। दोनों व्यक्तियों को डूबता हुआ देखकर आसपास के श्रद्धालुओं ने शोर मचाया तो मौजूद गोताखोर गंगा में कूदे और काफी मशक्कत के बाद दोनों को सकुशल बचा लिया। स्थानीय गोताखोर ओमपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को दो श्रद्धालु डूब रहे थे, जिन्हें कड़ा प्रयास करके बचा लिया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। वहीं गोताखोरों के प्रयास की लोगों ने सराहना की।

■ गोताखोरों के प्रयास की लोगों ने की सराहना

# मीटरों में गड़बड़ी पर जेई को हड़काया

### भाकियू अम्बेडकर ने दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने जेई पर मीटरों से छेड़छाड़ कर अवैध वसूली किये जाने का आरोप लगाते हुए जांच कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाये जाने की मांग की है। कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन कर भूख हड़ताल कर दरी बिछाओं आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में किसान नारेबाजी करते हुए बिजली घर में धरने पर बैठ गये। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी ने जेई मीटर मनोज कुशवाहा को जमकर हड़काते हुए कहा कि मीटरों में छेड़छाड़ कर उनके द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। जेई मीटर कनेक्शन आईडी स्वंय चलाते है। कार्यालय में तैनात सतेन्द्र की पैसे वसूली की वीडियो वायरल होने पर भी उससे लैब में कार्य करवाया जा रहा है। जेई ने अपनी आईडी हैक होने का झूठा इल्जाम किसान पर लगा दिया है। उन्होंने कहा कि जेई मनोज कुशवाहा मीटरों में छेड़छाड़ कर उपभोक्ताओं का तकड़ा जुर्माना विकास बाबू से बनवा देते हैं। उन्होंने कहा की जेई मनोज कुशवाहा की देखरेख में जमकर अवैध वसूली की जा रही है। इस अवसर पर धर्मेंद्र सागर, चंद्रभान, कुलदीप सागर, शंकर, विमल, साकिब खान, नफीस सैफी, सम्राट कुलदीप, रोहित कुमार, अंकुर नागर, रिजवान, विजय सैनी, कुलदीप भारती, सोनू गुर्जर आदि मौजूद थे

# प्रोफेसर नाशिर नकवी की किताब का विमोचन




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** गत रात्रि दिल्ली के इंडिया इस्लामिक सेंटर में प्यामें जैनब शीर्षक से आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर नाशिर नकवी की किताब प्रोफेसर नाशिर नकवी मर्सिया और मरसिए का विमोचन इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश कमर रिजवी, लेफ्टिनेंट जनरल आता हसनैन, कारवाने खुलूस के अध्यक्ष महबूब जैदी और नासिर अली डायरेक्टर जनरल इनकम टैक्स के हाथों आलमी मर्सिया सेंटर के तत्वधान हुआ, इस दौरान देश के नामचीन वक्ताओं ने मर्सिया की अहमियत पर विचार रखे। इस दौरान अली आबिदी अमरोहवी ने डॉ मिस्बाह अहमद सिद्दीकी की किताब अमरोहा में जदीद मर्सिया के अनासीर ए खमसा भी मेहमानान को पेश की गई। प्यामें जैनब शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम में मौलाना अतिकुर रहमान फारूकी ने कुरान की तिलावत, सलीम अमरोहवी ने सलाम, सैय्यद गुलाम सज्जाद काईद अंजुमन रजाकाराने हुसैनी अमरोहा ने मर्सिया पेश किया। आलमी मर्सिया सेंटर के चेयरमैन नासिर अली डायरेक्टर जनरल इनकम टैक्स ने मर्सिया में कर्बला की दास्तां को बयान करने की रिवायत पर रोशनी डाली, आई ए एस श्रीकांत नामदेव निर्देशक वित मंत्रालय ने इमाम हुसैन से अपनी अकीदत का इजहार किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश कमर रिजवी ने अपने मख्सूस अंदाज में मर्सिया डा गुलाम असगर, मौलाना करार मौलाई और मौलाना प्रोफेसर अब्बास रजा नैय्यर जलालपुरी ने इमाम हुसैन और बीबी जैनब की शहादत को बयान किया। सफीरे आजा अमीर हसन आमीर ने नौहा पेश किया। आयोजक अश्जय जैदी ने स्वागत भाषण और डा मोहसिन वली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कॉटन वेस्ट कारखानों में पकड़ी विद्युत चोरी

## दो कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शुक्रवार को बिजली विभाग की टीम ने शहर के कल्याणपुर रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। कॉटन वेस्ट कारखानों में बड़ी बिजली चोरी पकड़ी। टर्मिनलों को अतिरिक्त तारों से बाईपास करके बिजली चोरी की जा रही थी। मामले में दो कॉटन वेस्ट कारोबारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शुक्रवार को मुख्य अभियंता गजरौला जोन राजेश बालियान के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने अमरोहा के कल्याणपुरा रोड पर दो कॉटनवेस्ट काराबोरी नोमान अहसान के नाम से पंजीकृत 49 केवीए औद्योगिक कनेक्शन और नीशात अंजुम के नाम से पंजीकृत 77 केवीए औद्योगिक कनेक्शन के मीटर के साथ छेड़छाड़ पकड़ी। मामले शनिवार को दोनों कनेक्शन धारकों के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुख्य अभियंता गजरौला जोन राजेश बालियान ने इसकी पुष्टि की।

# युवती ने दूसरे सम्प्रदाय के युवक से रचाई शादी

## पुलिस ने प्रेमिका को अलीगढ़ से बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** किराये पर कमरा लेकर रह रहा युवक प्रेमिका को लेकर फरर हो गया। दोनों ने दिल्ली के एक मन्दिर में शादी रचा ली। पुलिस ने प्रेमिका को अलीगढ़ से बरामद लिया। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां एक किसान का परिवार रहता है। उनके घर के पास अलीगढ़ जिले के अतरौली थाना क्षेत्र के गांव चौकी भानपाड़ा निवासी राहुल कुमार किराए के मकान में रहता था। पुलिस के मुताबिक वह यहां हाईवे स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। इसी दौरान किसान की बेटी शिफा का दिल राहुल पर गया। धीरे-धीरे बढ़ती गई बातचीत प्रेम प्रसंग में बदल गई। परिजनों को जब भनक लगी तो उन्होंने शिफा के घर से बाहर निकलने पर रोक लगा दी। शिफा ने जब राहुल से शादी कराने की जिद की तो उसे डांटकर खामोश कर दिया। वहीं, राहुल के परिजनों ने भी दूसरे धर्म की युवती से उसकी शादी कराने से मना कर दिया। आखिर में राहुल गांव का मकान छोड़ रहने के लिए कहीं और चला गया। लेकिन, इस दरमियान दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत का सिलसिला लगातार जारी रहा। बीती 23 फरवरी को शिफा व राहुल घर से भाग गए। ढूंढने में नाकाम शिफा के परिजनों ने कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी। दूसरी तरफ शिफा ने राहुल के साथ दिल्ली के आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। सात फेरे लेने के बाद उसने अपना नाम बदलकर रानी रख लिया। इसके बाद दोनों अलीगढ़ घर लौट गए। दोनों करीब छह महीने से पति-पत्नी के रूप में वहीं रह रहे थे। पुलिस तभी से उन्हें तलाश कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व युवती की लोकेशन अलीगढ़ में मिली थी। जिवाई चौकी प्रभारी सुधीर कुमार तोमर के नेतृत्व में टीम ने वहां पहुंचकर युवती को बरामद कर लिया है। वहीं, पुलिस के आने की भनक लगने पर राहुल घर से भाग गया था। पुलिस युवती को ले आई है। वह

# समाधान दिवस पर कायम रहे जनता का भरोसा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना परिसर शनिवार को प्रशासनिक कार्रवाई की दृढ़ता और जनसुनवाई की गंभीरता का साक्षी बना। थाना समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव और एएसपी अखिलेश भदौरिया ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने साफ कहा कि समाधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं, यह जन विश्वास की परीक्षा है। हर शिकायत का न्यायसंगत समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं, एएसपी अखिलेश भदौरिया ने मातहत पुलिसकर्मियों को दो टूक शब्दों में हिदायत दी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, हर फरियादी को समय पर न्याय मिलना चाहिए। थाना समाधान दिवस ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब अफसर सख्ती से सुनवाई करें, तो न्याय में देरी नहीं होती और जनता का भरोसा भी कायम रहता है।

## विशाल मेगा मार्ट की पार्किंग से बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के बस्ती रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट की पार्किंग से एक बाइक चोरी की घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली है। जानकारी के मुताबिक रेनु पत्नी रोहित निवासी मौहल्ला सुल्ताननगर, गजरौला 14 अगस्त की शाम को अपने जेठ के पुत्र प्रिंस के साथ बाइक से विशाल मेगा मार्ट में खरीददारी को आई थी। पार्किंग में बाइक खड़ी कर दी थी, जब वापिस ये लोग खरीददारी करके बाहर आए तो बाइक चोरी हो गई थी। शनिवार को पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार से दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक युवक ने गांव निवासी दूसरे युवक पर सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं निवासी अजय कुमार पुत्र गंगासरन सिंह द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार उसके बड़े भाई योगेश कुमार ने कि गांव निवासी हितेश कुमार पुत्र करन सिंह के विरूद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था, तब से ही हितेश व उसका परिवार अजय पक्ष से रंजिश रखते हैं। हितेश पक्ष ने अजय पक्ष के विरूद्ध कोर्ट के माध्यम से भी एक मुकदमा पंजीकृत कराने का प्रयास किया मगर जांच में मामला झूठा होने पर उसकी कोशिश सफल नहीं हो सकी। अजय कुमार का हालिया आरोप है कि हितेश ने पुरानी इन्हीं सब रंजिशों के चलते सोशल मीडिया पर उसके विरूद्ध दुष्प्रचार किया है और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है। अजय कुमार की तहरीर पर पुलिस ने हितेश के विरूद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

■ आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

# तेज़ रफ्तार फॉरच्यूनर ने ऑटो को मारी टक्कर, पांच की मौत, 6 घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता पीलीभीत।** थाना जहानाबाद इलाके में शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया यहां तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 बच्चे, 1 महिला और 1 पुरुष शामिल है। इस हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं। घटना जहानाबाद इलाके में हुई। जहां एक टेंपो सवारियों को लेकर अमरिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान अमरिया की तरफ से आ रही तेज़ रफ्तार फॉर्च्यूनर ने टेंपो को दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो खाई में पलट गया और फॉर्च्यूनर के सभी एयरबैग खुल गए। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया।

फॉर्च्यूनर सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। वो सभी मौके से फरार हो गए। डायल-112 की पुलिस टीम ने अपनी गाड़ी से गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की कई टीमें घायलों का इलाज कर रही हैं। फॉर्च्यूनर में सवार चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम घायलों और मृतकों की पहचान में जुटी है। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ है। पुलिस ने फॉर्च्यूनर को रास्ते से हटवाकर आवागमन शुरू करवाया। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार सवार लोगों की तलाश में जुटी है।

# दो दिवसीय मास्टर स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट में दिग्गजों ने दिखाई प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता पीलीभीत।** जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधन में अयोजित द्वितीय टेबल टेनिस मास्टर प्रतियोगिता शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला आधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह व जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के संरक्षक् डा परविंद्र सिंह सहमी, अध्यक्ष गुरदित्त सिंह सहमी, सचिव गुरसेवक सिंह व अन्य पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर बेन-हर पब्लिक् स्कूल के एरीना हाल में किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव निरमोय् मित्रा, अध्यक्ष संजीव पाठक, कोषाध्यक्ष पी के जैन, डायरेक्टर अरुण कुमार बनर्जी, पूर्व कोषाध्यक्ष व टेक्निकल चेयरमैन एनके लहरी, डा संजय मुंशी चेयरमैन बैटरन कमेटी व राष्ट्रीय स्तर व अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुख्य रेफरी कि भूमिका आयुष वर्मा, अनिकेत कुमार मौजूद रहें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नगीना पालिका का करोड़ों का बजट पास

## चेयरपर्सन ताहिरा बेगम ने नगर के विकास का लिया संकल्प

**अमान शमसी**

**नगीना।** पालिका बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सरस्वती से पारित कर दिया गया। चेयरपर्सन ताहिरा बेगम ने सभासदों को साथ लेकर नगर का विकास करने का संकल्प व्यक्त किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बजट पास करने के लिए वित्तीय वर्ष की प्रथम बैठक आज पालिका परिसर स्थित सभागार में आयोजित की गई। इसमें पालिका के सभी निर्वाचित सभासद और कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में अनुमानित 48 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया। जिसके सापेक्ष 43 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय दर्शाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष में पालिका को पांच करोड़ रुपये का अनुमानित लाभ होगा। चेयरपर्सन ताहिरा बेगम की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी रामाश्रय ने चेयरपर्सन और सभी सभासदों का पालिका में स्वागत से किया। इसके बाद लेखाकार इक्तेदार आलम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमानित आय-व्यय का लेखा-जोखा पढ़कर सुनाया। 48,29,57, 000 रुपए की विभिन्न मदों से पालिका को आय अर्जित करने और 43,14,00,000 रुपए विभिन्न मदों में व्यय करना दर्शाया गया। जिससे वित्तीय वर्ष में पालिका को अनुमानित पांच करोड़ पंद्रह लाख सत्तावन हजार रुपये की आय होगी।



इसके बाद सभासदों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। वार्ड संख्या बीस के सभासद मौहम्मद असलम ने बारात घर पर वार्ड वासियों के बच्चों लिए एक प्राथमिक विद्यालय शुरू करने के प्रस्ताव को रखा। जिसे चेयरपर्सन और ईओ ने पूरा कराने का आश्वासन दिया। बोर्ड बैठक में जलभराव, सफाई व्यवस्था एवं नाली, खरंजा निर्माण के साथ गली निर्माण प्रमुख मुद्दा रहे। इस दौरान ईओ ने सभी सभासदों से अपने क्षेत्र में प्राथमिकता वाले निर्माण कार्यों का प्रस्ताव मांगा, जिसे शामिल कर शासन को को भेजा जा सके। बैठक के समापन पर कार्यालय अधीक्षक इकध्तेदार आलम ने सभी का आभार व्यक्त किया। बोर्ड बैठक में जिन बिंदुओं को एजेंडे में शामिल किया गया, उनमें सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेय जल व्यवस्था, वित्ती वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट, मॉल, मार्किट, दुकानें, लाइब्रेरी, सौंदर्यीकरण पर विचार, शासन के विभिन्न योजनाओं, जल निकासी, डोर टू डोर कूड़ा कलैक्शन, पालिका की आय को बढ़ाने पर विचार के साथ ही अन्य प्रस्ताव भी चेयरपर्सन की अनुमति से पारित किये गये।

इस मौके पर चेयरपर्सन ताहिरा बेगम, अधिशासी अधिकारी राम आश्रय, चेयरपर्सन पुत्र शाहनवाज खलील व शहराज खलील के अलावा नगर पालिका के कर्मचारी इकध्तेदार जैदी, मुनीर आलम, धीरज राय वर्मा व समस्त सभासदगण कपिल पवार, नाहिद परवीन, राधा रानी, सुनीता, रोहित विश्नोई, राज कुमार, राम कुमार, फरहीन, अन्जुम परवीन, निघत परवीन, शगुफ्ता परवीन, राफिया रईस, मौ. शारिक, शबनम परवीन, मोहम्मद अहमद, बहार फात्मा, सायरा, बृजमोहन, नूर मौहम्मद, मोहम्मद असलम, मौहम्मद राशिद, मौ. उसमान, संजीव दत्त शर्मा, मकसूद अली, अरीब अहमद आदि मौजूद रहे।

## बान नदी की सफाई की मांग

**कोतवाली देहात।** बान नदी की जेसीबी से सफाई कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया।

क्षेत्र के ग्राम कीरतो नगली, रसूलपुर जागन छाजपुर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर बताया कि शादीपुर नहटौर मार्ग से ग्राम रसूलपुर जागन को जाने वाले लिंक मार्ग पर छोटे छोटे पाइप डालकर पुल बनाया गया है, जिसमें कूड़ा भरा जाता है और पानी अवरुद्ध हो जाता है। निकासी न होने के कारण पानी ग्राम छजूपुरा, रसूलपुर जागन तथा कीरतो नगली के जंगलों में भर जाता है, जिससे सैकड़ों बीघा फसल नष्ट हो जाती है। ग्रामीणों ने बान नदी की सफाई जेसीबी से करने तथा सड़क पर पक्का पुल बनवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह, ऋषिपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, संदीप त्यागी, मोनू त्यागी, अरविंद कुमार आदि शामिल रहे।

## भागवत कथा का समापन

**कोतवाली देहात।** ग्राम राजोपुर सादात में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को समापन हो गया। कथा के समापन के बाद हवन यज्ञ तथा भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया गया।

## अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई होगी: थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नए थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने कार्यभार संभालते ही अपराधियों के खिलाफ सख्त तेवर अपना लिए हैं। अपने पहले ही संदेश में उन्होंने साफ कर दिया है कि अपराधियों के लिए अब स्योहारा की धरती पर कोई जगह नहीं है। अपराधी अपराध करना छोड़ दे या क्षेत्र छोड़ दे।



### गंभीरता से सुना जाएगा जनता की शिकायतों को

सत्येंद्र सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना और फरियादियों को पूरा न्याय दिलाना होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी फरियादी को थाने से निराश होकर वापस नहीं लौटना पड़ेगा। अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा।

थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे निडर होकर पुलिस को सूचना दें और अपराधियों की गतिविधियों की जानकारी साझा करें। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच तालमेल से ही अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। सत्येंद्र सिंह के कड़े रुख से आम लोगों में उम्मीदें जागी हैं। लोगों का कहना है कि अब अपराधियों की खैर नहीं होगी और फरियादियों की बात जरूर सुनी जाएगी। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि अगर पुलिस इसी दृढ़ निश्चय के साथ काम करती रही तो जल्द ही स्योहारा अपराधमुक्त क्षेत्र बन सकता है। नए थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। शराब, जुआ, छेड़छाड़, अवैध कब्जा और लूटपाट जैसे अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्योहारा की पहचान अमन और भाईचारे की है, इसे बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

स्योहारा में सत्येंद्र सिंह के पदभार ग्रहण करने के बाद से ही क्षेत्र की जनता में एक नई ऊर्जा और सुरक्षा की भावना देखी जा रही है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में थाना पुलिस पूरी मजबूती से अपराधियों पर नकेल कसेगी और फरियादियों को न्याय दिलाने में कोई कोताही नहीं होगी।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में कुंबल लगाकर घुसे चोर



### कैश न मिलने पर बाइक चोरी कर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा की मौअज्जमपुर शाखा में बीती रात चोरों ने कुंबल लगाकर घुसने का प्रयास किया। कैश न मिलने पर चोर बैंक के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल चुराकर फरार हो गए।

बैंक प्रबंधक अरुण सिंह रावत ने बताया कि रात करीब दो बजे दो युवक कुंबल लगाकर बैंक में दाखिल हुए। उन्होंने बैंक में नकदी की तलाश की, लेकिन असफल रहे। इसके बाद दोनों चोर बैंक में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आज सुबह बैंक कर्मचारियों को घटना की जानकारी होने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। एसपी सिटी संजीव बाजपेयी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि घटना का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## दो दिवसीय विधिक कार्यशाला

### वन अपराध के बारे में कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र में वन कर्मियों की जानकारी हेतु वन एवं संरक्षण अधिनियमों के क्रियान्वयन, प्रतिपादन एवं वन विषयक अपराधों के अन्वेषण सम्बन्धी प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से दो दिवसीय लीगल विधिक कार्यशाला आयोजित की गयी।

कार्यशाला में कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़ में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 36 प्रशिक्षणार्थियों के अतिरिक्त ढिकाला, सर्पदुली, बिजरानी, ढेला, झिरना तथा एसओजी रेंज के कुल 24 वन दरोगा एवं वन आरक्षियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र बिंदरपाल के द्वारा कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। वन दरोगा पार्वती नन्दन जोशी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा वन अपराध के बारे में अवगत कराया गया। तरूण बिष्ट एड. रामनगर के द्वारा वन एवं वन्यजीव अपराधों में विविध प्रक्रियाओं जैसे जामा तलाशी, फर्द बरामदगी, बयान, मौका नजरी-नक्शा, सीजर रिपोर्ट, गिरफ्तारी, अपराध की जांच व न्यायालय में की जाने वाली विधिक कार्यवाही की विस्तृत जानकारी कार्यशाला में दी गई। इसमें प्रतिभागियों की छह टीम बनाई गयी थी। क्राइम सीन तैयार कर मौके पर वन अपराध जारी करना, बयान, फर्द बरामदगी, गिरफ्तारी आदि से सम्बन्धित फील्ड कार्य करवाया गया। फील्ड प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों की टीम के द्वारा फील्ड कार्य का प्रस्तुतीकरण किया गया।



इस मौके पर इन्द्र सिंह बिष्ट वनक्षेत्राधिकारी, मथुरा प्रसाद बिजल्वाण, अथहर महमूद, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### भागवत कथा में भक्ति में डूबे श्रद्धालू



**धामपुर।** शहर के मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस दिन के यजमान राहुल अग्रवाल सपत्नी सपरिवार उपस्थित रहे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कथा का प्रारंभ कराया। कथावाचक पंडित परितोष शास्त्री ने भक्तों को कथा रस का अमृत पान कराते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से समस्त पापों का क्षय होता है और इसके स्मरण मात्र से मनुष्य का हृदय निर्मल हो जाता है। कथा पंडाल में भारी संख्या में भक्तों की उपस्थिति ने वातावरण को भक्ति और आध्यात्मिकता से भर दिया। श्री हरि नारायण चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विनीत कौशिक ने बताया कि मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आकाश शर्मा, शिव जोशी, राहुल त्यागी, अंकुर सैनी, श्रीराम गोपाल सर्राफ, आदित्य अग्रवाल, पुष्पा देवी, संगीता, सुष्मिता, प्रिया भारद्वाज सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। और कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किया।

### समाधान दिवस में सुनी गई फरियादें



**स्योहारा।** थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे एवं तहसीलदार ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर सभी शिकायतों की गहनता से समीक्षा की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान दिवस पर कुल पांच शिकायतें दर्ज की गई, इनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष तीन शिकायतों पर निष्पक्ष विवेचना जारी है। फरियादियों को भरोसा दिलाया गया कि सभी प्रकरणों का शीघ्र एवं न्यायपूर्ण निस्तारण किया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर पीड़ित को न्याय समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से मिले। किसी भी फरियादी को कहीं भी भटकना न पड़े। सभी फरियादियों को समाधान दिवस में आने पर न्याय मिले। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि थाना समाधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह पीड़ितों की समस्याओं के समाधान का एक ठोस माध्यम है। आज समाधान दिवस के मौके पर राजस्व विभाग से संबंधित शिकायत आई। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि सभी फरियादियों को थाने से ही न्याय मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि फरियादियों की शिकायतों पर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह, हेड कांस्टेबल लोकेश कुमार, रजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारीख विद्युत विभाग के कर्मचारी तथा अन्य विभागीय अमले के साथ बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

### दशलक्षण पर्व की तैयारी शुरू



**नहटौर।** जैन समाज इस वर्ष भी दशलक्षण पर्व व गज रथयात्रा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने जा रहा है। दिगम्बर जैन मन्दिर में दशलक्षण पर्व की तैयारियां जैन समाज द्वारा शुरू कर दी गयी है। 28 अगस्त से शुरू होने वाले दशलक्षण पर्व से पूर्व श्री जी का वेदियों का प्राचीन कुएं के जल व रीठे के जल से मंजन किया गया है। सभी कार्य आचार्य श्री 108 विद्या सागर महाराज की शिष्या आर्यिका श्री 105 निसर्ग मति माता के सानिध्य में व पूजा शास्त्र गरिमा जैन व अक्षरा जैन द्वारा किये जायेंगे। वेदियों का मंजन करने में जैन मंदिर प्रबंधक राजीव जैन, पंडित सन्मति जैन, अरिहंत जैन, अर्पित जैन, पारस जैन, नितिन जैन, नीरज जैन (बिट्टू), टीटू वर्मा, नीरज वर्मा, निकुंज जैन आदि ने भाग लिया।

## भाकियू की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

### समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम बासोवाला स्थित बैंकट हॉल में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की अहम बैठक आयोजित हुई। जिसमें क्षेत्र के किसानों की गंभीर समस्याओं पर चर्चा हुई।

बैठक में किसानों ने सरदारपुर छायली, कुंजेटा और अन्य स्थानों पर पुल न होने की समस्या को जोरदार तरीके से उठाया। ग्रामीणों का कहना था कि इन जगहों पर पुल न होने से लोग मजबूरी में नदी और नालों को पार कर अपनी जान जोखिम में डालते हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे कई हादसे सामने आए हैं, जिनसे उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। फसल ढुलाई, बच्चों के स्कूल आने-जाने और बीमारों को अस्पताल पहुंचाने में भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बैठक में आरोप लगाया गया कि थानों में किसानों के उत्पीड़न हो रहा है। इसके



अलावा एक बड़ा मामला यह भी सामने आया कि पटवारी ने सर्वे के दौरान जिंदा किसान मुख्तार अंसारी को मृत घोषित कर दिया। इस गड़बड़ी के कारण वह आज तक किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। वहां मौजूद नायब तहस. ीलदार श्याम सुंदर लाल को किसान नेताओं ने इन सभी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर नायब तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को एसडीएम के संज्ञान में ला कर उचित कार्रवाई की जाएगी। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह, जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही, ब्लॉक अध्यक्ष विजेंदर सिंह, तहसील अध्यक्ष नागेंद्र, नगर अध्यक्ष मारूफ खान, न्याय पंचायत मौहम्मद इरफान, वरिष्ठ किसान नेता मौ. आसिफ खान, हाजी अहसान, रामपाल चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।

## जेसीबी से अतिक्रमण हटाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** स्थानीय मौहल्ला नौधा के शमीम अहमद ने तहसील समाधान दिवस में दी शिकायत में कहा था कि कासमपुर लेखराज के मौजा के खसरा नम्बर 248 की भूमि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। लेकिन कुछ लोगों ने उक्त भूमि को कब्जाने के उद्देश्य से नींव भर कर बाउंड्री कर ली है।

अभिलेखों की जांच के बाद उपजिलाधिकारी के आदेश पर आज कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, मनोज कुमार, गगनदीप सिंह, राजदीप सिंह, नवीन कुमार, शरद कुमार के अलावा पालिका के कर्मचारी शमीम अहमद, जावेद अहमद, सलमान अहमद, तहसीन अहमद आदि जेसीबी लेकर पहुंचे और वहां की गई बाउंड्री को ध्वस्त कराते हुए किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

## डीआर कोऑपरेटिव ने किया सहकारी समिति का निरीक्षण

### समिति प्रांगण में किया पौधारोपण, सभापति ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** अल्हैदादपुर किसान सेवा सहकारी समिति और जिला सहकारी बैंक की स्थानीय शाखा का उप आयुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता मुरादाबाद आनंद विक्रम सिंह एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बिजनौर राजवीर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण कर समिति और बैंक के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड बी-पैक्स अल्हैदादपुर, विकासखंड हल्दौर का उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता मुरादाबाद आनंद विक्रम सिंह एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राजवीर सिंह ने जिला सहकारी बैंक शाखा एवं झालू जाटान सहकारी समिति का निरीक्षण किया।

औचक निरीक्षण में समिति एवं बैंक की बिल्डिंग की व्यवस्था देखकर बैंक एवं समिति के कर्मचारियों सहित समिति सभापति



सूरज सिंह की प्रशंसा की। सभापति सूरज सिंह, कोऑपरेटिव समिति सचिव सचिन कुमार और बैंक शाखा प्रबंधक अनुज बाजपेई ने उप आयुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता मुरादाबाद से वार्ता कर बैंक और समिति परिसर में इंटरलॉकिंग एवं दीवार करने के लिए भी विचार विमर्श किया गया। समिति में दीवार करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी से भी सहयोग के लिए विचार विमर्श किया गया। बढ़ाई गई ब्याज दरों की मात्रा को लेकर जब उप आयुक्त एवं उपनिवंधक सहकारिता से वार्ता हुई, तो उन्होंने बताया कि समिति के सॉफ्टवेयर पर डाटा पूर्ण करने की प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही किसानों को बढ़ी हुई ब्याज दरों की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इस अवसर पर डॉक्टर धर्मवीर सिंह, समिति स्टाफ, बैंक स्टाफ मौजूद रहा।

दूसरी तरफ अल्हैदादपुर किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड बी-पैक्स के उपस्थित किसानों ने कहा कि जब से समिति के सभापति सूरज सिंह बने हैं, वह हर कदम पर समिति को विकास की ओर अग्रसर करने तथा किसानों की समस्याओं का समाधान करने में तत्परता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं। समिति में बैंक परिसर के निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों ने कहा कि समिति के सभापति सूरज सिंह बेहद व्यवहार कुशल है। वह सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं।

इधर उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता आनंद विक्रम सिंह से जब शाह टाइम्स संवाददाता ने सहकारी समिति की ब्याज की बढ़ी हुई दरों एवं किसानों को मिलने वाली सब्सिडी के बारे में वार्ता की तो उन्होंने बताया कि समितियो के सॉफ्टवेयर पर डाटा पूर्ण करने की प्रक्रिया की जा रही है तथा सहकारी समिति की बढ़ी हुई ब्याज की दरों की सब्सिडी किसानों को दिलाए जाने का कार्य किए जाने के साथ-साथ पूर्व की ही सहकारी समिति की ब्याज दरों पर भी उच्च स्तर पर विचार विमर्श किया जा रहा है। किसानों के हित में सहकारी समिति दिन-रात प्रयासरत है।

### किसानों के हितों की लड़ाई के लिए सूरज सिंह दिन-रात प्रयासरत

**झालू।** बी-पैक्स अल्हैदादपुर झालू के सभापति सूरज सिंह समिति के किसानों के हितों की लड़ाई के लिए दिन रात प्रयासरत रहकर समिति को अग्रसर बनाने में कोई कमी छोड़ने नजर नहीं आ रहे हैं। परिणाम स्वरूप उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता मुरादाबाद आनंद विक्रम सिंह ने भी समिति का औचक निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान समिति के दस्तावेजो सहित समिति में खाद के गोदाम तथा उर्वरकों का रख रखाव सही एवं संतोषजनक पाए गए। जिसे देख आनंद विक्रम सिंह ने सभापति सूरज सिंह के साथ-साथ समिति के सचिव सचिन कुमार की भी प्रशंसा की। सभापति सूरज सिंह और समिति सचिव सचिन कुमार को एक बड़ा सम्मेलन समिति परिसर में कराने का भी संकेत दिया।

# चीनी एप के प्रयोग की शिकायत पर सेनाधिकारी को मिली धमकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय सेना से सेवा निवृत जूनियर कमीशंड अधिकारी को राष्ट्रीय सुरक्षा से मामला उजगाकर कर इसकी शिकायत करना मेंहगा पड़ गया है। सेवा निवृत सेना अधिकारी ने नायब तहसीलदार पर शिकायत वापस न लेने पर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

**○नायब तहसीलदार पर धमकाने का आरोप**

बहजोई निवासी रेव्ह. डा. राहुल उठवाल, भारतीय सेना के सेवानिवृत्त जूनियर कमीशंड अधिकारी (राजपत्रित अधिाकारी) है। उन्होने आरोप है कि उन्होंने सम्भल जनपद में सरकारी अभिलेखों को प्रतिबंधित चीनी ऐप कैम स्कैनर से स्कैन कर भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किए जाने की शिकायत की शिकायत दर्ज करायी थी। क्योंकि 14 जुलाई 2020 को राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर कैम स्कैनर सहित कई चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाया था। आरोप है कि शिकायत के बाद 21 अगस्त को उन्हें नायब तहसीलदार का फोन आया। कॉल पर पहले तो यह स्वीकार किया गया कि प्रतिबंधित एप का प्रयोग हो चुका है, लेकिन यह भी कहा गयजब शिकायत कर्ता सेवानिवृत सेनाधिकारी ने आपत्ति जताई कि एक बार स्कैन हो चुके दस्तावेज चीन के सर्वरों पर पहुँच चुके हैं और यह अपराधबनता है, तो उन्हें शिकायत वापस लेने का दबाव डाला गया जबकि धमकी दी गई कि यदि शिकायत वापस नहीं ली गई तो उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराए जाएँगे। मामला गम्भीर होने और इसकी शिकायत आईजीआरएस पोर्टज पर दर्ज होने के बाद निस्तारण आख्या अपलोड की गई। उस आख्या में लिखा गया है कि अधीनस्थ कर्मचारियों को कैम स्कैनर के प्रयोग से मना कर दिया गया है। किंतु विडंबना यह है कि वही निस्तारण आख्या और संबंधित ज्ञाप प्रतिबंधित ऐप से ही स्कैन कर पोर्टल पर अपलोड किए गए। उन्होंने नायब तहसीलदार रजत कुमार के विरुद्व शिकायतकर्ता को धमकी देने और झूठे मुकदमों में फँसाने के प्रयास पर प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाने की मांग की।

# गुन्नौर के भागनगर में किसान नेता कर रहे थे बिजली चोरी

**○214 विद्युत संयोजक धारकों पर बिजली विभाग का 1.14 करोड़ बकाया, 150 घरों पर की गई चेकिंग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** बिजली चोरी रोकने को चलाये जा रहे अभियान में उपजिलाधिकारी गुन्नौर व अधिशासी अभियंता के संयुक्त नेतृत्व में टीम ने सुबह-सवेरे गांव में छापा मारा। अभियान में 76 परिसरों में अवैध रूप से कटिया डालकर बिजली चोरी पकड़ी गयी।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. अधिशासी अभियन्ता अजय कुमार शुक्ला विद्युत वितरण खण्ड-बबराला के नेतृत्व में टीम के साथ प्रात: 5:20 बजे ग्राम भागनगर तहसील गुन्नौर में विद्युत चोरी के विरुद्व चलाये जा रहे सघन विद्युत चैकिंग अभियान में शनिवार को प्रात:तहसील गुन्नौर में उपजिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा एवं अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला के नेतृत्व में संयुक्त सघन विद्युत चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तहसीलदार गुन्नौर, पुलिस थानाध्यक्ष धनारी, राजस्व विभाग, समस्त उपखण्ड अधिकारी, समस्त अवर अभियन्ता, समस्त तकनीशियन एवं समस्त लाइन स्टाफ अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड बबराला मौजूद रहे। अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि उक्त ग्राम में 214 नग विद्युत संयोजन धारक हैं, जिनपर विद्युत विभाग की धनराशि रू. 1.14 करोड़ बकाया है। चैकिंग के दौरान 150 घरों को चैक किया गया, जिसमें 76 परिसरों पर अवैध रूप से कटिया डालकर विद्युत की चोरी का प्रयोग करते हुए पाया गया, जिनके विरुद्व राजस्व निर्धारण संहिता एवं विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। चैकिंग के दौरान कुछ किसान नेता भी विद्युत चोरी में संलिप्त पाये गये, जिनके द्वारा अवैध रूप से विद्युत चोरी कर ए.सी. का प्रयोग किया जा रहा था। संयुक्त सघन विद्युत चैकिंग अभियान में 42 नग विद्युत बकायेदारों के संयोजनों का अस्थायी विच्छेदन किया गया। जिनपर 18.50 लाख रूपया बकाया है। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा 03 नग आर.सी. भी जमा करायी गयी। विद्युत चोरी के विरुद्व संयुक्त संघन चैकिंग अभियान आगे भी निरन्तर चलाया जायेगा।



सम्भल- ग्राम भावनगर में एसडीएम के नेतृत्व में बिजली चैकिंग करते विद्युत कर्मचारी।

# टिकट पाने को जद्दोजहद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** यात्रियों को कन्फर्म टिकट पाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर अपने घरों को जाने वाले यात्रियों को कंर्म टिकट पाने के लिए अभी से ही जद्दोजहद करनी पड़ रही है। रेलवे के नए नियमों के तहत एडवांस बुकिंग केवल 60 दिन पहले ही की जा सकती है। इस बार दीपावली 18 अक्टूबर को और छठ पूजा 25 से 28 अक्टूबर तक आयोजित होगी। अधिकांश ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची लंबी हो गई है। यात्रि अब पहले से ही अपनी बुकिंग सुनिश्चित करने के लिए रेलवे की वेबसाइट और ऐप पर लगातार नजर बनाए हुए हैं, ताकि त्योहारों के दौरान यात्र में कोई समस्या न हो। टिकट बुकिंग करने वाले दुकानदार ने बताया कि टिकट कन्फर्म होने में परेशानी हो रही है।

**○कन्फर्म नहीं हो पा रहे टिकट**

# छह माह में ही आई रसोई की दीवार में दरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** छह माह पूर्व ही बनायी गई रसोई की दीवार जवाब दे गयी। जिससे निर्माण कार्य में अधोमानक सामग्री का प्रयोग करने का मामला उजागर हुआ है जबकि दीवार में आई दरार से स्कूली नौनिहालों के साथ हादसे का खतरा मंडराने लगा है।

सम्भल विकास खंड के ग्राम ततारपुर रोड स्थित प्राइमरी विद्यालय में छात्रों के मध्याह्न भोजन के लिए रसोई घर का निर्माण कराया गया था। नवनिर्मित रसोई घर की दीवार निर्माण के महज छह महीने बाद ही फट गई। इससे घटिया निर्माण सामग्री और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। विद्यालय परिसर में बने इस रसोईघर की दीवार में आई दरार से बच्चों की सुरक्षा और हादसे का भी

**○विकास खंड के ग्रात ततारपुर रोड में बच्चों पर हादसे का खतरा मंडराया**

खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार लोग सिर्फ औपचारिकता निभाकर निर्माण कराते हैं, जबकि छात्र-छात्राओं की जिंदगी दांव पर लगी रहती है। ग्राम प्रधान उमेश कुमार ने भी माना कि यह निर्माण कार्य उनके द्वारा छह महीने पहले कराया गया था और निर्माण के कुछ ही समय बाद दीवार में दरार आ गई। इतने कम समय में ही दीवार के फट जाने और उसमें दरार आ जाने से माना जाने लगा है कि जिस संस्था से निर्माण कार्य कराया गया था उसने मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं किया है बल्कि कमीशन खोरी और बंदरबांट के चलतेअद्योमानेक सामग्री ही रसाई की दीवार बनाने में प्रयोग की गयी है। वहीं खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जेई को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी।



सम्भल- कांग्रेस के सृजन संगठन की बैठक को सम्बोधित करते कुंवर दानिश अली।

# दमखम के साथ लड़ेंगे पंचायत चुनाव

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विस चुनाव से पूर्व कांग्रस का चल रहा संगठन सृजन कार्यशालाओं में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जोश भरा जा रहा है जबकि संगठन को कसने के साथ चुनाव मैदान में पूरी तैयारी के साथ उतरने पर ज़ोर दिया जा रहा है। संगठन सूर्जन कार्यशाला की समीक्षा करने पहुंचे पश्चिम जोन कोआर्डिनेटर पूर्व जिला कोआर्डिनेटर प्रंटल आदि ने कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी का निर्वहन करने पर ज़ोर दिया।

चन्दौसी मार्ग स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित संगठन सृजन कार्यशाला में मे पूर्व सांसद व पश्चिम जोन कोआर्डिनेटर दानिश अली ने कहा कि हम संगठन बनाकर 2027 के विधानसभा सरकार बनाने का काम करेंगे। उन्होने कहा कि इस बार भाजपा को जड़ से उखाड़ फैंकने के लिए, हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी को अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करना है। उन्होने कहा कि 2026 के पंचायत चुनाव मे दमखम के साथ लड़ेंगे और अपने प्रत्याशी जितायेंगे उसके ही आधार पर 2027 का विधानसभा चुनाव होगा। जिसकी जितनी मेहनत होगी उसको उतना फेल मिलेगा। उन्होने कहा कि बिहार मे आज क्या हो रहा है चुनाव आयोग की और भाजपा की सांठगांठ की पोल खुल गयी है। हम सब को इस खेल को समझना होगा, क्योंकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार है और उनके दामाद सम्भल के डीएम रहे जो आज सहारनपुर के डीएम है क्या हुआ लोकसभा चुनाव मे सबको पता है। दानिश अली ने आईएएस एसोसिएशन पर भी सवाल खड़े करते हु, कई उदाहरण दिये। उन्होंने कहा कि देश को लूटा जा रहा है यह चार लोग है जोबर्बाद कर रहे हैं दो लूट रहे है। सब कुछ गुजरात से तय होता है।इस मौके पर जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की, डा. मरगूब हुसैन,किशेर गौतम, तौकीर तुर्की आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं के निदान को कलेक्ट्रेट पर गरजेंगे किसान

**○भाकियू अराजनैतिक की बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी कार्यालय पर कल होने वाले किसान आंदोलन को सफल बनाने को भाकियू अराजनैतिक की बैठक में रणनीति बनायी और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया।

पंवासा विकासखंड के खानुपुरा मिलक गांव में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि 25 अगस्त सोमवार को बहजोई जिला कलेक्ट्रेट पर भारी संख्या में किसान आंदोलन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक अपने-अपने वाहनों से बाइक, कार आदि के साथ कृषि उत्पादन मंडी समिति में एकत्रित होंगे। उन्होंने कहा कि एकत्रित होने के बाद जुलूस की तरह इस्लामनगर चौराहे से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव बोले कि गन्ना किसानों की व्यावहारिक दिक्कतें, चकबंदी में धांधली, बिजली के अनुपलब्धता, यूरिया खाद की पर्याप्त मात्रा में अनुउपलब्धता, ग्रामीण क्षेत्रों की टूटी सड़कें, बिजली बिलों में विसंगतियां, कृषि विभाग की योजना में धांधाली, कृषि उत्पादन मंडी समिति में टैक्स चोरी, धान और बाजार की क्रय केंद्रों की संख्या सीमित होने आदि को लेकर जिला अधिकारी कार्यालय को घेरेंगे। शंकर सिंह यादव ने कहा कि आंदोलन में युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा और राष्ट्रीय सचिव उम्मेद सिंह के साथ अन्य वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की भी संभावना है। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष ने गांव निवासी नेमपाल सिंह को ग्राम अध्यक्ष खानुपुरा, इसी गांव के ही मनोज कुमार को युवा ब्लॉक अध्यक्ष पंवासा तथा अजब सिंह को सम्भल तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक के दौरान जिला महासचिव शिशुपाल सिंह, युवा जिला प्रवक्ता पंकज यादव, बहजोई ब्लॉक अध्यक्ष सत्यभान सिंह, संभल युवा तहसील अधयक्ष ओ३्म शरण, युवा जिला अधयक्ष केपी सिंह राणा, पवांसा ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह आर्य, जिला महासचिव सत्यवीर सिंह विपिन कुमार आदि रहे।



सम्भल-खानूपुरा की मिलक में किसानों को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-अवैध खनन भरे डम्फर को सीज़ करते पीटीओ।

# खनन भरे अवैध डम्फरों पर चला परिवहन विभाग का चाबुक

**असमौली।** थाना असमोली क्षेत्र के सम्भल-जोया मार्ग स्थित मिल चौराहे पर परिवहन विभाग ने शनिवार को अभियान चलाकर खनन माफियाओं की कमर तोड़ दी। पीटीओ योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में मिट्टी से भरे ओवरलोड डम्फर, डीसीएम और स्कूल वाहन पकड़े गए। सभी वाहनों को नियम विरुद्व पाए जाने पर सीज कर दिया गया।

गौरतलब है कि ओवरलोड और डग्गामार वाहन सड़क हादसों की बड़ी वजह बनते हैं। आए दिन ऐसे वाहनों से सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई निर्दोष लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने यह सख्त कार्रवाई की है। पीटीओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि खनन माफ़िया अवैध कमाई के चक्कर में नियमों की अनदेखी कर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे ओवरलोड वाहनों और डग्गामार गाड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।



बबराला-रूठे परिवार को एक कराकर भेजते काउंसलर।

# 11 परिवार काउंसलरों के प्रयास से हुए एक

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक में काउंसलरों के प्रयासों से रूठे दम्पत्तियों को एक कराया।

बहजोई स्थित महिला थाना परिसर मे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में आयोजित बैठक में पति-पत्नी के मध्य आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया। बैठक में 98 पत्रवली सुनकर 41का निस्तारण किया गया। इनमें 11 परिवार को मिलाया गया। जबकि 25 मामलों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की सस्तुंति की गई। इसके अलावा 5 मामलों में विधिक कार्यवही की संस्तुति की। इस अवसर पर लव मोहन वाष्णेय एडवोकेट, संगीता भार्गव, श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा सीमा आर्य कंचन महेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि उपस्थित रहे।

# समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व के साथ बनेगी श्रीरामलीला कमेटी



सम्भल-रामलीला कमेटी के गठन से पूर्व गायत्री यज्ञ में आहूति देते।

**○गतिविधियां संचालन से पूर्व गायत्री यज्ञ में दी आहूतियां**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्री रामलीला कमेटी के गठन एवं गतिविधियां संचालन से पूर्व गायत्री यज्ञ किया गया। जिसमें नगर हिंदू सभा एवं श्री रामलीला कमेटी से जुड़े हुए अनेक श्रृद्धालुओं ने भाग लिया।

चंदौसी रोड पर स्थित गायत्री सेवा आश्रम में नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल एवं प्रबंधक वैभव गुप्ता ने मुख्य यजमान के रूप में यज्ञ में आहुतियां दीं। जबकि अधिवक्ता कृष्ण कुमार ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से सभी ग्रहों का पूजन कराया। नकारात्मक विचारों का दमन करने और सकारात्मक ऊर्जा से भरने की सोच के साथ विशेष मत्रों के द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई। गायत्री यज्ञ के उपरांत रामलीला कमेटी की और से आयोजित बैठक में वक्ताओं ने श्री रामलीला कमेटी के गठन हेतु अपने-अपने सुझाव और विचार रखें। जिनका जवाब देते हुए प्रबंधक वैभव गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के जिन गांवों में रामलीला नहीं होती है उन सभी गांव में भी प्रचार प्रसार किया जाएगा और रामलीला मंचन को देखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने मातृशक्ति को विशेष सहयोग देने तथा हर बैठक और कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आहवान किया।कमेटी के अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के उचित प्रतिनिधित्व के साथ रामलीला कमेटी का गठन दो दिन के अंदर कर दिया जाएगा। सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियां से परिचित कराया जाएगा और अनुशासित तरीके से परंपरागत ढंग से उचित व्यवस्थाओं के साथ-साथ श्री रामलीला का मंचन एवं शोभा यात्रा का संचालन तथा दशहरे मेले का कार्यक्रम विधिावत आयोजित होगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नगर हिंदू सभा के अधयक्ष कमलकांत तिवारी ने कहा कि अध्यक्ष और प्रबंधक ऊर्जावान है। ऊर्जा, अनुशासन, परंपरा, श्रृद्वा, भक्ति के साथ रामलीला मंचन कार्यक्रम इस वर्ष प्रेरणादायक शोभित गुप्ता, सौरभ गुप्ता, पंकज सांख्यधर, बबीता भारद्वाज, सविता गर्ग, सुमन लता शर्मा, शशि गंभीर, अभिनंदन शर्मा, अजय कुमार शर्मा, उमेश सैनी, प्रताप सिंह आर्य, प्रतीक गुप्ता, कशिश कौशल एडवोकेट, अभिनंदन शर्मा, विनीता भारद्वाज आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# ऑन लाइन गेमिंग विधयेक सरकार का सराहनीय कदम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** ऑनलाइन जुए और सटटेबाजी पर केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कैबिनेट ने गेमिंग विधेयक पास कर दिया। इसकी सराहना की गयी।

केंद्र सरकार ने ऑनलाइन जुए और सटटेबाजी पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में सटटेबाजी और जुए से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म के खिलाफ कड़े प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत ऐसे ऐप या प्लेटफार्म चलाने वालों को सात साल तक की कैद और जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। विधोयक में यह भी प्रावधान है कि इनसे जुड़े सभी बैंकिंग लेनदेन पर प्रतिबंध लगाया जा सकेगा, ताकि जुए और सट्टेबाजी को पूरी तरह से रोका जा सके। इसकी नगर के लोगो ने सराहना करते हुए कहा कि यह जुआ और सटटा काफी चल रहा है।इससे काफी लोग बर्बाद हो गये।उनका परिवार कर्ज में डूब रहा है। सराहना करने वालों में योगेश गुप्ता,नारायन शर्मा, प्रशान्त वार्ष्णेय, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, कल्लू वार्ष्णेय आदि हैं।

**○गतिविधियां संचालन से पूर्व गायत्री यज्ञ में दी आहूतियां**

# नि:शुल्क चाक पाने को साक्षात्कार 28 को

**सम्भल।( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित नि:शुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अंतर्गत आधुनिक इलेक्ट्रोनिक चॉक को किए गए आवेदन कर्ताओं का साक्षात्कार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 28 को होगा। साक्षत्कार प्रात: 11 बजे लिया जायेगा।

# पत्नी से कहासुनी में फांसी लगाने का प्रयास

**सम्भल।( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** हयात नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में पति-पत्नी में कहा सुनी को लेकर पति ने फांसी लगाने का क्या प्रयास पत्नी के शोर मचाने पर परिजनों ने आनंद फानन में हसीना बेगम हॉस्पिटल में कराया भर्ती पति खतरे से बाहर है।उसका उपचार चल रहा है। हयात नगर थाना प्रभारी संजीव कुमार सोम ने बताया थाने पर इन लोगों ने सूचना नहीं दी अस्पताल से मेमो आ गया था हयात नगर थाना पुलिस मौके पर चली गई है अब तबीयत ठीक है।

# धांधली के विरोध में आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश में खाद की किल्लत और संकट को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जबकि महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। आम आदमी पार्टी के सम्भल प्रभारी आतिर हुसैन के नेतृत्व में एकत्र हुए कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। खाद की किल्लत प वितरण में धांधली और कालाबाजारी के आरोपों को लेकर धरना प्रर्दशन करने लगे। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए आतिर हुसैन ने कहा कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। जबकि खाद वितरण में हो रहे भारी भ्रष्टाचार और कालीबाजारी पर रोक लगने के साथ वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए। साथ इसके लिए दोषी सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होने कहा कि खेती का मौसम चल रहा है, खाद की कमी से बुवाई बाधित किसानों को राहत देने के लिए विशेष सहायता पैकेज घोषित किया जाए। किसानों को प्राथमिकता देकर किसान के हितों की रक्षा करने की मांग की।



सम्भल- खाद वितरण में धांधली के विरोध में धरना देते आप कार्यकर्ता।

# छात्रवृत्ति पाने को 31 तक प्रक्रिया करें पूर्ण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश शासन की ओर से पूर्वदशम् छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/ शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति का वितरण 02 अक्टूबर, को मिलने की सम्भावनाएं हो गयी है। जिसके लिए लाभार्थी छात्र-छात्राओं के अधिक से अधिक आवेदन पत्रों को 31 अगस्त तक अग्रसारित/ निरस्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेशन शासन ने दो अक्टूबर तक छात्र वृति का वितरण करने का आदेश दिया है। जिसके तहत जिले की शिक्षण संस्थाओं पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11-12 के योजनान्तर्गत छात्रों से अधिक से अधिक आवेदन कराते हुए पात्र छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्रें को 31 अगस्त 2025 तक नियमानुसार ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित निरस्त करना सुनिश्चित किया जाये। जिससे शासन द्वारा 02 अक्टूबर 2025 को अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की धनराशि दी जा सके। इसके अलावा ऐसी शिक्षण संस्थाएँ जिनके द्वारा अभी तक अपनी प्रोफाइल इत्यादि लॉक नहीं की गयी है। वह शिक्षण संस्थाएँ अपनी प्रोफाइल एवं सीट 02 दिवस के भींतर लॉक करना सुनिश्चित करें, तत्पश्चात प्रोफाइल एवं सीट 02 जिला विद्यालय निरीक्षक की लॉगिन से नियमानुसार लॉक की जायेंगी। उपरोक्त प्रक्रिया पूरी होने के उपरान्त ही संबंधित छात्रों के आवेदन पत्र संबंधित शिक्षण संस्थाओं से अग्रसारित हो सकेंगे। प्रोफाइल वेरीफाई संबंधित रिपोर्ट राज्य एन.आई.सी. द्वारा शिक्षण संस्थाओं की लॉगिन पर प्रदर्शित करायी जा चुकी है।

**○दो अक्टूबर तक प्रदान की जानी है छात्रवृत्ति**


**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र सुभहान व उसकी पत्नी अरमाना गलत संगत में पड़ गए हैं और मेरा कहना नहीं मानते हैं। घर में आमादा फिसाद होते हैं। घर में जेवर पैसा पूरा लेते है। अब मैने अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा सम्बंध विच्छेद कर दिये है। अब मेरा व परिवार का कोई ताल्लुक व वास्ता उक्त सुभहान व अरमाना से नहीं है दोनों अपने कृत्य व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार है।

**सुहानी खातून पत्नी सलमान**
नि. बारीपुर भमरौआ थाना हजरत नगर गढ़ी तह. व जिला सम्भल

**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम मौहम्मद आज़म था। जिसको बदलकर अब मैने शादाब आज़म रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**शादाब आज़म पुत्र श्री शमशीर हुसैन**
नि. खुर्शीद मियां की दरगाह के पास, सैफ खां सराय, सैफ खान सराई, नूरियों सराय, सम्भल तह. व जिला सम्भल।


# दुर्घटना में पत्नी की मौत, पति घायल

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित ऑफिसर सिटी सोसायटी निवासी ट्विंकल वर्मा 21 अगस्त की रात सड़क हादसे का शिकार हो गईं। हादसे के समय वह पति तरुण जिंदल के साथ बाइक पर दिल्ली से लौट रही थीं।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

## बाइक सबार की मौके पर मौत, साथी युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव निवाड़खास में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सबार को टककर मार दी जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निवाड़ खास निवासी कपिल ओर महेंद्र दोनों एचडीएफसी बैंक में कलेक्शन विभाग के पद पर तैनात थे रोज की तरह शनिवार की सुबह अपनी मोटरसाइकिल हीरोस्प्लेंडर यूपी 21 डीडी 1377 से एचडीएफसी बैंक मुरादाबाद जाने के लिए घर से निकले थे जैसे ही सड़क पर पहुंचे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक नहर में गिर गए और ऊपर से ट्रैक्टर चढ़ गया ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ कर मौके से फरार हो गया।

चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटना की तरफ दौड़े और घायलों की पहचान कपिल पुत्र प्रेम सिंह 28 ओर महेंद्र सिंह पुत्र रामवीर सिंह 25 के रूप में की घटना की सूचना मिलते ही परिजन और गांव वाले घटना स्थल की तरफ दौड़े साथ ही पुलिस को सूचित किया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह भी भारी पुलिस वल के साथ मौके पर पहुँचकर ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे घायलों को निकाल कर निजी वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया जिसमे रास्ते मे ही कपिल पुत्र प्रेम सिंह ने दम तोड़ दिया गुस्साये ग्रामीणों ने मानपुर पहुंचकर जाम लगा दिया और चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे जाम की सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी मुंडापांडे थाना प्रभारी, थाना प्रभारी डिलारी और थाना प्रभारी भोजपुर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे ओर परिजनों को समझाने का प्रयास करने लगे मोके पर पहुँचे ब्लॉक प्रमुख ओर जिला पंचायत सदस्य छोटू बाबा,किसान अध्यक्ष रोहित देवल आदि ने भी मोके पर पहुँच कर परिजनों को समझाने का प्रयास किया इसी दौरान दोनों तरफ जाम की लंबी कतारें लग गई क्षेत्रअधिकारी गौरव त्रिपाठी ने परि. जनों को किसी तरह एक घन्टे की कड़ी मशक्कत के बाद समझा वुझाकर कर जाम को खुलवाकर सुचारू रूप से चालू कराया घटना की जानकारी करने पर क्षेत्राधिकारी गौरव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में कर लिया है चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है आगे की कार्यवाही के लिए परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी,वही

परिजनों का आरोप है कि अगर समय से 108 एंबुलेंस आ जाती ओर ओक्सिजन मिल जाती तो शायद कपिल की जान बच सकती थी मृतक कपिल की दो वर्ष पहले ही शादी हुई थी मृतक ने अपने पीछे तीन माह की एक बेटी और पत्नी नेहा को रोटी-विलखते छोड़ा है।

# मिट में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन दृख शोध एवं विकास में गुणवत्तापूर्ण प्रस्ताव लेखन पर विशेष सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के अंतर्गत टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफ.डी.पी.) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ, जिसका विषय था। "शिक्षकों को शोध एवं विकास में सशक्त बनाना: गुणवत्तापूर्ण प्रस्ताव लेखन"।इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. एस. के. यादव (शिक्षक शिक्षा विशेषज्ञ, पूर्व विभागाध्यक्ष, शिक्षक शिक्षा विभाग, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली एवं शैक्षणिक सलाहकार, एन.ई.टी.ई., नई दिल्ली) रहे। उन्होंने संकाय सदस्यों को शोध एवं विकास में गुणवत्तापूर्ण





प्रस्ताव तैयार करने की कला और तकनीक से अवगत कराया।प्रो. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान और विकास का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। गुणवत्तापूर्ण शोध प्रस्ताव केवल शैक्षणिक प्रगति के लिए ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुदान प्राप्त करने के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसी भी शोध प्रस्ताव की सफलता के लिए स्पष्ट उद्देश्य, ठोस पृष्ठभूमि, संगठित शोध पद्धति और अपेक्षित परिणामों का सुस्पष्ट प्रस्तुतीकरण अनिवार्य है।इस एफ.डी.पी. का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को शोध एवं परियोजना प्रस्ताव लेखन में सक्षम बनाना था, ताकि वे अपने-अपने विषयों में नवाचार और ज्ञान-विस्तार की दिशा में आगे बढ़ सकें। इस कार्यक्रम में विश्व. विद्यालय के विभिन्न संकायों से बड़ी संख्या में शिक्षकों ने प्रतिभाग किया और संवादात्मक सत्र में सक्रिय भूमिका निभाई।प्रो. विपिन जैन (डीन, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय एवं प्राचार्य टिमिट) का संद.ेश" शोध किसी भी शैक्षणिक संस्था की आत्मा है। गुणवत्तापूर्ण शोध प्रस्ताव न केवल संस्थान की शैक्षणिक स्थिति को सुदृढ़ करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस एफ.डी.पी. के माध्यम से हमारे संकाय सदस्य भविष्य में और अधिक प्रभावी ढंग से शोध परियोजनाएँ तैयार कर सकेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल हमारे शिक्षकों को सशक्त बनाएंगे बल्कि विश्व. विद्यालय को शोध के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे।"

# वैश्विक इंडस्ट्री 4.0 के लिए मैटेरियल इन्नोवेशन्स एक वरदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नैनो ग्लास मैटेरियल जमीन से आसमां तक सूरत और सीरत बदलने की क्षमता रखता है। यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, इंडस्ट्री 4.0 से लेकर एयरस्पेस तक के लिए यह तकनीक वरदान साबित होगी। यह मैटेरियल गुणों की खान है। इसमें तापमान में स्थिरता, यांत्रिक मजबूती, इलेक्ट्रिक इंसुलेशन सरीखी क्वालिटी हैं। यह मानना है, चीन के जियांगसी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मैटेरियल्स एक्सपर्ट प्रो. चाओमिन वांग का। प्रो. वांग तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- सीओई के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से रिसेंट ट्रेंड्स ऑन इन्नोवेशन इन मैटेरियल्स एंड प्रोसेसिंग टेक्निक्स- आरटीआईएमपीटी- 2025 पर आयोजित दो दिनी फर्स्ट इंटरनेशनल



कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। प्रोसेसिंग एंड करेक्टराइजेशन ऑफ नैनो ग्लास यूजिंग इनर्ट गैस कंडेंसेशन पर अपने आधे घंटे के वर्चुअली व्याख्यान में चीन के एक्सपर्ट प्रो. वांग से रिसर्चर्स ने सवाल भी किए। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, आईआईटी बीएचयू के मशीन-टूल्स डिजाइन के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एचओडी डॉ. जॉय प्रकाश मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि, राम मनोहर लोहिया यूनिवर्सिटी, अयोध्या के डॉ. दिनेश कुमार राव बतौर विशिष्ट अतिथि, आईआईटी रोपड़, पंजाब के डॉ. हेमंत नौटियाल, शिव नादर यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के डॉ. अकित गुप्ता, एमएनआईटी, प्रयागराज के डॉ. बृज किशोर के संग-संग डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एफओई के डीन एवम् कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर प्रो. आरके द्विवेदी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत, जबकि अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में सिंगा. पुर, ओमान, चीन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से करीब एक दर्जन से अधिक रिसर्चर्स की वर्चुअली उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कॉन्फ्रेंस में 55 रिसर्च पेपर्स और 12 पोस्टर्स प्रस्तुत किए गए। दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी के रिसर्च स्कॉलर अंकित सक्सेना को बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही टीएमयू की हर्षिता चावला पोस्टर प्रजेंटेशन, जबकि पुष्पांजलि सिंह और पंकज कुमार ओरल रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में अव्वल रहे। सभी स्वीकृत रिसर्च पेपर्स स्कोपस इंडेक्सड जर्नल- मैटेरियल प्रोटेक्शन में प्रकाशित किए जाएंगे। सभी अतिथियों ने कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग- आईसीएमसी-2025 का विमोचन भी किया। संचालन डॉ. इंदु त्रिपाठी ने किया। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में एक्सपर्ट्स ने मैटेरियल इन्नोवेशन इन स्टील इंडस्ट्री, ट्राइबोलॉजिकल बिहेवियर ऑफ मैटेरियल, एनर्जी कंजर्वेशन सस्टेनेबल मैटेरियल्स, फॉर्जेबिलिटी ऑफ स्टील मैटेरियल पर अपने-अपने व्याख्यान दिए। एक्सपर्ट्स ने इंडस्ट्री 4.0 के संग-संग मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, एडवांस ऑटोमेशन पर विस्तार से चर्चा की । मैटेरियल एक्सपर्ट्स बोले, एआई और मशीन लर्निंग के संगम से मैटेरियल इन्नोवेशन तकनीक और ऑटोमेशन की दुनिया में नई क्रांति संभव है। इसके अलावा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और नैनो टेक्नोलॉजी को अधिक दक्षता प्रदान करने वाले ईको फ्रेंडली मैटेरियल्स के बारे में भी गहनता से समझाया गया। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में एसोसिएट डीन आरएंडी प्रो. अनुराग वर्मा, कॉन्फ्रेंस कन्वीनर डॉ. रोहित कुमार गौतम, एचओडी डॉ. हिमांशु कुमार, को-कन्वीनर श्री अरुण गुप्ता, सेक्रेट्री डॉ. संकल्प गोयल, श्री केबी आनन्द, श्री भगवान, श्री एसबी रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गांव असालतपुर जारई में हुआ खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम



**चन्दौसी।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र चन्दौसी की ओर से विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम असालतपुर जारई में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को उद्घाटन ग्राम प्रधान आरती देवी एवं केंद्र के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ सेवानिवृत्त सहायक प्रभारी हुकम सिंह राणा ने नींबू का अचार बनाने की विधि बताई, वहीं पिंकी सिंह ने महिला उद्यमियों को विभिन्न मसालों एवं नींबू स्क्वैश बनाने का तरीका व्यावहारिक रूप से समझाया। केंद्र प्रभारी नौसिंह ने पीएमएफएम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को उद्योग लगाने पर विभाग द्वारा 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं और उद्यमियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

### डीएम एवं एसपी ने किया मेला परिसर का निरीक्षण



**चन्दौसी।** उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेला 25 अप्रैल से आरंभ हो रहा है। 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर रथयात्रा निकाली जायेगी जिससें हजारों की संख्या में श्रद्धालु गणपति बाबा के दर्शन करने के शामिल होंगें। साथ ही मेला ग्राउंड में मेला की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। शनिवार को जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा मेला ग्राउंड का भ्रमण किया गया। मेला कमेटी के मीनू वार्ष्णेय एवं अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# डीएम-पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया पुलिस चौकी का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखंड बनिया खेड़ा के ग्राम पंचायत कैथल में पिछले 08 माह से बन रही पुलिस चौकी का शनिवार, 23 अगस्त 2025 को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा लोकार्पण किया गया। यहां बताते चलें कि कैथल के आसपास बर्रई, रामनगर, नबा. वपुरा, एतोल आदि कई गांव हैं जिसमें एक-दो गांव बरने. विल भी हैं। घटना हो जाने पर चन्दौसी से जगह-जगह जाम व दूरी अधिक होने के करण पहुंचने में पुलिस को समय लगता था। इसीलिए कैथल ग्राम पंचायत क्षेत्र में चौकी की मांग लंबे समय से चल रही थी। पिछले 08 माह पूर्व जिलाधिकारी ने कैथल में चौकी बनाने के आदेश दिये थे लेकिन कुछ लोगों ने कैथल में चौकी वाली भूमि पर अनाधिकृत रुप से कब्जा कर रखा था जिसे राजस्वकर्मियों व पुलिस ने हटवाया। फिलहाल सभी बाधाओं को दूर करते हुए चौकी का निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद अब लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कैथल पुलिस चौकी आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार, चौकी इंचार्ज कैथल राहुल कुमार देशवाल व ग्राम प्रधान कैथल प्रेम यादव, ग्राम प्रधान बर्रई आदि सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।










## आठ जुलाई से विवाहिता लापता, पिता ने जताई हत्या की आशंका

**चन्दौसी।** ससुराल से विवाहिता के अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। महिला के पिता ओमपाल पुत्र बाबूराम निवासी मो. हकमपुर थाना फैजगंज वेहटा ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सम्भल से गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी उषा शर्मा की शादी लगभग आठ वर्ष पूर्व मोनू शर्मा पुत्र रामपाल निवासी बलकरनपुर तहसील चन्दौसी से हुई थी। वर्तमान में दामाद चन्दौसी पावर हाउस कॉलोनी स्थित मकान संख्या 11/23 में रह रहा है। आरोप है कि मोनू पत्नी को आए दिन परेशान करता था और शिकायत करने पर भी कोई समाधान नहीं हुआ। पिता के अनुसार, 08 जुलाई 2025 से उनकी बेटी ससुराल से गायब है। जब उन्होंने दामाद से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह रिश्तेदारी में गई है, लेकिन सही पता नहीं बताया। पिता ने आशंका जताई है कि कहीं उनकी बेटी की हत्या तो नहीं कर दी गई।

# अखिल भारतीय जाट महासभा की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



### राखी सिरोही बनीं महिला जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा शनिवार को कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की कार्यकारिणी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई तथा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष के रूप में राखी सिरोही की घोषणा की गई। इस अवसर पर संगठन द्वारा जनपद सम्भल के समस्त जाट समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज व संगठन की मजबूती हेतु कार्य करने का आह्वान भी किया गया। नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष राखी सिरोही ने कहा कि वह महिलाओं के बीच जाकर समाज के प्रति जागरूकता फैलाने और संगठन निर्माण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगी। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय जाट महासभा के युवा प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सनि आर्य ने संगठन का परिचय देते हुए बताया कि अखिल भारतीय जाट महासभा जाट समुदाय का सबसे प्राचीन और प्रथम संगठन है। यह संगठन हमारे पूर्वजों की धरोहर है और समाज की एकता व प्रगति का आधार है। इस अवसर पर पूर्व एम.एल.सी. चंद्रपाल सिंह उर्फ पप्पू चौधरी ने जाट समुदाय के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक जुड़ाव पर प्रकाश डाला और संगठन की मजबूती के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। बैठक में जिलाध्यक्ष नकुल सिंह औलख, छत्रपाल सिंह, दलवीर सिंह, विजयपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, विकास चौधरी, प्रशांत चौधरी, प्रदीप चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह चौधरी, सतवीर सिंह, ऊषा चौधरी, रजनी, नीतू सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एफआर कॉलेज में हुआ मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें मंडल के पांचो जनपद संभल, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर जनपदों के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र पहलवानों और छात्रा पहलवानों ने प्रतिभाग किया। कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच राज्यमंत्री गुलाबदेवी प्रतिनिधि के रूप में उनके पति रामपाल, बनियाखेड़ा ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम कुमार द्वारा संयुक्त रूप से छात्र एवं छात्रा पहलवानों से परिचय प्राप्त कर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। इस मौके पर डा. सुगंधा ने सभी छात्र और छात्रा पहलवानों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शिक्षा के महत्व को भी समझाया। जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम कुमार ने अपने संबोधन में सभी विजेता खिलाडिघ्यों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य कामना की और बताया कि प्रतियोगिता निष्पक्षता पूर्ण और सही संपन्न कराई जाए। प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन ने विद्यालय में पधारे सभी मेहमानों व छात्रों का शुक्रिया अदा किया एवं विजेता छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता संपन्न कराने अमरोहा से कोच अनुज शर्मा, बिजनौर से नागेंद्र सिंह, रामपुर से महावीर सिंह, रामपुर से महिला कोच कुमारी रहमान, रामपुर से ही गोविंद नारायण, मुरादाबाद से अनिरुद्ध प्रताप सिंह जूनियर कोच, संभल से भोलेनाथ त्यागी, निर्णायक मंडल में मुरादाबाद से संजीव कुमार चौधरी, मेहंदी हसन उपस्थित रहे। संभल से क्रीडा सचिव सचिन शर्मा, सह सचिव संजीव, मुरादाबाद से चयनकर्ता के रूप में मनीष एवं प्रभु दयाल प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के रेफरी के रूप में भोलेनाथ त्यागी रहे। सहायक रेफरी मोहम्मद तुफैल। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति से प्रबंधक सेठ शम्सुर्रहमान, हाजी कासिम अंसारी, अनीश कुरैशी, अख्तर बाबू आदि उपस्थित रहे। विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य राजेश गुप्मे, हुकुम सिंह, नरेंद्र कुमार, कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ से हाजी वाहिद हुसैन, अब्दुल जाहिद, शफीक मियां, सैयद अली असीम, मोहम्मद नजीर, इकबाल अहमद, मोहम्मद मौज, रिजवान अहमद खान, अख्तर अंसारी, हुमायूं शमसी, मोहम्मद गौस, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद सुभान, सलमान अहमद, अब्दुल शरीक, एजाज अहमद, शबनूर, शाजिया खानम, मेहजबी, भावना गुप्ता, रेखा, चौधरी राशि त्यागी, नजमा, खुशबू, अनवर परवेज, जमील अहमद, अकील अहमद, मेहजबी, पंकज बहुखंडी, अनुराग सिंह, रोशन सलीम, शफीक अहमद, नजीर हुसैन, शबाब अली, इकराम बेग, जफरुद्दीन, कमरुद्दीन, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद यामीन, निसार अहमद, मोहम्मद तौफीक, आसिफ आदि विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संच. ालन मोहम्मद हनीफ ने किया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमने अपने पुत्र नूर व पुत्रवधू श्रीमती महक निवासीगण मौहल्ला बस्ती कस्बा व थाना गजरौला, जिला अमरोहा हाल निवासीगण रूई की फैक्ट्री, कस्बा व थाना चित्तौड़ जिला ईरोड (तमिलनाडु) को गलत आचरण/गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती नगीना पत्नी इल्यास व इल्यास पुत्र मौहम्मद जान निवासीगण मौहल्ला रहमतनगर गली नम्बर-1 थाना कटघर, मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र शनि यादव को गलत आचरण/गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए सभी कृत्यों लेनदेन/मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**श्रीमती गीता देवी पत्नी बांके लाल यादव एवं बांके लाल यादव पुत्र स्वर्गीय हरिओम निवासी मोहल्ला चाऊ की बस्ती लाइनपार, गली नंबर-3 मझोला, जिला मुरादाबाद।**

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल

**ई-निविदा सूचना:** **दिनांक: 23.08.2025**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

**1. 07/EDC(S)2025-26, विद्युत वितरण खण्ड चन्दौसी, सम्भल एवं बबराला के कार्यक्षेत्र में 11/0.4 के0वी0 उपकेन्द्रों की क्षमतावृद्धि के कार्य, प्रपत्र शुल्क–रू. 3540, धरोहर राशि–रू. 67 हजारं**
**2. 08/EDC(S)2025-26, विद्युत खण्ड चन्दौसी, सम्भल एवं बबराला के कार्यक्षेत्र में 11/0.4 के.वी. उपकेन्द्रों के निर्माण कार्य, प्रपत्र शुल्क–रू. 3540, धरोहर राशि –रू. 18 हजार**
**3. 09/EDC(S)2025-26, विद्युत वितरण खण्ड चन्दौसी एवं बबराला के कार्यक्षेत्र में क्रमशः 33 के.वी. लाईन का सुदृढ़ीकरण तथा 33/11 के.वी. वी. सी.बी. के प्रोटेक्शन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क– रू. 1180 धरोहर राशि–रू. 10 हजारं**

**निविदा की अन्तिम तिथि: 16 सितम्बर 2025, 12.00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट **https://etender.up.nic.in/** पर उपलब्ध हैं अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगीं

पत्रांक: 6429 वि0वि0म0सं0/आ0-2/विज्ञापन दिनांक: 23.08.2025

# हनुमान की शक्ति और शिव की भक्ति का सदैव स्मरण करो : प्रशान्त गुरु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इच्छा पूर्ति सिद्ध पीठ के महंत डॉ प्रशान्त गुरु ने कहा कि पवन पुत्र हनुमान की शक्ति और शिव की भक्ति अनुकरणीय है। इसलिये दोनों का स्मरण करते रहो। बजरंग बली महाकाल के अवतार ही है। इसलिये उन्हें रूद अवतार भी कहा जाता है।डॉ प्रशान्त गुरु आज महाकाल स्टोर्स पर श्री महाकाल सेवक संघ द्वारा आयोजित महाकाल प्रसादम् सेवा में विचार व्यक्त कर रहे थे उन्होंने कहा कि सावन माह के बाद भादों माह का विशेष महत्व है। योगीराज कृष्ण का जन्म भादों की अष्टमी (कृष्णपक्ष) को हुआ वह 64 कलाओं के महारती थे उन्होंने कहा कि महाक. ाल के दर्शन करने मात्र से कष्टों से छूट जाता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वर्ग के साथ-साथ मुक्ति का रास्ता माता-पिता के चरणों में ही है इसलिये माता-पिता की सेवा करते रहो उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में जिस दिन हमने अपने बुजुगों, माता - पिता की सेवा करनी शुरू कर दी, उस दिन वृद्धाश्रम, वान प्रस्थ आश्रम बंद हो जायेंगे इस प्रकार के आश्रम भारतीय संस्कृति को कमजोर कर रहे हैं उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भूखे को अन्न और प्यासे को पानी पिलाने से महाकाल समेत सभी देवी-देवता प्रसन्न होते है स मुख्य अतिथि के रूप में बाल संरक्षण आयोग के5 पूर्व अध्यक्ष डॉ विशेष गुप्ता द्वारा कहा गया कि आज शनि अमावस्या है बहुत पवित्र दिन है। इस दिन शनि देव की पूजा करने,पीपल के वृक्ष पर जल चढ़ाने से पुण्य प्राप्त होता है तथा इस दिन पितृरो के नाम से दान कर मानव द्वारा पुण्य लाभ कमाया जा सकता है इस कार्य करने से हमारे पितृदेव प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद प्रदान करते हैं।कार्यक्रम का संचालन उप महंत मोहित राज गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि महाकाल बहुत दयालु हैं वह छोटे से प्रयास से ही



प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिये प्रतिदिन महाकाल का स्मरण करना चाहिये। आभार अभिव्यक्ति मुकेश वर्मा की रही। व्यवस्था में डॉ वी के गुप्ता सुशील कुमार शर्मा, प्रेम प्रकाश सक्सेना, आशीष चित्रांश, सुनील कुमार शर्मा, कमल कुमार, शिव कुमार, अंकित गुप्ता, अमित सक्सेना, मोहित चौहान, मनुराज गुप्ता, अमरजीत सिंह, शास्त्री पुनीत गोयल आदि का विशेष सहघ्योग रहा।महाकाल के भजनों पर श्रद्धालु लम्बे समय तक झूमते रहे। बाद में सभी ने प्रसाद ग्रहण कियाआज की महाकाल प्रसादम् सेवा में विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं दी ग्लोबल अट्टायर की चेयरपर्सन श्वेता जैन का विशेष सहयोग रहा।पारिवारिक सदस्यों शार्विन जैन, अनायरा जैन का खास योगदान रहा।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर बच्चों को दी गई वैज्ञानिक सोच की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** जूनियर हाई स्कूल धर्मपुर कलां में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस मौके पर अंतरिक्ष से संबंधित जानकारी दी गई। आर्यभट्ट से गंगनयान यह प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाओं तक थीम पर आधारित कार्यक्रम में बच्चों ने हिस्सा लिया। डॉ भूपेंद्र सिंह ने बच्चों को अंतरिक्ष में जाने वाली कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, शुभांशु शुक्ला आदि के बारे में जानकारी दी। भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियां से अवगत कराया। चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण से चंद्रमा पर प्रज्ञान रोवर के सफर के बारे में जानक. ारी दी, जिससे बच्चों में विज्ञान के प्रति जागरूकता और वैज्ञानिक सोच विक. सित हो सके। इस बीच बच्चों ने अंतरिक्ष से जुड़े सवालों को भी पूछा। इस मौके पर विक्रांत, आकाश, प्रिंस, इरशाद, बॉबी, सलोनी, मीनाक्षी, फिजा, आलिया नूर,स्वाति आदि ने




चंद्रयान-3 का प्रतिरूप बृजपाल सिंह सहायक अध्यापक के निर्देशन में तैयार किया। इंचार्ज अध्यापक ने अध्यापक व बच्चों का आभार व्यक्त किया।

# उप्र व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया नवांगतुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का स्वागत

**बिलारी।** नवांगतुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उदयपुर प्रताप सिंह का उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर व्यापारियों ने नगर की समस्याएं और सुझाव रखें। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय जैन,सुरेंद्र कुमार चुग, विनीता रस्तोगी, रमाकांत गुप्ता, मोहम्मद सलीम, दुष्यंत चौहान, इकरार हुसैन,शशांक जैन, नितिन डूडेजा आदि पदाधिकारीयों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कोतवाली बिलारी में नवागंतुक थाना अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह मलिक से क्षेत्र से सम्भ्रांत नागरिक व पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण उनसे शिष्टाचार भेंट करते हुए पुष्पगुच्छ व पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस भेंट के दौरान



पदाधिकारीयों ने नगर की प्रमुख समस्याओं पर भी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक ने व्यापार मंडल को इस भेंट हेतु आभार व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन के सहयोग की बात करते हुये नगर में अधिक से अधिक सीसीटीवी लगवाने का प्रस्ताव रखा। इस मौके पर देवेश शर्मा, विकास गुप्ता सर्राफ,के के गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता,सुनील आर्य, महेश गुप्ता, एडवोकेट नरेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, हाजी दिलशाद अंसारी ,हाजी शमसुद्दीन, एडवोकेट सचिन गुप्ता, कपिल गुप्ता , सपन गुप्ता व नोमान जमाल आदि ने भाग लिया।

# आईएफटीएम में गहन एचआईवी जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा "गहन एचआईवी जागरूकता अभियान-2025" के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

ग्रामीण आबादी के बीच एचआईवी/एड्स की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में जागरूकता फैलाना इस रैली का उद्देश्य रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को ग्रामीण समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक




सराहनीय पहल बताया। वहीं एनएसएस इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने एड्स एवं एचआईवी के बारे में बृहद रूप से जानकारी देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना ही एचआईवी संक्रमण को रोकने का एकमात्र तरीका है। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि लोगों को एचआईवी संक्रमण की उत्पत्ति एवं प्रसार के बारे में बताया जाए, ताकि वे इस महामारी के दुष्प्रभाव से बच सकें। रैली की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई, उसके बाद रैली ने गांव लोधीपुर राजपूत एवं गिन्दौड़ा की ओर प्रस्थान किया, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों, शिक्षकगणों एवं अधिकारीगणों ने अत्यंत रूचि के साथ प्रतिभाग किया। रैली में प्रतिभागियों द्वारा लोगों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, लक्षणों तथा इससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करने के सम्बन्ध में नारे लगाए। रैली के सफल आयोजन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, कार्यक्रम आयोजक डॉ. अशोक कुमार एवं आयोजन सचिव श्रीमती रुचि चौधरी समेत डॉ. पूजा नारंग, श्री विपिन कुमार सिंह, श्री जुगपाल सिंह एवं लक्ष्य सिंह आदि फैकल्टी मैम्बर्स का योगदान रहा। इस जागरूकता रैली में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 50 से अधिक विद्यार्थियों एवं एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

# अधिशासी अधिकारी ने देखी सफाई व्यवस्था



**चन्दौसी।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम एवं सफाई निरीक्षक सुनील कुमार ने शनिवार की भोर 5:30 बजे से नगरपालिका क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अधिशासी अधिकारी पैदल निरीक्षण करते हुए फुब्बारा चौक और मुरादाबाद गेट पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने सफाई निरीक्षक सुनील कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सफाई कर्मचारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। साथ ही लगभग 25 मीटर तक जेई अनुज कुमार द्वारा रात्रि में डलवाई गई पाइपलाइन का भी निरीक्षण किया गया।


## नाम परिवर्तन सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रिया राजपूत उर्फ रेशवी चौहान, पुत्री पवन कुमार, निवासी ग्राम पीपलसाना, थाना धामपुर, जनपद बिजनौर की एल.आई.सी. पॉलिसी में नाम रेशवी चौहान अंकित है, जबकि शैक्षिक अभिलेखों एवं आधार कार्ड आदि में सही नाम रिया राजपूत है। अत: भविष्य में सभी स्थानों पर मेरा सही नाम रिया राजपूत ही मान्य होगा। **रिया राजपूत उर्फ रेशवी चौहान पुत्री पवन कुमार निवासी ग्राम पीपलसाना, थाना धामपुर, जनपद बिजनौर।**

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र तैय्यब हुसैन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं।भविष्य में तैय्यब हुसैन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **राशिद पुत्र छिद्दा व श्रीमती महताब जहां पत्नी राशिद निवासीगण ग्राम चक फाजलपुर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दूल्हापुर पट्टी चौहान
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 23.08.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत दूल्हापुर पट्टी चौहान में मनरेगा योजनान्तर्गत रनधीर के घेर से विमल के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 15.09.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रनधीर के घेर से विमल के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी सीसी टाईल्स आदि। | 326501.3 | 6530/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-दूल्हापुर पट्टी चौहान**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रघूवाला वि0 खं0 ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 23.08.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रघूवाला वि.खं. छजलैट जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग, एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.08.2025 से 05.09.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके सुबह 10.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 05.09.2025 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दोपहर 10.00 बजे खोली जायेगी। **नोट:**- निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 500 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 13 | सरिया | प्रति कुंटल | |
| 14 | लोहे का जाल | प्रति कुंटल | |
| 15 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 16 | ऑफिस में उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउचर/हाईपोक्लीराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 18 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | आयरन एंग्लि/सरिया | प्रति किग्रा. | |
| 22 | फर्नीचर/बैच | प्रति नग | |
| 23 | आर.सी.सी. बैच | प्रति नग | |
| 24 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | स्ट्रीट एल.ईडी.लाइट | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 27 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 28 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन। | प्रति नग | |
| 29 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 30 | शौचालय सीट/यूरीनल सीट | प्रति नग | |
| 31 | हैंडपंप रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 32 | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 33 | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रति फिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 39 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | इलेक्ट्रीशियन वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 41 | प्लमविंग वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 42 | आयरन सीट | प्रति किग्रा. | |
| 43 | ई.-रिक्शा/ठेली | प्रति नग | |
| 44 | माईका सीट | प्रति वर्ग मी0 | |

**नियम व शर्तें :**-स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जाएगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधों में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्ति का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार की जायेगी। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियामानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रघूवाला विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मैसूवाला वि0 खं0 ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 23.08.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मैसूवाला वि.खं. छजलैट जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग, एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.08.2025 से 05.09.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके सुबह 10.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 05.09.2025 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दोपहर 10.00 बजे खोली जायेगी। **नोट:**- निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 500 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 13 | सरिया | प्रति कुंटल | |
| 14 | लोहे का जाल | प्रति कुंटल | |
| 15 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 16 | ऑफिस में उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउचर/हाईपोक्लीराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 18 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | आयरन एंग्लि/सरिया | प्रति किग्रा. | |
| 22 | फर्नीचर/बैच | प्रति नग | |
| 23 | आर.सी.सी. बैच | प्रति नग | |
| 24 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | स्ट्रीट एल.ईडी.लाइट | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 27 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 28 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन। | प्रति नग | |
| 29 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 30 | शौचालय सीट/यूरीनल सीट | प्रति नग | |
| 31 | हैंडपंप रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 32 | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 33 | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रति फिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 39 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | इलेक्ट्रीशियन वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 41 | प्लमविंग वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 42 | आयरन सीट | प्रति किग्रा. | |
| 43 | ई.-रिक्शा/ठेली | प्रति नग | |
| 44 | माईका सीट | प्रति वर्ग मी0 | |

**नियम व शर्तें :**-स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जाएगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधों में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्ति का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार की जायेगी। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियामानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत मैसूवाला विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रूपपुर टण्डोला वि0 खं0 ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 23.08.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रूपपुर टण्डोला वि.खं. छजलैट जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग, एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.08.2025 से 05.09.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके सुबह 10.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनांक 05.09.2025 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दोपहर 10.00 बजे खोली जायेगी। **नोट:**- निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 500 रु. है।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | 40 एमएम ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 9 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 13 | सरिया | प्रति कुंटल | |
| 14 | लोहे का जाल | प्रति कुंटल | |
| 15 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 16 | ऑफिस में उपयुक्त होने वाली सामग्री | प्रति नग | |
| 17 | कीटनाशक/बिल्चिंग पाउचर/हाईपोक्लीराइड। | प्रति किग्रा./ली. | |
| 18 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | आयरन एंग्लि/सरिया | प्रति किग्रा. | |
| 22 | फर्नीचर/बैच | प्रति नग | |
| 23 | आर.सी.सी. बैच | प्रति नग | |
| 24 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | स्ट्रीट एल.ईडी.लाइट | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर स्कूल बैच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 27 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 28 | फॉगिंग मशीन/स्प्रे मशीन। | प्रति नग | |
| 29 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 30 | शौचालय सीट/यूरीनल सीट | प्रति नग | |
| 31 | हैंडपंप रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 32 | समरसेविल पम्प नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 33 | आर.सी.सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रति फिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 39 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | इलेक्ट्रीशियन वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 41 | प्लमविंग वर्क | प्रति नग/वर्ग मी0 | |
| 42 | आयरन सीट | प्रति किग्रा. | |
| 43 | ई.-रिक्शा/ठेली | प्रति नग | |
| 44 | माईका सीट | प्रति वर्ग मी0 | |

**नियम व शर्तें :**-स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जाएगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधों में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्ति का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार की जायेगी। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियामानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रूपपुर टण्डोला विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**



# भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते

**● एलावेनिल, शांभवी और नारायण ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते भारत ने सीनियर और जूनियर 10 मी. एयर राइफल मिश्रित टीम प्रतिस्पर्धाओं में जीत हासिल की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एलावेनिल वलारिवन, शांभवी क्षीरसागर और नारायण प्रणव ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते, भारत ने सीनियर और जूनियर दोनों 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल की। इसके साथ ही शिमकेंट, कजाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत का स्वर्ण पदक आंकड़ा 22 हो गया।

एला (316-3) और अर्जुन बाबूता (317-7) ने मिलकर क्वालिफिकेशन में 634-0 स्कोर किया और ओलंपिक इवेंट में 27 टीमों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि भारत की दूसरी जोड़ी मेहुली घोष (317-7) और रुद्रांक्ष पाटिल (314-9) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 632-6 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर दूसरा स्थान हासिल किया। हालांकि, टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, मेहुली और रुद्रांक्ष को पदक मुकाबले से बाहर रहना पड़ा क्योंकि एला और अर्जुन ने चीनी जोड़ी पेंग शिनलू और लू डिंगके (632-3) के साथ स्वर्ण पदक मुकाबले की पात्रता हासिल की थी। भारतीयों ने 16 अंकों की दौड़ में जोरदार शुरुआत की, लेकिन चीनी खिलाड़ी भी तुरंत वापसी करते दिखे और 10वीं सीरीज तक स्कोर बराबर रहा। 11वीं सीरीज जीतकर भारतीयों ने 13-9 की बढ़त बनाई, जिसके बाद चीनी टीम ने टाइम आउट लिया और वापसी करते हुए दो बेहतरीन शॉट्स के साथ स्कोर 13-11 कर दिया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद 10-5 से नीचे कोई स्कोर नहीं किया और अगले दो राउंड जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर स्पर्धा में नारायण प्रणव और शांभवी क्षीरसागर ने क्वालिफिकेशन में 629-5 स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। उनके साथी ईशा टकसाले और हिमांशु ने 628-6 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक मुकाबले से चूक गए। फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना एक और चीनी जोड़ी, तांग हुईकी और हान यिनान से हुआ। शुरुआती नौ सीरीज तक मुकाबला 9-9 से बराबरी पर रहा। इसके बाद भारतीयों ने लगातार उच्च स्कोरिंग शॉट्स के साथ छह अंकों की बढ़त बनाई और अंत में 14वीं और अंतिम सीरीज को बराबरी पर समाप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने दिन का अंत 22 स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य पदकों के साथ किया और कुल 40 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना रहा।

## विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने अंडर-18 व अंडर-21 वर्ग टीमों में जीते स्वर्ण पदक



**● भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 टीम वर्ग में क्रमशः जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते**

**कनाडा, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते हैं।

विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में शुक्रवार को भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 कंपाउंड टीम वर्ग में क्रमशः जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते। कुशल दलाल, अपार मिहिर नितिन और गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु की अंडर-21 तिकड़ी ने फाइनल में जर्मनी की टीम के साथ चार सेटों के अंत में स्कोर 233-233 रहने के बाद हुये एक तनावपूर्ण शूट-ऑफ में हराया। इससे पहले, भारत ने क्वार्टर फाइनल में इजरायल को 235-233 से और सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य को 233-228 से हराया था। वहीं अंडर-18 फाइनल में मोहित डागर, योगेश जोशी और देवांश लसह की टीम ने अमेरिका के खिलाफ हाफ टाइम तक नौ अंकों की बढ़त बना ली और मुकाबला 224-222 से जीत लिया। क्वालीफिकेशन से शीर्ष वरीयता प्राप्त होने के कारण टीम सीधे खिताबी मुकाबले में पहुंच गई थी। इस बीच, भारतीय अंडर-18 महिला कंपाउंड टीम कांस्य पदक के मुकाबले में मैक्सिको से 221-210 से हार गई। अंडर-21 टीम क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई। अगले दो दिनों में भारत व्यकितगत तीरंदाजी स्पर्धाओं में मुकाबला करेगा। अंडर-18 पुरुष कंपाउंड सेमीफाइनल में योगेश जोशी का सामना न्यूजीलैंड के हेक्टर मैकनेली से होगा, जबकि महिला अंडर-18 कंपाउंड सेमीफाइनल में पृथिका प्रदीप और सूर्या हमसिनी मदाला के बीच मुकाबला होगा। महिला अंडर-21 कंपाउंड ड्रॉ में, शीर्ष चार में चिकिथा तनिपर्थी का सामना मेक्सिको की पाउला डियाज मोरिलस से होगा। वहीं, अंडर-18 महिला रिकर्व सेमीफाइनल में शारवरी सोमनाथ शेंडे का सामना दक्षिण कोरिया की किम मिनजियोंग से होगा।

## कोहली-रोहित के फेयरवेल की चिंता न करें: शुक्ला

**● कहा: दोनों क्रिकेटर फिट हैं, वनडे क्रिकेट भी खेल रहे हैं, टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके**



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, विराट कोहली और रोहित शर्मा पूरी तरह फिट हैं। वे अभी भी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं और अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उनके फेयरवेल (विदाई मैच) की बात करना जल्दबाजी है।

कोहली और रोहित पहले ही टेस्ट क्रिकेट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। कुछ दिनों पहले मीडिया रिपोर्ट्स में उनके फेयरवेल मैचों को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। डोमेस्टिक टी-20 लीग यूपी टी-20 को शुक्रवार को दिए गए इंटरव्यू में राजीव ने यह बात कही। फेयरवेल की चिंता करना गलत- राजीव राजीव शुक्ला से जब फेयरवेल मैच को लेकर सवाल किया गया, तब वे बोले उन्होंने अभी तक संन्यास लिया है क्या? रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों वन-डे खेल रहे हैं। उन्होंने संन्यास नहीं लिया है, तो आप उनके फेयरवेल को लेकर क्यों बात और चिंता कर रहे हैं? बीसीसीआई की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, हम किसी को भी संन्यास लेने के लिए नहीं कहेंगे, उन्हें खुद अपना निर्णय लेना होता है। उन्होंने आगे कहा, फेयरवेल मैच के आयोजन के लिए जब समय आएगा, तब देखेंगे। आप पहले से ही उनका फेयरवेल आयोजित कर रहे हैं। विराट कोहली बहुत फिट हैं, और रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेलते हैं। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। इसके बाद 7 मई को रोहित और 12 मई को विराट ने टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था। आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में साथ खेले आखिरी बार वनडे में विराट और रोहित चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में साथ खेले थे, जहां को. हली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ा और रोहित ने फाइनल में अर्द्धशतक बनाया था। प्च्स् के बाद से दोनों ने कोई भी मैच नहीं खेला है। अगली वनडे सीरीज अक्टूबर में आस्ट्रेलिया में होनी हैं। दिसम्बर में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी और जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैच में कोहली-रोहित खेलते दिखेंगे। विराट कोहली वनडे में 51 और रोहित शर्मा 32 शतक लगा चुके हैं। दोनों के शतक मिला दिए जाएं तो ये संख्या 83 पहुंच जाती है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में बांग्लादेश को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भूटान के थिम्पू स्थित चांगलिमथांग स्टेडियम में बांग्लादेश को 2-0 से हरा दिया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, ष्बराबरी के मुकाबले के रूप में देखे जा रहे इस मैच में, भारत की अंडर-17 महिला टीम ने संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की।

#### एशिया कप दल से बाहर हुए बांग्लादेश के मेहदी हसन

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन और ऑलराउंडर सैफ हसन की एशिया कप टीम में वापसी हुई है। बांग्लादेश ने यूएई में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 16-सदस्यीय दल की घोषणा की, जो 30 अगस्त से नीदरलैंड्स के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी हिस्सा लेगा। हालांकि इस दल में ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराजऔर मोहम्मद नईम को जगह नहीं मिली है, जो पिछले महीने पाकिस्तान को 2-1 से हराने वाली बांग्लादेश टीम का हिस्सा थे। मेहदी निजी कारणों से नीदरलैंड्स के खिलाफ सीरीज का हिस्सा नहीं होने वाले थे, लेकिन इसके कारण उन्हें एशिया कप से भी बाहर कर दिया गया। गौरतलब है कि मेहदी बांग्लादेश के वनडे टीम के कप्तान हैं। उन्होंने हाल ही में टी20 टीम में वापसी की थी, लेकिन कोई असर नहीं डाल पाए थे। हालांकि वह चार स्टैंडबाय खिलाघ्यिों में शामिल हैं। वहीं नुरुल ने अपना पिछला टी20, 2022 के टी20 विश्व कप के दौरान खेला था, जब उन्होंने पांच पारियों में सिर्फ 41 रन बना पाए थे।

#### भारतीय महिला टीम ने जीती उपविजेता ट्रॉफी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला कुश्ती टीम ने बुल्गारिया के समोकोव में आयोजित 2025 अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में एक बार फिर इतिहास रचते हुए उपविजेता ट्रॉफी जीती और कुल 7 पदक - 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य - हासिल किए। स्वर्ण पदक (57 किग्रा): तपस्या ने नॉर्वे की फेलिसिटास डोमजेवा को 5-2 के स्कोर से हराकर भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक (72 किग्रा): काजल ने चीन की युकी लियू को 8-6 से कड़े मुकाबले में हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक (55 किग्रा): रीना फाइनल में पहुंची, लेकिन अमे. रिका की शीया लेडेकर से 10-2 से हार गईं।



## नॉर्थ जोन गिल का दलीप ट्रॉफी में खेलना मुश्किल

**● ब्लड टेस्ट के बाद बीसीसीआई को रिपोर्ट सौंपी गई, 28 सितम्बर से शुरू होगा टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** शुभमन गिल 28 सितम्बर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गिल बीमार हैं। गिल को नार्थ जोन का कप्तान बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में उनका ब्लड टेस्ट हुआ था। इसके बाद फिजियो और मेडिकल टीम ने उनकी रिपोर्ट बीसीसीआई को भेजकर सलाह दी है कि वे दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। गिल को एशिया कप में भारतीय टीम का उपकप्तान चुना गया है। ऐसे में बोर्ड कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। टीम गिल वैसे भी पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितम्बर से एशिया कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होना था। टीम इंडिया एशिया कप के लिए 4 या 5 सितम्बर को दुबई के लिए रवाना होगी। वहीं, दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितम्बर तक चलेगी। ऐसे में वे ज्यादा से ज्यादा एक मैच खेल सकते थे। इंग्लैंड में 4 सेंचुरी लगाई

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों की मदद से 754 रन बनाए थे। गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली इंडिया बी टीम के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, नार्थ जोन के सिलेक्टर्स ने गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर शुभम रोहिल्ला को टीम में शामिल कर सकता है। अंकित कुमार को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।

अब वह दलीप ट्रॉफी में गिल की गैरमौजूदगी में कप्तानी करेंगे। एशिया कप स्क्वाड में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी पहले मैच के बाद नेशनल टीम से जुड़ सकते हैं। नार्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा। नार्थ जोन स्क्वाड नार्थ जोनरू शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदोनी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), यश धुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, यु( वीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी। दलीप ट्रॉफी दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से होने वाला है। इस साल दलीप ट्रॉफी फिर से जोन आधारित फार्मेट में खेली जाएगी। पिछली बार इसे चार टीमों (ए, बी, सी, डी) के बीच खेला गया था। इसके बाद इसे फिर से पुराने फार्मेट में कराने का फैसला लिया गया है। इस बार फिर दलीप ट्रॉफी के साथ भारत के डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत हो रही है।

## इस बार यूएस ओपन 15 दिन खेला जाएगा

**● इस साल 70 हजार अतिरिक्त प्रशंसकों के आने की उम्मीद है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इस बार रविवार से शुरु हो रहा वर्ष का चौथा और आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन 15 दिनों तक खेला जायेगा। टूर्नामेंट आयोजकों ने कहा कि अतिरिकत दिन से न केवल खिलाड़ियों पर कार्यक्रम संबंधी दबाव में कमी आयेगी और बल्कि प्रशंसकों का अनुभव भी बेहतर होगा। पिछले साल 2024 के संस्करण 832,000 से अधिक रिकार्ड दर्शकों को आकर्षित किया था।

इस बार साल 70 हजार अतिरि. कत प्रशंसकों के आने की उम्मीद है। अमेरिकी सनसनी बेन शेल्टन आर्थर ऐश स्टेडियम में एक क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का मुकाबला रेबेका मासरोवा से होगा, जबकि रात के सत्र में 19 वर्षीय कैलिफोर्नियाई लर्नर टीएन और चार बार के यूएस ओपन विजेता नोवाक जोकोविच के बीच मुक. ाबला देखने को मिलेगा। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एम्मा राडुकानू अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना हमवतन अमेरिकी एमिलियो नवा से होगा। बाद में शाम कोउवर्तमान 13वीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव का सामना फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा। पहले दिन जेसिका पेगुला, जैस्मीन पाओलिनी और एम्मा नवारो अपने-अपने मुक. ाबलों में स्पर्धा करेंगे। इस आयोजन को और अधिक समावेशी बनाने के लिए इस वर्ष ऑडियो-वर्णित मैच कमेंट्री, दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए अनुकूल सुविधाएं और बहुभाषी कैप्शनिंग भी शुरू किया।

## अर्जेंटीना टीम केरल में खेलेगी एक अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच

**● यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी**

**● कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएनेला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना टीम नवंबर में भारत आएगी और केरल में एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच खेलेगी। भारत में अर्जेंटीना की विश्व चैपियन टीम किस टीम के साथ मैच खेलेगी इसकी अभी घोषणा नहीं हुई है।

यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी। उस समय उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फेंडली मैच खेला था। उस मैच में निक. ोलस ओटामेंडी ने गोल किया और अर्जेंटीना ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और ला अल्बिसेलेस्ते के इस साल होने वाले फेंडली मैचों का शुरुआती प्रोग्राम जारी किया। नवंबर के मैच तीन मुकाबलों का हिस्सा होंगे, जो फीफा इंटरनेशनल लवडो के दौरान खेले जाएंगे।

बाकी दो मैच लुआंडा अंगोला में होंगे। एएफए ने बयान में कहा कि लियोनेल स्कालोनी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना टीम के पास 2025 में दो फीफा फेंडली लवडो होंगी।

पहली अक्टूबर में (दस से 14 तारीख तक) अमेरिका में होगी, जहां प्रतिद्वंदी और शहर तय किए जाएंगे। दूसरी 10 से 18 नवंबर तक होगी, जिसमें लुआंडा (अंगोला) और केरल (भारत) में मैच खेले जाएंगे, प्रतिद्वंदी बाद में तय होंगे। फ्रेंडली मैच के लिए केरल में सटीक जगह और शहर का ऐलान भी बाद में किया जाएगा।

कोच्चि का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम राज्य का सबसे बड़ा फुटबॉल मैदान है। मेसी दिसंबर में भारत के व्यकितगत दौरे पर भी आएंगे। यह प्रमोशनल इवेंट 'गोट टूर ऑफ इंडिया 2025' नाम से होगा, जिसमें कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली शामिल रहेंगे। 38 साल के मेसी बीजिंग 2008 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

उन्होंने 2022 में अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप जिताया और पिछले साल दूसरी बार कोपा अमेरिका भी जीता।

**● विमेंस वर्ल्डकप से पहले टीम इंडिया का कैंप विशाखापट्टनम में**

## 25 अगस्त से शुरू होगा महिला विश्व कप

**● साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से इसी मैदान पर होगा भारत से मैच**

साउथ अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से यहीं मैच होगा

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारतीय विमेंस टीम की वनडे वर्ल्ड कप तैयारियों के लिए विशाखापट्टनम में ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा। भारत इसी मैदान में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीग मैच भी खेलेगा।



एक रिपोर्ट के मुताबिक कैंप 25 अगस्त से शुरू होगा और खिलाड़ियों को एक दिन पहले रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। 15 सदस्यीय वर्ल्ड कप टीम के अलावा इस कैंप में 6 स्टैंडबाय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इनमें सायली सातघारे भी हैं, जिन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम में चुना गया है, लेकिन वर्ल्ड कप में उनकी जगह आलराउंडर अमनजोत कौर वापसी करेंगी। इस कैंप इंडिया-ए टीम को भी शामिल किया जा सकता हैं। टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ अनआफिशियल टेस्ट खेल रही है। इंडिया-ए टीम न्यूजीलैंड से बेंगलुरु के सेंटर आफ एक्सीलेंस में अपना पहला वार्म-अप मैच खेलेगी। वहीं श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका को-होस्ट शहर कोलंबो में रहेंगे और वहीं अपने वार्म-अप मैच खेलेंगे। राधा यादव 24 अगस्त को जुड़ेंगी आलराउंडर राधा यादव 24 अगस्त को मैच खत्म होने के बाद भारतीय टीम से जुड़ेंगी। वे फिलहाल ब्रिसबेन में रेड-बाल मैच में इंडिया-ए टीम की कप्तानी कर रही हैं। राधा यादव इंडिया-ए की आस्ट्रेलिया दौरे में कप्तानी कर रही हैं। विशाखापट्टनम में भारत के 2 लीग मैच कैंप का स्थान भी स्ट्रैटजी के तहत चुना गया हैं। भारत अपने दो लीग मैच, 9 अक्टूबर को अफ्रीका और 12 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम स्टेडियम में खेलेगा। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार 2014 में यहां वनडे खेला था। उस समय से अब तक वर्ल्ड कप टीम में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और स्नेह राणा ही शामिल हैं। विशाखापट्टनम के अलावा गुवाहाटी, इंदौर और नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम भी इस आठ टीमों वाले टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे।

## बीमार के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों का शांति भंग में चालान

**ठाकुरद्वारा।** सरेराह बाजार में बीमार के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरो. पितों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

नगर के वार्ड 01 निवासी राजू पुत्र जयसिंह बीमार है। बीते दिन सरेराह शगुन चौराहे पर कमालपुरी निवासी अभिषेक पुत्र सत्यपाल सिंह व मुरादाबाद थाना मझोला के लोधीपुर जवाहरव व हाल नगलिया नारायन निवासी विकास विश्नोई पुत्र नरेंद्र सिंह ने अपने अज्ञात 6-7 साथियों के साथ राजू को बुरी तरह बेल्टों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक और विकास विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनो आरोपितों का शनिवार का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपितों को जमानत पर छोड़ दिया है।

# लड़कियों से देह व्यापार कराने वाले दो गिरफ्तार

## मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में लगी गोली, सरगना सचिन मौके से हुआ फरार





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार की रात को नहीं मुरादाबाद के हर्बल पार्क के पास लड़कियों को बंधक बनाकर उनसे देह व्यापार कराने वाले गिरोह के सदस्यों से पुलिस की मुठभेड़ हुई देर रात लगभग 11:00 बजे मुठभेड़ की घटना है पुलिस ने दो आरोपी अवनीश यादव और विजय ठाकुर को पैर में गोली मार गिरफ्तार कर लिया। गिरोह का सरगना सचिन मोके से फरार हो गया। पुलिस उसकी भी तलाश मे जुटी हुई है दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। टिकट चेकिंग के दौरान ट्रेन में मिली तीन लड़कियों के राजफाश के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी हुई थी।

पूरे मामले में पिंकी, सचिन, विजय ठाकुर और अवनीश यादव के खिलाफ मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी घटना की सूचना पर एसएसपी सतपाल अंतिम मौके पर जानकारी लेने पहुचे घटना के दिन से पुलिस की पांच टीमें इनके पीछे लगी थी। शुक्रवार की रात 11 बजे मझोला पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह के सदस्य थाना मझोला के हर्बल पार्क गुजर रहे हैं पुलिस की टीम ने चारों तरफ से घेराबंदी कर दी।

घेराबंदी देख आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने विजय ठाकुर और अवनीश यादव निवासी कांशीराम नगर के पैर मे गोली मारकर घायल कर दिया जबकि एक आरोपी सचिन सरगना मौके से फरार हो निकला। सूचना पर एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह सिविल लाइंस पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। फरार सरगना सचिन को ढूंढने के लिए पुलिस जंगल में कॉ. बंग कर रही है।

सी ओ हाईवे कुलदीप कुमार गुप्ता भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे पाकबड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार व मझोला थाना प्रभारी भी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## ई रिक्शा चालक को चाकू से हमला कर घायल करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव आरीखेड़ा में बीती शाम ई रिक्शा चालक पर चाकू से गांव के ही युवक ने हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराया गया था।

पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। बिलारी के गांव आरीखेड़ा में बीती शाम 5 बजे ई रिक्शा चालक रवि पुत्र राम बहादुर खड़ा हुआ था।

इसी बीच गांव के ही आरोपी आकाश पुत्र सोमपाल ने गाली गलौज शुरू कर दी। जब विरोध किया तो उसकी गर्दन व चेहरे पर चाकू से जान से मारने की नीयत से वार किया। जिससे उसके गंभीर चोटे आई। इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ पुलिस ने आरा. पी आकाश पुत्र सोमपाल को गिरफ्तार किया। उसके पास धारदार चाकू भी बरामद हुआ।

# हाजी उस्मान अली ने डस्टबिन बटवाकर किया सफाई रखने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत उमरी कलाँ के नसीराबाद वार्ड में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने घर-घर डस्टबिन बंटवाए बताया गया कि उमरी कलाँ के 12 वार्डों में पहले ही डस्टबिन बाटे जा चुके हैं। आज नसीराबाद वार्ड में डस्टबिन वितरण का अभियान चला जिसमे हाजी उस्मान अली ने सहभागिता करते हुए घर घर जा कर डस्टबिन बांटे।

बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हाजी उस्मान अली लगातार उमरी कलाँ को स्वच्छ बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं उन्होंने कूड़ा प्रबंधन के लिए जेस. ीबी का क्रय, कूड़ा उठाने के लिए ई - रिक्शा का क्रय, घर घर से कूड़ा उठाने का काम पहले ही किया जा चुका है।

जल्द ही जगह जगह डस्टबिन लगाने का काम भी शुरू होने जा रहा है। उन्होंने नगर वासियों से भी साफ सफाई रखने, कूड़ा सड़क पर ना फेकने का आह्वान किया। इस मोके पर लिपिक अनीस अहमद, लिपिक राहुल कुमार व अन्य नगर पंचायत स्टाफ मोके पर मौजूद रहा।

# दयानन्द इण्टर कॉलेज के पांच छात्रों का राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** 22 अगस्त को एफ आर इण्टर कॉलेज चंदौसी में आयोजित मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ के खिलाड़ियों ने खेल शिक्षक पदम सिंह के दिशा निर्देशन में प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन कर पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपना दबदबा बनाए रख्खा।अंडर 17 जूनियर वर्ग की ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में कक्षा 11 के छात्र दीक्षित ने 51 किलोग्राम भार वर्ग में नकुल चौहान ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में अभिजीत बिश्नोई ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में दीपांशु ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया तो वहीं अंडर 19 सीनियर वर्ग की ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में कक्षा 12 के छात्र लक्की कुमार ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। खेल शिक्षक पदम सिंह ने बताया की मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी




खिलाड़ी 31 अगस्त से 4 सितंबर तक गोरखपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी खिलाड़ियों व खेल शिक्षक को उनकी उपलब्धि हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मदन सिंह खेल शिक्षक पदम सिंह, निशिकांत पाठक, अतवीर सिंह त्यागी, अखिलेश कुमार बिश्नोई, सुन्दर सिंह, इंद्रपाल सिंह, हरीश चंद्र तिवारी, दीपक सिंह,गौरव कुमार,अरविंद कुमार शर्मा, पीतांबर सिंह, ओम प्रकाश सिंह के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संपूर्ण थाना दिवस में सात शिकायतें दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को कोतवाली में संपूर्ण थाना दिवस में सात फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायी। एसडीएम प्रीति सिंह ने सभी शिकायतों के निवारण के लिए टीम गठित कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव निर्मलपुर निवासी अर्जुन सिंह उनकी माता मिथिलेश कुमारी व नरेंद्र सिंह पुत्र तन्नू सिंह ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि उनके खेत की घाटा संख्या 181 106 पर एक मुकदमा बेच. ारा दिन था जिसे न्यायालय द्वारा हॉस्पिटल कर दिया गया है। इसके बावजूद भी कब्जेदार वेद प्रकाश सिंह पुत्र ओमप्रकाश ,राजीव ,संजय पुत्रगण कृपाल सिंह खुशीराम पुत्र बाबू सिंह दिनेश पुत्र चेतरामलाल सिंहतारा सिंह रूप सिंह भूमि से कब्जा नहीं हटा रहे हैं। तत्काल कब्ज तारों से भूमि को मुक्त कराकर हमारे कब्जे में दिलाया जाए। भाई मोहम्मद आबिद पुत्र अब्दुल अजीज शरीफ नगर निवासी ने शिकायती पत्र में कहा कि 22 अगस्त को वह अपनी खेत पर जा रहा था तभी रास्ते में मोड पर नई बस्ती पूर्व में नई महमद पुत्र नामालूम नई बस्तीने उसे रोककर कहा कि तूने मेरे खेत की और रोशनदान क्यों खोल दिए हैं इसी के साथ तो गाली गलौज में मारपीट करने लगा और बुरी तरह लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई वह प्रतिदिन डरा धमका रहे हैं। इस दौरान तहसीलदार प्रवीण कुमार नया तहसीलदार आदित्यकुमार कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ग्वाल वरिष्ठ उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के आरोप में चार पर मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र की महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार को समय करीब शाम 5.30 बजे मैं और मेरे पति अपने कमरे में बैठे हुऐ बाते कर रहे थे। तभी मेरे देवर फरमान व जीशान पुत्रगण सहादत, सुसर सहादत, ननद तारा वी पुत्री सहादत लाठी डण्डे लेकर कमरे में आ गये और गन्दी गन्दी गालीयां देकर बोले हमारे घर से निकलो हमे किसी भी चीज खुशी में पूछते नहीं है। मैने व मेरे पति ने गाली देने को मना किया तो उक्त सभी ने हमे लाठी डन्डो से मारा-पीटा जिससे मेरे गुम चोटे लगी है। और मेरे पति उसमान के सिर में बहुत गहरी चोटे लगी है। हमे जान से मारने की धमकी दी है, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रेम विवाह के बाद टूटा रिश्ता

**ठाकुरद्वारा।** प्रेम प्रसंग के बाद शादी का सफर हमेशा सुखद साबित नहीं होता। ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें कोर्ट मैरिज करने वाले प्रेमी युगल के बीच विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों ने अलग होने का निर्णय ले लिया। लिखित समझौते के बाद युवती अपने मायके लौट गई। जानक. ारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के करनावाला निवासी बलजिंदर देवरिया में मेहनत मजदूरी करता था। इसी दौरान उसका परिचय देवरिया निवासी रजिया से हुआ और दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। कुछ समय बाद दोनों ने कोर्ट मैरिज कर एक-दूसरे को जीवनसाथी बना लिया।शादी के बाद बलजिंदर अपनी पत्नी को लेकर अपने गांव करनावाला पहुंचा। लेकिन वहां पहुंचते ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने अलग होने का फैसला ले लिया।

इसके बाद आपसी सहमति से दोनो अलग रहने का फैसला ले लिया गया। जिसके बाद रजिया अपने मायके देवरिया के लिए रवाना हो गई।

# युवक को बेल्ट और लात-घूसों से पीटा

## मोटरसाइकिल तोड़ी, नकदी भी गायब, 3 नामजद, 5 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शगुन चौराहे पर दबंग युवकों ने डेगू से पीड़ित एक युवक पर हमला बोल दिया। दबंगों ने युवक को गालियां देते हुए बेल्ट और लात-घूसों से बेरहमी से पीटा। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया। घटना में युवक की मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और जेब में रखे ढाई हजार से अधिक रुपये भी गायब हो गए। पुलिस ने इस मामले में 3 नामजद और 5 अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला जाटवान वार्ड नं० 1 निवासी राजू सिंह दवा लेकर शगुन चौराहे से लौट रहा था। तभी जाम में खड़े विकास पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी आसियाना थाना सिविल लाइन मुरादाबाद, अभिषेक पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम कमालपुरी खालसा थाना ठाकुरद्वारा, सिद्धार्थ पुत्र नामालूम तथा पांच अन्य युवक, जो शराब के नशे में थे, ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि दबंगों ने मां-बहन की गालियां दीं और जातिसूचक शब्द कहे। प्रार्थी के मना करने पर आरोपियों ने बेल्ट, लात और घूसों से पिटाई कर दी। उनकी मोटरसाइकिल को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। दबंग युवक मोटरसाइकिल और अन्य स्प्लेंडर मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए थे। घटना के दौरान नितिन पुत्र आनन्द प्रकाश और रोहित पुत्र राजेन्द्र ने किसी तरह बीच-बचाव कर प्रार्थी की जान बचाई। मारपीट में प्रार्थी की जेब में रखे 2650 रुपये भी कहीं गिर गए। बताया गया कि घटना को कुछ लोगों ने अपने मोबाइल पर भी कैद कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामदर्ज व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## महिला अधिवक्ता की तहरीर पर नाबालिग बेटी को गायब करने के मामले में महिला सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** महिला अधिवक्ता की अनुपस्थिति में षड्यंत्र के तहत 13 वर्षीय नाबालिक बेटी को गायब कर अनहोनी की घटना होने की आशंका के चलतेमहिला अवधि वक्त की तहरीर पर पुलिस ने महिला सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव की एक महिला ठाकुरद्वारा कचहरी परिसर में अधिवक्ता है। उसने पुलिस को दी तहरीर मे कहा कि 22 अगस्त को सवेरे 10.30 के आसपासअपने दो पुत्रों के साथ स्कूटी से कचहरी आ गई। घर पर अपनी नाबालिक पुत्री को छोड़कर आई थी उसे समय प्रार्थना कीसाथ देवरानी देवर घर पर मौजूद थे शाम को जब वहअपने घर पहुंची तो घर का दरवाजा खुला पाया कमरे के अंदर खून जैसी चीज फैले फैली पड़ी थी जिसके चित कमरे के बाहर पर अंडे में जीने तक फैले हुए थेघर में प्रार्थना की पुत्री मौजूद नहीं थीकाफी तलाश कियालेकिन वह नहीं मिली तभी उसके पति घर वापस आए। इस संबंध में उसकी सास देवरा आदि भी कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे सके। प्रार्थनी की जानकारी में आया कि प्रार्थना की देवरानी सहायता बेगम पत्नी आले नबी वह उसकी पुत्री मुस्कान ठाकुरद्वारा मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 22 निवासी सलमान एक अन्य लड़के के साथ उसकी नाबालिक बेटी को जानबूझकर गायब कराया है। पुलिस ने महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# समाधान दिवस में अधिकारियों ने फरियादियों को सुना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** थाना छजलैट और कांठ में आज थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने शिकायतें लेकर आए लोगों की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। हालांकि जब से थाना समाधान दिवस शुरू हुआ है यहां शिकायतों का ग्राफ काफी कम रहा है और लोगों को थाने पर आकर शिकायत करना भी काफी टेढ़ा काम लगता है फिर भी चंद लोग आकर अपनी शिकायतें दर्ज कराते हैं और अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया जाता है आज भी इसी व्यवस्था के पालन हेतु दोनों थानों में अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए है।

# गन्ने का बकाया भुगतान और खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शिवसेना कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को गन्ना किसानों की बकाया राशि का भुगतान कराने और पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को सौंपा गया। जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ता पुराने एसडीएम कार्यालय पर एकत्र हुए और नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन में कहा गया कि अब तक चीनी मिलों ने किसानों की गन्ना बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है, जिससे किसान आर्थिक संकट झेल रहे हैं। दूसरी ओर धान की फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खाद की कालाबाजारी के कारण किसान परेशान हैं और फसल की गुणवत्ता व उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। कार्यकर्ताओं ने चेता. वनी दी कि यदि शीघ्र ही किसानों को बकाया भुगतान और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराया गया, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा प्रदर्शन में दीपक कुमार, आकाश कश्यप, ओमपाल सिंह, अरुण कुमार, कमल सिंह, मनोज, मुन्ना सिंह, सुमित कुमार, तहसील प्रमुख सोमपाल सिंह कश्यप, राधेश्याम, किशन सिंह, हेमेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बॉर्डर चेक पोस्ट का किया लोकार्पण

**चन्दौसी।** अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को चन्दौसी के पथरा मोड़ स्थित बॉर्डर चेक पोस्ट का लोकार्पण जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में पांच मुख्य स्थानों पर चेक पोस्ट उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महा. निदेशक (कानून व्यवस्था) के निर्देशन में स्थापित किए गए हैं। इन स्थानों पर पुलिस विभाग, खनन विभाग एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग की जाएगी। इन चेक पोस्टों के माध्यम से ओवरलोडिंग, अवैध खनन और अराजक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाएगा। साथ ही अपराधी तत्वों द्वारा घटना कर जनपद से बाहर भागने की स्थिति में चेकिंग कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बाबा साहेब का अधूरा मिशन अखिलेश यादव करेंगे पूराः मिठाई लाल भारती

**मुरादाबाद।** समाजवादी बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने पश्चिमी यूपी के मुरादाबाद में संगठनात्मक समीक्षा एवं कार्यकर्ता सम्मलेन को सम्बोधित किया। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को सुबह से ही अम्बेडकर जी के अनुयाई एवं समा. जवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेतागणो कार्यकर्ताओं का जमाबड़ा पार्टी कार्यालय पर जुटने लगा अवसर था बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के कार्यकर्त्ता सम्मेलन का सम्मलेन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने संचालन जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव ने किया। मुख्य अतिथि बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती थे उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को विधानसभा तैयारी मे जुट जाने को कहा उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन ने 2024 में मजबूती से चुनाव लड़ा था जिसके अच्छे परिणाम आए थे। 2027 में यूपी में भी इसी तरह से गठबंधन एकजुट होकर मजबूती से चुनाव लड़ेगा। सपा की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने बहुजन समाज से आह्वान किया की ष्बहुजन समाज समाजवादी पार्टी से जुड़ेष, जिससे पीडीए आंदोलन को मजबूती मिले उन्होंने बहुजन समाज को अखिलेश यादव के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ने का आह्वान किया। श्री भारती ने बहुजन समाज के लोगों से कहा कि आज अखिलेश यादव के नेतृत्व में समा. जवादी पार्टी देश की तीसरी बड़ी पार्टी बन गई है आज अखिलेश



यादव के नेतृत्व में देशभर का पीडीए समाज संगठित होकर बाबा साहब अंबेडकर के बनाए हुए संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट हो रहा है भारती ने कहा कि अखिलेश यादव की सोच है कि समाजवादी और आंबेडकर वादी अगर एक साथ आ जाएं तो पूरे देश में उनका वर्चस्व होगा। पूरी पार्टी का लक्ष्य है कि संविधान की रक्षा है। संविधान की रक्षा करने में अगर वह विफल रहेंगे तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें माफ नहीं करेंगी। यह एक सामूहिक प्रयास है। समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि संविधान खतरे में है। लोकतंत्र भी खतरे में है। देश में पिछड़े, दलित, शोषित के लिए आरक्षण लागू किया गया था, वो भी खतरे में है। उन्होंने कहा कि इस पर पार्टी गंभीरता से चिंतन कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने डॉ. बीआर आंबेडकर के नारे संगठित रहो, शिक्षित बनो और संघर्ष करो के नारे को अब संगठनात्मक स्तर पर अपनाया है। अब वह विशाल पीडीए का रूप ले चूका हैं उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के लिए मंत्र दिए। अबकी बार अखिलेश सरकार के लिए अगर बहुजनों को अपना खून भी देना पढ़ा तो पीछे नहीं हटेंगे।बहुजन समाज के लोगों इतना वोट डाल दो की सरकार कुछ न कर सकें बहन मायावती का कोई कार्यक्रम नहीं है उनका मकसद सपा को रोकने का है इसलिए बहुजन समाज के लोगों आपकी जिम्मेदारी बन जाती है की संविधान कैसे बचेगा सरकार की चिंता नहीं सरकार तो बन जाएगी हमारे बच्चे और हमारी पीढ़िया हमें माफ नहीं करेंगी की आप बाबा साहब के संविधान को बचा नहीं सकें इसलिए इसलिए दलित समाज ने अखिलेश यादव का साथ लिया है आपके वोट चोरी हो रहें हैं फिर भी आपकी बिहार मे बनने जा रही है सरकार बनने जा रही है उसके बाद उत्तर प्रदेश मे प्रचण्ड बहुमत से सरकार बनेगी खुशहाली का शासन होगा और संविधान और लोकतंत्र बचेगा। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि अखिलेश यादव की सोच है कि समाजवादी और आंबेडकरवादी अगर एक साथ आ जाएं तो पूरे देश में उनका वर्चस्व होगा। पूरी पार्टी का लक्ष्य है कि संविधान की रक्षा है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करने में अगर वह विफल रहेंगे तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें माफ नहीं करेंगी। यह एक सामूहिक प्रयास है। भाजपा इस समय भयभीत है। और वह पुरे देश प्रदेश में सम्मेलन कर बहुजन समाज के लोगों को जागरूक कर समाजवादी पार्टी से जोड़कर अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाएंगे। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती, जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव शमशाद आलम, फुरकान अली राजेश कुमारी यादव पूर्व विधायक हाजी युसूफ अंसारी आदि प्रमुख थे।



## राष्ट्रपति ट्रम्प की कठोर नीति का दिखने लगा कुप्रभाव

# अमेरिका में घटी अप्रवासी आबादी



■ विशेषज्ञ बोले: अर्थव्यवस्था को होगा नुकसान, गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है
■ अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का अप्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख रहा है। इसके चलते ट्रम्प प्रशासन में बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया गया और सीमा पर सख्ती की गई।

अब उनकी कठोर नीतियों का असर दिखना भी शुरू हो गया है। दरअसल अमेरिका में रहने वाले अप्रवासियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के एक ताजा अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार अमेरिका में आप्रवासियों की कुल संख्या इस साल की शुरुआत में 5.33 करोड़ थी, जो अब घटकर लगभग 5.19 करोड़ रह गई है। प्यू रिसर्च सेंटर की यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई। प्यू रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ जनसांख्यिकीविद् जेफरी पासेल ने मीडिया को बताया कि हम जिस डेटा पर गौर कर रहे हैं, वह एक नाटकीय बदलाव दर्शाता है। इस गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, आप्रवासियों की संख्या में कमी के कारण कार्यबल ने 750000 से ज्यादा कर्मचारियों को खो दिया है। रिपोर्ट में पासेल के हवाले से बताया गया कि श्अमेरिका में कामकाजी उम्र के लोगों की आबादी नहीं बढ़ रही है। इसका मतलब है कि कार्यबल में वृद्धि का एकमात्र तरीका नए प्रवासियों का आना है। अगर कार्यबल नहीं बढ़ता है, तो अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किलें खड़ी होंगी। पासेल ने कहा कि आप्रवासी आबादी में भारी गिरावट अभूतपूर्व है। दिलचस्प बात ये है कि अमेरिका में अवैध अप्रवासियों की संख्या में भी गिरावट आनी शुरू हो गई है। साल 2023 में यह आंकड़ा 1.4 करोड़ था। अमेरिका में अप्रवासियों की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन अभी भी दुनिया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी अमेरिका की ही है। अमेरिका की कुल आबादी में अप्रवासियों की जनसंख्या का प्रतिशत 15.8 प्रतिशत था, जो अब घटकर 15.4 प्रतिशत रह गया है। टेक्सास और कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी रहती है।

## भारत संग बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी की ट्रम्प को लताड़

■ किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है: जॉन केरी

**वाशिंगटन।** भारत पर 50 फीसदी लगाने और बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लताड़ लगाई है। ओबामा प्रशासन में विदेश मंत्री रहे जान केरी ने कहा कि किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है।

भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केरी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प और पीएम मोदी के बीच टकराव सही नहीं है। हम इससे चिंतित हैं। बड़े राष्ट्र हमेशा लोगों को अल्टीमेटम देकर महानता प्रदर्शित नहीं करते हैं। बल्कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिये काम करते हैं। ताकि आम सहमति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि ओबामा शासन के दौरान बातचीत सहयोग और सम्मान के साथ होती थी। लेकिन अब कुछ ज्यादा ही आदेश, दबाव और धक्का-मुक्की हो रही है। केरी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत और अमेरिका मिलकर व्यापार विवाद सुलझा लेंगे। भारत ने स्पष्ट रूप से बेहतर पेशकश की है। पीएम मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल हमारे मित्र हैं।




झारखंड। रांची में भारी बारिश के बाद पानी से भरे गैराज में खड़ी एक बस।

## जेलेंस्की के ऑफिस पर मिसाइल हमले को बेताब थे रूसी अधिकारी

बेलारूस। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने दावा किया है कि रूस के कुछ अधिकारियों ने यूक्रेन की राजधानी कीव में राष्ट्रपति जेलेंस्की के आफिस पर ओरेशनिक मिसाइल से हमले का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, राष्ट्रपति पुतिन ने इसे खारिज कर दिया। लुकाशेंको ने कहा: यह एक सीक्रेट जानकारी है। रूस में कुछ लोगों ने यह विचार रखा था। मैं यह नहीं बताऊंगा कि वे कौन थे। पुतिन ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया। अधिकारी हमला करने को तैयार थे। अगर 'ओरेशनिक' मिसाइल से हमला होता, तो कुछ भी नहीं बचता। इससे पहले, लुकाशेंको ने ऐलान किया था कि बेलारूस 2025 के अंत तक 'ओरेशनिक' मिसाइल सिस्टम तैनात करने की योजना बना रहा है। बता दें कि 'ओरेशनिक' एक मिडिल रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मैक्सिमम रेंज 5500 किलोमीटर है। यह मिसाइल 10 मैक की स्पीड (12,400 किलोमीटर प्रति घंटा) से उड़ती है और 900 किलोग्राम तक का परमाणु हथियार ले जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान व पाक से 1693 अफगान शरणार्थी परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के 1693 शरणार्थी परिवार हाल ही में पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। शरणार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि इन शरणार्थियों में 6202 लोग शामिल हैं। ये शरणार्थी पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार, पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार करके अफगानिस्तान पहुंचे।

### न्यूयार्क में टूरिस्ट बस पलटी, पांच की मौत

**अल्बानी।** न्यूयार्क में शुक्रवार को नायग्रा फाल्स से न्यूयार्क सिटी जा रही एक टूरिस्ट बस पलट गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। न्यूयार्क स्टेट पुलिस के मेजर आंद्रे रे ने मीडिया को बताया कि बस के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिससे बस पलट गई। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस में 54 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे के समय खिड़कियां टूटने से कई यात्री बस से बाहर गिर गए।

### जेलेंस्की और नाटो महासचिव मार्क रुटे के बीच वार्ता

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे से यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी के विषय में उनकी बात हुई है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि शुक्रवार को हुई बातचीत का उनका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि के अनुच्छेद 5 के समान कोई सुरक्षा गारंटी प्राप्त करना है।

### अफगान में नदी में गिरा ट्रैक्टर, 12 लोगों की मौत

**काबुल।** दक्षिणी अफ़ग़ानिस्तान के हेलमंद प्रांत में शुक्रवार को एक ट्रैक्टर के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक हाफिज़ अब्दुल बारी राशिद ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह भीषण दुर्घटना गरमसिर जिले में हुई, जिसमें तीन महिलाओं और नौ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल भी बच्चे हैं। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मी समय पर घटनास्थल पर पहुंच गए और 14 अन्य लोगों को बचा लिया गया।

## ट्रम्प ने पुतिन को फिर से वार्ता के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय दिया

■ यूक्रेन शांति वार्ता शुरू होने का कोई संकेत नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय और देंगे, जिससे रूस के खिलाफ संभावित नतीजों तक पहुँचने के लिए उनकी समय सीमा और बढ योजगी।

उल्लेखनीय है कि रूसी शीर्ष नेता से दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने की उम्मीद से जेलेंस्की से मिलने और युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया था। सीएनएन ने ट्रम्प से पूछा था कि यदि पुतिन मुलाकात के लिए तैयार नहीं हुए तो आप क्या करेंगे। इस पर ट्रम्प ने जवाब दिया कि मैं देखूंगा कि इसमें किसकी गलती है। अगर कोई वजह हैं तो मैं उसे समझूंगा। हम देखेंगे कि उनकी मुलाक़ात होती है या नहीं और अगर नहीं होती है तो उन्होंने मुलाक़ात क्यों नहीं की। मैंने उन्हें मुलाक़ात करने के लिए कहा था लेकिन मुझे दो हफ्ते में पता चल जाएगा कि मेरी कोशिश कहां तक पहुंची है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव द्वारा शुक्रवार को दिए गए बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों नेताओं के बीच बैठक की कोई योजना नहीं है। ट्रम्प ने पिछले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मुलाकात की थी और इस सप्ताह व्हाइट हाउस में जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय नेताओं से मुलाकात की थी। इसके बाद शांति वार्ता जोर पकड़ती नजर आ रही थी लेकिन अब इस पहल में फिर से गतिरोध नजर आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन को यूक्रेनी समकक्ष से मिलने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था जिसे ट्रम्प कई बार दोहरा चुके हैं।

## मैक्सिको ने ड्रग कार्टेल में अमेरिका हस्तक्षेप को फिर से किया खारिज

**मेक्सिको।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक बार फिर देश के ड्रग कार्टेल पर कार्रवाई करने में किसी भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को खारिज किया है। सुशीनबाम ने एक कार मैक्सिको की संप्रभुता को दोहराया। ड्रग कार्टेल एक आपराधिक संगठन है जो अलग-अलग ड्रग माफियाओं से मिलकर बनता है, जो लाभ बढ़ाने और अवैध ड्रग व्यापार पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए आपस में गठजोड़ करते हैं। ये कार्टेल अवैध ड्रग्स की आपूर्ति और कीमतों को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखते हैं मेक्सिको सिटी में राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिको स्वतंत्र और संप्रभु है। किसी भी विदेशी सरकार को वह अपनी स्वायत्तता का उल्लंघन नहीं करने देगा। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन प्रशासन प्रमुख टेरी कोल की उस टिप्पणी के जवाब में आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी एजेंसी मैक्सिकन ड्रग कार्टेल पर हमला करने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले का समर्थन करेगी।

## SCO के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन होगा: चीन

### भारतीय पीएम मोदी समेत 20 विश्व नेता और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी होंगे शामिल



■ पाक पीएम शहबाज शरीफ, नेपाल पीएम केपी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भी भाग लेंगे

**बीजिंग।** चीन ने कहा कि इस महीने के अंत में होने वाला शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन संगठन के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इस बैठक में 20 देशों के नेता भाग लेंगे, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर के बीच चीन के तियानजिन शहर में होगा। पांचवीं बार इस दस सदस्ईय समूह की मेजबानी चीन करेगा।

सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह एससीओ के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। लियू ने कहा कि इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी व कई अन्य वैश्विक नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबिआंतो, मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। उपमहाद्वीप से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। लियू ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और एससीओ महासचिव नुरलान यरमेकबायेव सहित 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस वजह से यह आयोजन एससीओ के इतिहास का सबसे बड़ा बन जाएगा। इस साल चीन एससीओ की अध्यक्षताकर रहा है। एससीओ के 10 सदस्य देश रूस, भारत, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और चीन हैं। इस विस्तारित एससीओ प्लस सम्मेलन को चीन के वैश्विक प्रभाव को दिखाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ज्यादातर नेता इस दो दिवसीय सम्मेलन के बाद भी कुछ समय रुकेंगे, ताकि तीन सितम्बर को बीजिंग में होने वाली चीन की सबसे बड़ी सैन्य परेड को देख सकें। यह परेड जापानी आक्रमण और फासीवाद विरोधी युद्ध में जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होगी। चीन इस परेड में चौथी पीढ़ी के टैंक और लड़ाकू विमान, ड्रोन आधारित खुफिया और सुरक्षा उपकरण और आधुनिक मिसाइलों का प्रदर्शन करेगा, जिनमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी शामिल हैं। यह जानकारी चीन के सरकारी मीडिया ने दी है। लियू ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग एससीओ के सदस्य देशों के प्रमुखों की परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही वह एससीओ प्लस बैठक का भी संचालन करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। शी जिनपिंग सम्मेलन में आए नेताओं के लिए स्वागत भोज और द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित करेंगे।

## बांग्लादेश में मीडिया पर कसा गया शिकंजा

### शेख हसीना के बयानों को प्रसारित न करने की चेतावनी



■ उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मीडिया संस्थानों को अवामी लीग की नेता व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रसारण या प्रकाशन न करने की चेतावनी दी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने कहा, हम हसीना की बातों और बयानों को फैलाने वाले और भविष्य में ऐसा करने की मंशा रखने वाले मीडिया को चेता रहे हैं कि हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, टेलीविजन चौनलों, समाचार और ऑनलाइन पोर्टलों पर हसीना के ऑडियो चलाना आतंकवाद विरोधी कानून 2009 का उल्लंघन है। इसमें हसीना को एक दोषी अपराधी व सामूहिक हत्याओं और मानवता के खिलाफ अपराधों का भगोड़ा आरोपी बताया गया है। हसीना को को पांच अगस्त 2024 को सड़क आंदोलनों के बाद सत्ता से हटाया गया था। वे इस समय अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में कई केस का सामना कर रही हैं, हालांकि अभी सजा नहीं हुई है। गौरतलब है कि बीते साल जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी।

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को एक स्थानीय अदालत ने 26 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया है। विक्रमसिंघे को सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया था। श्रीलंका की स्थानीय मीडिया के अनुसार शुक्रवार रात कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट ने यह फैसला तब लिया जब सीआईडी की ओर से देश के अटॉर्नी जनरल विभाग के एक प्रतिनिधि ने अदालत को बताया कि विक्रमसिंघे के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के तहत सबूत पेश किए जाएंगे। प्रतिनिधि ने अदालत से अनुरोध किया कि जांच पूरी न होने के कारण संदिग्ध को रिमांड पर लिया जाए।

## मस्क-ट्रम्प को लड़वाने वाले सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने

**ट्रम्प के चौकीदार कहे जाते हैं गोर, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: मुझे उन पर पूरा भरोसा, ट्रम्प ने 7 महीने बाद चुना भारत का राजदूत**

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रम्प ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है। उन्हें शुक्रवार को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

सर्जियो गोर को मस्क और ट्रम्प के बीच लड़ाई शुरू कराने वाला माना जाता है। मस्क ने नाराज होकर गोर को 'सांप' तक कह दिया था। सर्जियो लंबे समय से ट्रम्प परिवार के भरोसमंद रहे हैं। पहले उनका काम ट्रम्प से जुड़े कार्यक्रमों को देखना था। वे यह भी देखते रहे हैं कि ट्रम्प से कौन मिल सकता है और कौन नहीं। इसलिए अमेरिकी मीडिया उन्हें ट्रम्प का 'गेटकीपर' भी कहती है। यानी कि ऐसा शख्स जो ट्रम्प तक पहुंचने के रास्ते पर पहरेदार की तरह खड़ा है। गोर को नई जिम्मेदारी मिलने को लेकर राष्ट्रपति ट्रम्प ने खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-कि गोर ने एरिक गार्सेटी की जगह ली है। वे मई 2023 से जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिका के राजदूत रहे। ट्रम्प ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सर्जियो गोर को करीब 7 महीने की देरी के बाद नियुक्त किया है। जबकि ट्रम्प ने चीन समेत कई देशों में दिसंबर, 2024 में ही राजदूत नियुक्त कर दिया था। माना जा रहा है कि गोर भारत में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रम्प के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई। वे ट्रम्प के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कटर समर्थक हैं। गोर व्हाइट हाउस में नियुक्तियों की जांच-परख में भी शामिल रहे हैं। उन्हें ट्रम्प की टीम में पर्दे के पीछे सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक माना जाता है। गोर को ऐसे समय में भारत में अमेरिका का राजदूत बनाया जा रहा है जब टैरिफ को लेकर अमेरिका से उसका विवाद चल रहा है।

## चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

■ 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57 प्रतिशत सिर्फ नायडू के पास

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है।

देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसका करीब 57 प्रतिशत हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपये की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपये का कर्ज भी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपये की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है। 27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है।

## भारत-चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से रुपये-युआन में व्यापार होगा

■ पहले सामान के बदले सामान का लेन-देने होता था यहां मनी एक्सचेंज भी खुलेगा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ।

लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया है। हिमालय के तीन दर्रों से शुरू होने जा रहा भारत-चीन व्यापार पहली बार पूरी तरह सड़क के जरिए होगा। सबसे अहम यह है कि व्यापार अब भारतीय रुपये और चीनी युआन में होगा। अब तक यह 'वस्तु विनिमय' आधारित था। तिब्बत से व्यापारी नमक, बोराक्स, पशु उत्पाद, जड़ी-बूटियां और स्थानीय सामान बेचने आते हैं, जबकि भारतीय व्यापारी बकरी, भेड़, अनाज, मसाले, गुड़, मिश्री, गेहूं वहां ले जाते हैं। हालांकि, नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई। उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। ब्रिटिश काल में भी लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। सदियों से तिब्बत के साथ हमारा व्यापार वस्तु विनिमय पर होता आया है। हम लंबे समय से स्थानीय मुद्रा में व्यापार की मांग कर रहे थे।

## अमेरिका ने फिर बढ़ाई टिकटॉक पर प्रतिबंध की समय सीमा

■ टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह टिकटॉक को उसके चीनी मालिक बाइटडांस से अलग करने की समयसीमा को चौथी बार बढ़ाने के लिए तैयार हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा।

एक संघीय कानून के तहत लोकप्रिय शॉर्ट-फॉर्म वीडियो एप को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए अपने मालिकाना हक में बदलाव करना होगा। इसके लिए टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है। इससे पहले प्रतिबंध की समयसीमा जनवरी, फिर अप्रैल और बाद में जून में बढ़ाई गई थी। अब इसे एक बार और बढ़ाया गया है। ट्रम्प का कहना है कि टिकटॉक को खरीदने के लिए कई बड़े अमेरिकी खरीदार तैयार हैं, लेकिन यह सौदा अगले महीने तक पूरा नहीं हो पाएगा, क्योंकि इसमें चीन की मंजूरी भी जरूरी है। कांग्रेस पहले ही टिकटॉक पर प्रतिबंध की मंजूरी दे चुकी है, जब तक कि इसकी मूल कंपनी बाइटडांस अपनी नियंत्रक हिस्सेदारी नहीं बेच देती।



# पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी थी वाणी कपूर

**मुंबई।** दिल्ली में पली-बढ़ी वाणी कपूर आज बॉलीवुड की एक मशहूर एक्ट्रेस हैं। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने होटल में काम किया था। उनके परिवार का फिल्म इंडस्ट्री से कोई संबंध नहीं था और उनके पिता फिल्मों में आने के खिलाफ थे। हालांकि, उनकी मां ने सपोर्ट किया और फिर वह मुंबई आ गईं। वाणी ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और इसके बाद सीधे यशराज फिल्म्स की फिल्म साइन कर ली। उन्हें पहली ही फिल्म से पहचान तो मिली, लेकिन 2016 में रिलीज हुई बेफिक्रे में रणवीर सिंह के साथ उनके 23 किसिंग सीन ने उन्हें चर्चा में ला दिया। वाणी ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) से टूरिज्म में ग्रेजुएशन करने के बाद जयपुर के ओबेराय होटल में इंटर्नशिप की। इसके बाद वह ITC के होटल में काम करने लगीं और यही से उन्होंने फिल्मों में काम करने का मन बना लिया। दरअसल, होटल में एक बार किसी फिल्म की शूटिंग हो रही थी, जिसे देखकर वाणी को फिल्मी दुनिया काफी अच्छी लगी और उन्होंने अपना आगे का करियर उसी में बनाने के बारे में सोच लिया। जब एक्ट्रेस ने अपने इस फैसले के बारे में परिवार को बताया तो वो काफी गुस्सा हो गए थे। वे बिल्कुल नहीं चाहते थे कि वाणी माडलिंग करें या फिल्मों में आएं। वाणी के पिता का हमेशा से यही मानना था कि लड़कियों की जल्दी शादी कर देनी चाहिए। उनकी बड़ी बहन की तो 18 साल की उम्र में ही शादी कर दी गई थी, लेकिन वाणी ने पूरा मन बना लिया था कि वह अपना करियर फिल्मों में ही बनाएंगी। ऐसे में उन्होंने पिता के खिलाफ जाकर माडलिंग की शुरुआत की और नौकरी भी छोड़ दी। इस फैसले में भले ही उनके पिता ने समर्थन नहीं दिया, लेकिन उनकी मां ने उनका पूरा साथ दिया। वाणी ने अपना मॉडलिंग करियर एलीट माडल मैनेजमेंट से शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने कई जानी-मानी हस्तियों के साथ रैंप वाक किया। इसके साथ ही वाणी लगातार फिल्मों में काम पाने की कोशिश करती रहीं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। 2009 में वाणी ने टीवी पर डेब्यू किया। वह सोनी टेलीविजन की सीरीज स्पेशल 10 में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आईं। हालांकि, साल 2013 में फिल्म शुद्ध देसी रोमांस से वाणी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। यह फिल्म यशराज बैनर के तहत बनी थी। फिल्म में वाणी की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और इसी किरदार के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड फार बेस्ट फीमेल डेब्यू से नवाजा गया।

# फराह खान का नाम सुनकर नर्वस हो गई थीं हरनाज संधु



**मुंबई।** मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू का कहना है कि जब उन्हें बताया गया कि फराह खान उनका गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो वह शॉक और नर्वस हो गई थी। मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू फिल्म बागी 4 से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म बागी का दूसरा गाना बहली सोनी रिलीज़ हो चुका है। इस गाने को बादशाह ने गाया है और कोरियोग्राफ फराह खान ने किया है। हरनाज़ का लुक भी इस गाने में जबरदस्त चर्चा बटोर रहा है। हरनाज़ ने कहा, जब मुझे बताया गया कि फराह खान मैम मेरा गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो मैं शॉक और नर्वस दोनों हो गई थी। वह एक संस्था हैं, जिनसे इंडस्ट्री के आइकॉनिक पल जुड़े हैं, लेकिन जैसे ही रिहर्सल शुरू हुई, मेरी टेंशन गायब हो गई। फराह मैम का स्टाइल ही अलग है,वो स्ट्रिक्ट भी हैं और इंस्पायरिग भी। वो आपको आपके बेस्ट तक ले जाती हैं बिना दबाव महसूस कराए। हरनाज ने कहा कि यह सिर्फ डांस स्टेप्स की बात नहीं थी, उन्होंने मुझे कॉन्फिडेंट बनाया और फ्रेम को अपना बनाने का हौसला दिया। ए पूरा एक्सपीरियंस, साजिद नाडियाडवाला सर के विज़न और हर्षा सर की गाइडेंस के साथ, मेरी लाइफ का खज़ाना रहेगा। साजिद नाडियाडवाला की नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म बाग़ी 4 का निर्देशन ए-हर्षा ने किया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, हरनाज़ संधू और संजय दत्त नज़र आएंगे। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं करण

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर निर्मित फिल्म धड़क 2 इस साल प्रदर्शित हुई है। धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका है। करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे फिल्म धड़क 2 पर बहुत गर्व है। राइटर, डायरेक्टर शाजिया इकबाल पर गर्व है। जिन्होंने एक पावरफुल फिल्म का रीमेक बनाने जैसा बहादुरी भरा काम किया। मैं धर्मा मूवीज, उमेश जी का भी थैंकफुल हूं। फिल्म की स्टार कास्ट, क्रू का भी मैं बहुत ग्रेटफुल हूं। सिद्धांत चतुर्वेदी, तृप्ति डिमरी ने बहुत ही मुश्किल किरदार निभाए। यह पूरी स्टार मेरे दिल के बहुत करीब है। उन्होंने फिल्म धड़क 2 से जुड़े हर शख्स को अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धन्यवाद किया है। करण जौहर ने लिखा, 'जब मैं 2003 में फिल्म कल हो ना हो के साथ प्रोड्यूसर बना, तो मेरा एजेंडा साफ था कंपनी बनाओ और पैसा कमाओ। जिससे हम इन हाउस एंटरटेनर्स और मेनस्ट्रीम ऑडियंस के हिसाब से कहानियों को फंड कर सकें। एक फिल्म प्रोड्यूसर के तौर पर मैं क्लीयर था कि हमेशा लोगों को खुश करना है। इससे ही बॉक्स ऑफिस की सफलता मिलेगी। मेरी प्राथमिकता हमेशा से बॉक्स ऑफिस था। अब मैं इस बिजनेस में तीन दशक से हूं, ऐसे में मेरी सोच भी बदली है। मेरा मानना है कि एंटरटेनमेंट जरूरी है लेकिन अपने छोटे-छोटे तरीकों से सोशल चेंज लाने की कोशिश भी जरूरी है। जिससे दर्शकों की सामूहिक चेतना जागे।

# सुष्मिता ने शीना की दमदार शुरुआत की तारीफ की


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने संत तुकाराम में शीना चौहान की दमदार शुरुआत की तारीफ़ की है। सुष्मिता सेन, जिन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में शीना चौहान को मेंटर किया था, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर उनकी पहली हिन्दी फिल्म संत तुकाराम के लिए उनकी तारीफ़ की। एक भावुक पोस्ट में, सुष्मिता ने शीना के काम की सराहना की और लिखा, शीना एक शानदार अदाकारा और एक असाधारण इंसान हैं, मुझे आप पर बहुत गर्व है। सुष्मिता सेन ने लिखा, आपकी हमेशा कृतज्ञता और शालीनता दिखाने की क्षमता मुझे आपकी मेंटर होने का सौभाग्य पाकर बहुत गर्वित करती है। हमेशा अपने सफ़र को मेरे साथ साझा करने के लिए धन्यवाद, मैंने भले ही कोई प्रतिक्रिया न दी हो, लेकिन मैंने यह सब बड़े गर्व और खुशी के साथ देखा है। मुझे पता है कि आप लगातार आगे बढ़ती रहेंगी। हर सफलता ईमानदारी से अर्जित और पूरी तरह से हक़दार है। ट्रेलर बहुत पसंद आया, आपको और देखना चाहती थी। मैंने अपना गर्व साझा किया है। मैं आपसे प्यार करती हूं। इस संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, शीना ने कहा कि मुझे याद है जब मैं पहली बार मुंबई आई थी और सुष्मिता सेन से मिली थी। एक सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए मैंने उनसे प्रशिक्षण लिया और एक महीने से ज़्डादा समय तक उनके साथ रही।

# यूजर की सर्जरी की सलाह पर मौनी राय का करारा जवाब



**मुंबई।** एक्ट्रेस मौनी राय को अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। लेकिन शुक्रवार को उन्होंने अपनी शक्ल-सूरत पर किए गए एक कमेंट का यूजर को करारा जवाब दिया और कहा कि जिंदगी में नफरत की जगह प्यार बांटे। दरअसल, मौनी राय ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरों शेयर कीं, जिसे कुछ लोगों ने पसंद किया तो कुछ ने एक्ट्रेस को फिर से ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, सच कड़वा होता है। चाहे आप कोई भी हों, उसे निगलना ही पड़ता है। आपकी सर्जरी ने आपको बहुत खराब स्थिति में ला दिया है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए जो भी अच्छा-बुरा इसके साथ आता है, उसे स्वीकार करना ही पड़ेगा। आपको कोई बेहतर सर्जन चुनना चाहिए था। मौनी ने भी उस यूजर्स के कमेंट का करारा जवाब देते हुए लिखा, अपनी जिंदगी में कुछ अच्छा और काम का कीजिए। सोशल मीडिया पर प्यार बांटने और अपने काम की बात करने के लिए आइए। वरना इसका कोई फायदा नहीं है। जिसे समझना है, वो खुद समझ जाएगा। वहीं, एक्ट्रेस के जवाब के बाद यूजर ने अपना कमेंट डिलीट कर दिया। हालांकि, तब तक उस कमेंट और मौनी के जवाब का एक स्क्रीनशाट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर रिएक्ट करते हुए फैंस मौनी की तारीफ कर रहे हैं। मौनी राय हाल ही में जियो हाटस्टार के शो सलाकार में नजर आई हैं। इसमें उन्होंने पाकिस्तान में काम करने वाली एक भारतीय जासूस का किरदार निभाया है।

# सान्या मल्होत्रा का मेंस राइट्स ग्रुप को करारा जवाब



**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा हाल में फिल्म मिसेज में नजर आई थीं। इस फिल्म में एक घरेलू महिला की कहानी दिखाई गई थी, जो अपने अधिकारों के लिए लड़ती है। मिसेज के रिलीज के बाद इसे लेकर लोग दो ग्रुप में बंटे दिखे थे।

जहां महिलाएं इस फिल्म को पसंद कर रही थीं, वहां कई पुरुष संगठनों ने इसकी आलोचना की थी। मेंस राइट्स आर्गेनाइजेशन सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन ने फिल्म पर एक तरफा फेमिनिन नैरेटिव दिखाने का आरोप लगाता हुए, इसे टाक्सिक बताया था। हाल ही में सान्या ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है।

सीएनएन-न्यूज 18 शी शक्ति 2025 के एक सेशन के दौरान सान्या ने कहा कि लोग फिल्म की आलोचना करते रहे, क्योंकि इसमें कुछ घरों में महिलाओं की स्थिति की वास्तविकता को दिखाया गया है, जहां उन्हें काम करने की भी अनुमति नहीं है। सान्या की फिल्म मिसेज मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचेन की रीमेक थी। सान्या ने कहा, समस्या यह नहीं है कि खाना नहीं बनना चाहती है। वो खाना बना रही थी। वो तो थाली में सजा के भी दे रही है, परिवार के जीरो एप्रिसिएशन के बावजूद।

## काजोल की वेबसीरीज द ट्रायल: प्यार, कानून, धोखा सीज़न 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की आने वाली वेब सीरीज़ द ट्रायल: प्यार, क़ानून, धोखा सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है।

शो में नोयोनिका सेनगुप्ता के रूप में काजोल की वापसी पहले से भी ज्यादा दमदार, गहन और भावनाओं से भरी नज़र आ रही है। उमेश बिष्ट के निर्देशन और बनिजय एशिया के निर्माण में बना यह शो 19 सितम्बर 2025 से जियोहॉटस्टार पर विशेष तौर पर स्ट्रीम होगा। काजोल के साथ इस सीरीज़ में कलाकारों की एक मज़बूत टीम भी नज़र आने वाली है जिसमें जिशु सेन गुप्ता, सोनाली कुलकर्णी, शीबा चड्ढा, अली खान, कुब्रा सैत, गौरव पांडे और करणवीर शर्मा शामिल हैं। काजोल ने अपने किरदार नोयोनिका सेनगुप्ता की वापसी को लेकर कहा, ट्रेलर तो उस भावनात्मक तूफ़ान की बस एक झलक है, जिसमें नोयोनिका उतरने वाली है।

## उफ, ये लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे : आशी सिंह

**मुंबई।** अभिनेती आशी सिंह का कहना है कि सोनी सब के शो उफ यह लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे। सोनी सब का लोकप्रिय शो उफ ये लव है मुश्किल अपने उतार-चढ़ाव भरे जज्बाती सफ़र, ड्रामा और युग (शब्बीर आहलूवालिया) एवं कैरी के पेचीदा रिश्ते से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि कैरी ने भाइयों का झगड़ा सुलझाया, जिसके बाद सभी ने हर साल की तरह युग के साथ राखी का त्योहार मनाया। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक देखेंगे कि युग और कैरी, आन्या की मां शालिनी को शौर्य और आन्या की शादी के लिए राज़ी करने की कोशिश करते हैं।

**बिकाऊ है।**
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलैक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...

:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®

आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....

क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं

(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108